सुप्रभात
रांची, सोमवार
06.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 232



12 जीवंत लोकतंत्र का मूलभूत आधार है न्यायपालिका : जस्टिस कोहली

**B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR**
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### धनबाद में चप्पल गोदाम में आग, लाखों की क्षति

**धनबाद।** छाताबाद फुटबॉल मैदान के पास चप्पल गोदाम में रविवार की दोपहर लगी भीषण आग से लाखों की क्षति हो गयी। होली और शब-ए-बारात पर नियाज अहमद ने सामान मंगवाया था लेकिन सब कुछ राख हो गया। तीन तल्ले तक आग की लपटें नजर आ रही है। गोदाम संचालक ने बताया कि करीब 20 लाख से अधिक की क्षति हुई है।

### गोला में ऑटो पलटने से भाई-बहन की मौत

**रामगढ़।** गोला- मुरी मार्ग के हारुबेड़ा के समीप सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत हो गयी। कई लोग घायल हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रक ने एक ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया। भाई-बहन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान सीमना लोहार (17 वर्ष) बहन चांद लोहार (पांच) पिता अमृत लोहार के रूप में हुई। सभी नावाडीह सुईसा पश्चिम बंगाल निवासी बताये जाते हैं। सभी मजदूर होली में घर जा रहे थे।

### आदिवासी और जैन समाज एक दूसरे के पूरक: संत

**रांची।** अंतर्मना आचार्य 108 श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा कि पारसनाथ श्री सम्मेद शिखरजी आस्था का तीर्थ क्षेत्र है। आदिवासी और जैन समुदाय की इस पर गहरी आस्था है। शिखर जी का महत्व जितना जैन समुदाय के लिए है उतना ही आदिवासी समुदाय का है। भगवान पारसनाथ किसी जाति विशेष के नहीं बल्कि आदिवासी समाज के भी हैं। आदिवासी और जैन समाज एक दूसरे के पूरक हैं और एक दूसरे के बिना अधूरे हैं।

### जंगली फल खाने से 24 बच्चे बीमार

**चतरा।** सूबे के चतरा जिले में स्थित नक्सल प्रभावित जमरी पंचायत में आने वाले पकरी गांव में जंगली फल खाने से 24 बच्चे बीमार हो गये। सभी बीमार बच्चों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। बच्चों का हालचाल जानने सांसद सुनील कुमार सिंह रविवार को अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने बीमार बच्चों का हालचाल जाना। साथ ही उनके परिजनों से मुलाकात की। इसके साथ ही सिंह ने सिविल सर्जन से बीमार बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 52,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 68,000 रु./प्रति किलो |

## होलियाना मूड में रांची




# केंद्र के अन्याय के खिलाफ अब संयुक्त आंदोलन जरूरी : हेमंत

## 9 नेताओं ने मोदी को लिखी चिट्ठी, केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग रोकें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के प्रस्तावित जन-आंदोलन का झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने खुल कर समर्थन किया है। रविवार को सीएम श्री सोरेन ने कहा कि केंद्र की सत्ता में बैठे लोगों के द्वारा जो अन्याय किया जा रहा है, उसका विरोध जरूरी है। केंद्र की दमनकारी नीति के खिलाफ अब सामूहिक आंदोलन का समय आ गया है। सामूहिक आंदोलन इसलिए भी जरूरी है कि देश की लोकतांत्रिक अखंडता को बचाया जा सके। सीएम ने कहा, यह एक लंबी लड़ाई होगी। उन्होंने सभी वकीलों से भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। वही देश के 9 प्रमुख नेताओं ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर केंद्रीय एजेंसियों के दरुपयोग का आरोप लगाया और इसे रोकने की मांग की। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सिब्बल प्रस्तावित जन-आंदोलन केंद्र सरकार और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के खिलाफ किया जाना है। उन्होंने शनिवार को एक गैर-चुनावी राजनीतिक मंच शुरू किया था। उन्होंने सभी विपक्षी मुख्यमंत्रियों और नेताओं से इस प्रस्तावित जन-आंदोलन के लिए समर्थन भी मांगा था। (शेष पेज 11 पर)

### भाजपा का विपक्ष पर पलटवार

भाजपा ने कहा कि आरोप लगाने वाली वहीं पार्टियां हैं, जिन्होंने संवैधानिक पदों पर बैठकर भ्रष्टाचार को अपना अधिकार मान लिया। आज उस अधिकार से उपजा हुआ अहंकार इस सीमा तक पहुंच गया है कि वो जांच से भी इनकार कर रहे हैं। दुखद है कि जांच एजेंसियों और देश की व्यवस्थाओं को धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज हम उस पार्टी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से निपट रहे हैं, जिसने भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से अपनी यात्रा शुरू की थी। उन्हें लगता है कि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच से बचना उनका अधिकार है।

# अरुण एक्का पर केस दर्ज कर जांच करायें सीएम : बाबूलाल

## इडी अभियुक्त के घर जाकर फाइल निपटाने का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



➲ राज्यपाल को शीघ्र सौंपेंगे ज्ञापन, सीबीआइ जांच की करेंगे मांग

**रांची।** सीएम के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का पर विरोधी दल भाजपा ने कई गंभीर आरोप लगाया है। एक्का पर आईएएस पूजा सिंघल प्रकरण के बाद इडी की गिरफ्त में आये विशाल चौधरी के घर जाकर फाइलें निपटाने का आरोप लगाया जा रहा है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक वीडियो क्लिप जारी किया है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सीएम के प्रधान सचिव, इडी के अभियुक्त विशाल चौधरी के घर पर फाइलें निपटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इसे लेकर राज्यपाल से मिलेगी और मामले की सीबीआइ जांच करने की मांग करेगी। भाजपा इडी के अधिकारियों को भी सारे साक्ष्य सौंपेगी। बाबूलाल मरांडी ने सीएम से मांग की है कि अविलंब राजीव अरुण एक्का को पद से हटाये और उन पर एफआइआर करायें। (शेष पेज 11 पर)

### होम से हटा कर पंचायती राज विभाग भेजे गये राजीव अरुण एक्का

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत राजीव अरुण एक्का पर लगे कथित आरोपों के बाद उनका तबादला कर दिया गया है। होम और आईपीआरडी से हटाते हुए उन्हें पंचायती राज विभाग में प्रधान सचिव नियुक्त किया गया। इस बाबत झारखंड कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। भाजपा ने राजीव अरुण एक्का पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की थी। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने श्री एक्का और विशाल चौधरी के साथ लेनदेन का बीडीओ क्लिप जारी किया था। राज्य सरकार की तरफ से अभी तक यह नहीं बताया गया है कि गृह विभाग और सीएम के प्रधान सचिव कौन होंगे। अधिसूचना जारी होने तक गृह विभाग और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव का पद खाली रहेगा।

# 60 साल बाद अब अनुकंपा पर राशन दुकान नहीं

## सरकार खत्म करेगी अनुवांशिक व्यवस्था, बना रही नियम

**सुधीर**

**रांची।** सरकार अब, 60 वर्ष के बाद जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के डीलरों की मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को लाइसेंस नहीं देगी। उनके आश्रितों को अनुकंपा पर लाईसेंस देने के मामले में सरकार नये सिरे से विचार करेगी। इसके लिए विभागीय स्तर पर नये नियम बनाये जा रहे हैं। हालांकि अब तक सरकार के स्तर पर किसी भी उम्र के पीडीएस डीलरों की मृत्यु होने के बाद उनके आश्रितों को लाईसेंस दिया जाता रहा है। परंतु सरकार ने अनुवांशिक व्यवस्था को समाप्त करने के ख्याल से अनकंपा के आधार पर लाईसेंसे देने के मामले में नये सिरे से विचार कर रही है।

**18 साल से ऊपर वालों को लाइसेंस :** रामेश्वर उरांव ने कहा कि नियम यह है कि 18 साल से ऊपर वालों को लाइसेंस दिया जाता है। वो कबतक काम करेंगे, इसकी कोई उम्र सीमा नहीं है। जबतक सक्षम रहते हैं, काम करते हैं। (शेष पेज 11 पर)

### विधानसभा में मंत्री ने दी थी जानकारी



वित्त एवं खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव ने भी सदन में इसकी जानकारी दी थी। विधायक रामदास सोरेन के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि सरकार इस पर विचार कर रही है। जल्द ही नये नियम बनाये जायेंगे। हालांकि उन्होंने कहा था कि यह अनुवांशिक व्यवस्था हो जाएगी, जो ठीक नहीं है। राज्य सरकार कॉमन सर्विस सेंटर और सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिये इसे आगे बढाने पर काम कर रही है।

# पाक के पूर्व पीएम इमरान लापता पुलिस गयी थी गिरफ्तार करने

**एजेंसी**

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुसीबतें कहीं से भी कम नहीं हो रही है। तोशाखाना मामले में पुलिस उनके घर उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची, लेकिन इमरान अपने कमरे में नहीं मिले। पुलिस ने घर में काफी खोजबीन की पर इमरान कहां है इसकी सुराग पुलिस को नहीं मिली, यानी गिरफ्तारी से पहले ही इमरान फरार हो गये हैं। वे अपने घर से गायब मिले। वहीं, उनके घर के बाहर पीटीआई समर्थक भारी संख्या में मौजूद हैं। पुलिस के साथ उनकी जम कर झड़प भी हुई। समर्थकों का कहना है कि किसी कीमत पर अपने नेता को वे गिरफ्तार नहीं होने देंगे। (शेष पेज 11 पर)



### देश के हालात और बिगड़ेंगे

वहीं पाकिस्तान तहरीक ए इस्लाम के नेता फवाद चौधरी ने कहा कि अगर पुलिस इमरान खान को गिरफ्तार करती है तो देश की हालत और बिगड़ेगी। उन्होंने कहा की इमरान की गिरफ्तारी हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने इमरान पर कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान की सरकार पर निशाना साधा है। फवाद चौधरी ने कहा कि मैं इस अक्षम और पाकिस्तान विरोधी सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि पाकिस्तान को और संकट में न डालें और समझदारी से काम लें। इमरान को गिरफ्तार करने के बाद देश की अमन और शांति से बाधा पहुंचेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इमरान की गिरफ्तारी से देश में उपद्रव हो सकता है।

# चुटकी बजाते ही दुश्मनों का सफाया कर देगा ब्रह्मोस

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने आज अरब सागर में ब्रह्मोस सुपरसोनिक प्रक्षेपास्त्र के पोत से प्रक्षेपित किये जाने वाले संस्करण का सफल परीक्षण किया। ब्रह्मोस सुपरसोनिक प्रक्षेपास्त्र चुटकी बजाते ही दुश्मनों का सफाया करने में सक्षम होगा। अधिकारियों ने बताया कि- जिस प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण किया गया उसमें स्वदेशी सीकर एंड बूस्टर लगे हैं। आत्मनिर्भर भारत प्रोग्राम के तहत नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रशिक्षण किया है। इस मिसाइल के बूस्टर को डीआरडीओ ने डिजाइन किया है। इसका सफल प्रशिक्षण कोलकाता के घातक युद्पोत से किया गया। लॉन्च किये जाने के बाद इस मिसाइल ने अरब महासागर में अपने निर्धारित टारगेट पर सफल निशाना लगाया है। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा, भारतीय नौसेना ने डीआरडीओ द्वारा डिजाइन किये गये स्वदेशी सीकर और बूस्टर के साथ पोत से प्रक्षेपित ब्रह्मोस प्रक्षेपास्त्र ने अरब सागर में स्थित लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया।









## मंत्री बोले- मजदूरों के लिए हेमंत सरकार गंभीर

# तमिलनाडु से वापस लौटे कई मजदूर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** तमिलनाडु में बिहार-झारखंड के मजदूरों के साथ हो रही मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद बिहार के साथ-साथ झारखंड के भी मजदूर लगातार अपने राज्य वापस लौट रहे हैं। रविवार की सुबह भी कई मजदूर रांची स्टेशन पहुंचे। मजदूरों के वापस लौटने का सिलसिला जारी है। मजदूर डरे-सहमे हुए हैं और वह अपने घर और राज्य वापस आने को निकल रहे हैं। वहीं मजदूरों की सुरक्षा को लेकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार अपने मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। उन्होंने सभी तरह मदद का भरोसा दिया है।



**क्या कह रहे मजदूर**

वापस आये मजदूरों ने कहा कि जिस तरह से वीडियो वायरल हुआ है, ऐसे में मजदूरों का डरना लाजमी है लेकिन तमिलनाडु की सरकार सभी मजदूरों को आश्वस्त कर रही है कि डरने की जरूरत नहीं है। रविवार की सुबह ट्रेन से उतरे मजदूरों ने कहा कि जब तक झारखंड और बिहार की सरकार अपने स्तर से प्रयास नहीं करेगी तब तक मजदूरों का डरना लाजमी है।

### झारखंड सरकार मजदूरों के साथ

मजदूरों की सुरक्षा को लेकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार अपने मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। जैसे ही मजदूरों को तंग करने का वीडियो सरकार के सामने आया सरकार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए डीआइजी के नेतृत्व में एक टीम तमिलनाडु भेजी है। जो भी झारखंडवासी और श्रमिक राज्य के बाहर रहकर जीवन यापन कर रहे हैं, सरकार उनके साथ है। श्री ठाकुर ने कहा कि कोरोना काल में जिस तरह से राज्य सरकार ने झारखंड के बाहर काम करने वाले मजदूरों को सबसे पहले विमान और बस भेज कर अपने राज्य वापस लाने का काम किया था, उसी प्रकार तमिलनाडु में भी यदि मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार हो रहे हैं, उनकी सुरक्षा के लिए हमारी टीम पूरी तरह से तैयार है। अपने मजदूरों की सुरक्षा के लिए सरकार तमिलनाडु सरकार से भी बात कर रही है। हालांकि तमिलनाडु की सरकार की तरफ से टोल फ्री नंबर भी जारी किये गये हैं और हिंदी भाषी लोगों से अपील की जा रही है कि किन्ही को डरने की जरूरत नहीं है। यदि किसी भी हिंदी भाषी लोगों को कोई असामाजिक तत्व डराता है तो तुरंत टॉल फ्री नंबर पर सपर्क करें।

### रामगढ़ उपचुनाव में हार से उबरते हुए एक्टिव मोड में कांग्रेस, 13 मार्च को राजभवन घेराव

# अडाणी प्रकरण पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदेश के सभी प्रखंडों पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो की मिली हार से उबरते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस मिशन 2024 को लेकर एकबार फिर एक्टिव मोड में आ गयी है। राज्य की जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए होली से पूर्व प्रदेश कांग्रेस अडाणी प्रकरण को लेकर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूक दिया है। प्रदेश संगठन से जुड़े कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्त्ता सोमवार को झारखंड के सभी प्रखंड मुख्यालयों में एलआईसी और एसबीआई की शाखाओं के बाहर प्रदर्शन करेंगे, साथ ही 13 मार्च को राजभवन का घेराव भी करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी की दोस्ती की वजह से राज्य और देश के लाखों निवेशकों को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सर्वोच्च न्यायालय ने अडानी-हिंडनबर्ग को लेकर जांच कमेटी बनाई है, उसके बाद यह साफ हो गया है कि विपक्ष जिस जेपीसी के गठन की मांग संसद में करता रहा है, वह बिल्कुल सही था। केंद्र सरकार जैसा चाहती थी सर्वोच्च न्यायालय ने वैसी जांच कमिटी गठित कर दी है।

संवाददाता सम्मेलन प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश महासचिव बिनय सिन्हा दीपू, अमुल्य नीरज खलखो, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, डॉ. एम. तौसीफ, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा मौजूद थे।

प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि अडानी समूह के शेयरों में निरंतर बिकवाली के कारण 31 दिसंबर 2022 से समूह में एलआईसी के शेयरों के मूल्य में आश्चर्यजनक रूप से 52000 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। इनका मूल्य अब मात्र 32000 करोड़ रुपये रह गया है और एलआईसी तथा इसके करोड़ों पॉलिसीधारकों द्वारा कमाया गया सारा लाभ जो अब हम सभी जानते हैं कि स्टॉक मार्केट में हेरफेर और मनी लॉन्ड्रिंग के कारण हुआ था। उस सारे लाभ का सफाया हो गया है और एलआईसी को एक बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। जनहित में कांग्रेस इस आंदोलन को जारी रखेगी।

### चुनाव में हार-जीत लगा रहता है : राजेश ठाकुर

रामगढ़ उपचुनाव में हार लेकर कांग्रेस के अंदर से नेतृत्व के खिलाफ उठ रही आवाज को बेहद हल्के ढंग से लेते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि होली का माहौल है ऐसे में बुरा न मानो होली है में वह विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि ये हमारे त्योहार हैं, इसे मनाएंगे ही। हार और जीत चुनाव में लगी रहती है, उससे त्योहार की खुशियों को जोड़ कर नहीं देखा जा सकता। धनबाद में होली मनाने को ले कर कुछ कांग्रेसियों द्वारा आवाज उठाने पर राजेश ठाकुर ने कहा कि इस पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। पहले से निर्धारित होली मिलन समारोह में वह गए थे तो हार के 48 घंटे बाद विधानसभा में भी तो लोगों ने होली मनायी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी गंभीरता के साथ रामगढ़ उपचुनाव लड़ी है। हार को लेकर जल्द ही समीक्षा बैठक की जाएगी।

### अदालत के फैसले पर विचार-विमर्श कर तीनों निलंबित विधायक के मामले पर लेंगे निर्णय

कैश कांड में निलंबित कांग्रेस के तीनों विधायकों (नमन विक्सल कोंगारी, राजेश कच्छप, इरफान अंसारी) के खिलाफ जीरो एफआईआर उच्च न्यायालय द्वारा रद्द कर दिए जाने पर राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी विधायक दल के नेता और अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने रामगढ़ की हार को स्वीकार करते हुए कहा कि इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सही है कि रामगढ़ में हम हारे हैं, लेकिन देश के कई राज्यों में उपचुनाव हम जीते भी हैं। जनता महंगाई सहित कई मुद्दों पर कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद जागरूक हो रही है।

# राज्य के करीब 3700 पारा शिक्षकों का कटौती के साथ मिलेगा मानदेय

### झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने जारी किया निर्देश

**सर्टिफिकेट जांच नहीं कराने वाले पारा शिक्षकों का कटौती के साथ होगा मानदेय भुगतान**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के वैसे पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) जिनका सर्टिफिकेट जांच नहीं किया गया है, उनका जनवरी 2022 से हुई मानदेय बढ़ोतरी को घटाकर कर भुगतान किया जाएगा। यह आदेश झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद निदेशक किरण कुमारी पासी ने जारी किया है। सर्टिफिकेट जांच नहीं कराने वाले पारा शिक्षकों की संख्या 3700 के करीब है। जारी आदेश में कहा गया है कि पारा शिक्षकों की जांच पूरी होने और नियुक्ति प्राधिकार की ओर से अनुशंसा के बाद सभी को बढ़े हुए मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

**प्राथमिक और उच्च प्राथमिक पारा शिक्षकों को जो मिलेगा मानदेय**

सरकारी आदेश के तहत सर्टिफिकेट जांच नहीं कराने वाले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक पारा शिक्षकों को जनवरी-2023 के प्रभाव से मानदेय भुगतान किया जाएगा। प्राथमिक स्कूलों में टेट पास पारा शिक्षकों को 14,000 और जो केवल प्रशिक्षित हैं उन्हें 12,000 का मानदेय भुगतान होगा। उच्च प्राथमिक में टेट पास पारा शिक्षक को 15,000 और केवल प्रशिक्षित को 13,000 रुपए का मानदेय दिया जाएगा।

**जनवरी 2022 से मानदेय में की गयी है बढ़ोतरी**

बताते चलें कि जनवरी 2022 से पारा शिक्षकों के मानदेय में 4800 रुपये से 7500 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई थी। राज्य में सहायक अध्यापकों की संख्या 61,500 है। इसमें से करीब 14000 टेट प्रशिक्षित है, वहीं, करीब 47,500 पारा शिक्षक केवल प्रशिक्षित है। प्रशिक्षितों के मानदेय में 10 प्रतिशत (1200 से 1300 रुपये) की वृद्धि की जानी है। हालांकि यह वृद्धि आकलन परीक्षा में पास होने के बाद होगी। इसके लिए सभी अध्यापकों के सर्टिफिकेट की जांच चल रही है। अभी भी 3700 पारा शिक्षकों के सर्टिफिकेट की जांच की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है।

## हजारीबाग में ब्लैक स्पॉट पर होगी क्यूआर कोड पेट्रोलिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए हजारीबाग में ब्लैक स्पॉट पर क्यूआर कोड पेट्रोलिंग की शुरूआत की गई है। जिले के बरही, चरही ओर चौपारण थाना क्षेत्र के आधा दर्जन ब्लैक स्पॉट पर इसकी शुरूआत की गई है। झारखंड पुलिस द्वारा विकसित ई-बीट प्रणाली के तहत सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों पर एवं पूर्व से चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर क्यूआर कोड पेट्रोलिंग का प्रारंभ हजारीबाग पुलिस द्वारा किया गया। हजारीबाग एसपी मनोज रतन चोथे के निर्देश पर सड़क पर जान-माल की हानी रोकने के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य उपायों पर भी अमल किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत ब्लैक स्पॉट पर रेडियम लगे बैरेल्स एवं लोहे के बरिकैड्स लगाए गए हैं। इससे दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में वाहनों की गति कम होगी तथा दुर्घटना से लोगों को बचाया जा सके। विभिन्न जगहों पर दिशा निर्देश के साइन बोर्ड लगाए गए हैं।

## होली को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट, राज्य में 5000 अतिरिक्त सुरक्षा बलों की हुई तैनाती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** होली के त्योहार को लेकर पुलिस मुख्यालय के आदेश पर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है। इस दौरान राज्य में विधि-व्यवस्था बनाये रखने की झारखंड पुलिस-प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। थाना और इससे ऊपर के सभी स्तर पर शांति समितियों की बैठकें हो रही हैं और सभी समुदाय के लोगों से आपसी सौहार्द्र के साथ त्योहार मनाने का आग्रह किया जा रहा है।

राज्य में 5 मार्च से 9 मार्च तक करीब 5000 अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती गई है। इनमें करीब 4 हजार जवान लाठी वाले हैं। इसके अलावा रैपिड एक्शन पुलिस को भी तैनात किया जाएगा। वहीं संवेदनशील क्षेत्रों वाले विभिन्न जिलों में टीयर गैस के वाहनों को भी तैनात किया जायेगा।

### केवल राजधानी रांची में 2000 जवान तैनात



झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी 24 जिले में 5 मार्च से लेकर 9 मार्च तक 5000 अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। जिनमें रांची में 2000 जवान, जमशेदपुर में आरपीए की दो कंपनी, आंसू गैस दस्ता और 25 लाठी बल और टीजी एक यूनिट, धनबाद में 700 जवान, हजारीबाग में आरएपी 6 और 25 लाठी बल, गिरिडीह में 600 लाठी बल और आरएपी 6 कंपनी, बोकारो में 250 जवान, चतरा में 340 जवान, पलामू में 300 जवान, गोड्डा में 100 जवान, साहिबगंज में 175 जवान, देवघर में 150 जवान, दुमका में 150 जवान, जामताड़ा में 100 जवान, लोहरदगा में 250 जवान, कोडरमा में 200 जवान, खूंटी में 100 जवान, चाईबासा में 100 जवान, गढ़वा में 100 जवान, सिमडेगा में 100 जवान, गुमला में 100 जवान, लातेहार में 100 जवान, सरायकेला में 100 जवान, पाकुड़ में 100 जवान और रामगढ़ में 100 जवान की तैनाती की गई है।

### संवेदनशील जिले, जहां रहती है सौहार्द्र बिगड़ने की आशंका

राज्य में हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, रांची, जमशेदपुर और देवघर आदि जिले को सांप्रदायिक सौहार्द की दृष्टि से अति संवेदनशील बताया गया है। यहां कुछ असामाजिक तत्व सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश करते रहे हैं। झारखंड पुलिस ने इस बार ऐसे असामाजिक तत्वों को पहले ही चिह्नित कर लिया है, जिन्हें यह चेतावनी भी दी गई है कि जहां भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश होगी, वहां ऐसे तत्वों को पुलिस छोड़ेगी नहीं।

**पलामू के शिवराम ने डीजीपी से लगायी गुहार, कहा**

### पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने लूट ली है मेरी जमीन, हमें वापस दिला दें

**रांची।** विश्रामपुर, पलामू के शिवराम (पिता- स्व विगन राम) ने राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह से जमीन वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पूर्व मंत्री और विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से अपनी जान को खतरा बताते उसके कब्जे से अपनी 0.87 एकड़ जमीन वापस दिलाने का भी आग्रह किया है। इस संबंध में डीजीपी के अलावा एसपी रांची और एसपी पलामू को भी चिठ्ठी लिखी है। इसमें कहा है कि उनकी विश्रामपुर मौजा में पारिवारिक जमीन (0.87 एकड़) के मामले में ईश्वर सागर चंद्रवंशी (पिता- रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री) के खिलाफ राजस्व परिषद, रांची में एक वाद दायर किया था। 18-04-2016 को दोपहर 3 बजे इसकी सुनवाई के लिए उन्हें उपस्थित होना था। पर इसी दिन उन्हें हथियार के बल पर जबरन पूर्व मंत्री के डोरंडा स्थित सरकारी आवास पर ले जाया गया। सादे कागज पर जबरन अंगूठा लगवाया गया। इस तरह मंत्री के प्रभाव और हथियार के बल पर उनकी जमीन लूट ली गई। साथ ही राजस्व परिषद में दायर वाद को समाप्त करा दिया गया। डर के कारण वे आज तक राजस्व पर्षद से नकल तक नहीं निकलवा सके। वर्तमान सरकार पर उन्हें भरोसा है। मेरा 0.87 एकड़ रामचंद्र चंद्रवंशी से दिलाने में उनकी मदद की जाये।

# सोची-समझी रणनीति के तहत हारा गया रामगढ़ उपचुनाव : कांग्रेस नेता

### निलंबित नेताओं ने आलाकमान से राजेश ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष पद से बर्खास्त करने की मांग की

**रामगढ़ उपचुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद अब पार्टी के अंदर और बाहर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ विरोध के स्वर**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद अब पार्टी के अंदर और बाहर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ विरोध के स्वर उठने लगे हैं। प्रदेश अनुशासन समिति के सदस्य शमशेर आलम के बाद अब पार्टी से निलंबित चल रहे आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भी पार्टी आलाकमान से राजेश ठाकुर को बर्खास्त करने की मांग की है। इनका कहना है कि एक दिन भी बिना देरी किए राजेश ठाकुर को आलाकमान बर्खास्त करे। क्योंकि नैतिकता तो प्रदेश अध्यक्ष में है ही नहीं।

मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए आलोक दुबे ने कहा, रामगढ़ का उपचुनाव संघर्ष, बलिदान और भावनाओं का चुनाव था लेकिन जानबूझकर, सोची-समझी रणनीति के तहत यह उपचुनाव हारा गया। उपचुनाव में जीत कैसे होगी, इसकी कोई रणनीति और ब्लूप्रिंट तैयार नहीं थी।

आलोक कुमार दूबे ने कहा रामगढ़ का उपचुनाव को लेकर राजेश ठाकुर एवं उनके अपरिपक्व साथियों ने पहले दिन से ही हार स्वीकार कर ली थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को हेमन्त सोरेन को धन्यवाद देना चाहिए जिनके चार दिनों के अथक प्रयासों की वजह से हम सम्मानजनक स्थिति में रहे वरना हमारी जमानत जब्त होने से कोई नहीं रोक सकता था। हेमन्त सोरेन के प्रचार में उतरते ही माहौल बदला वरना चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष तो क्लब में बैठकर मंथन कर रहे थे। चुनाव में किस नेता की कहां जरुरत है, विजय कैसे होगी इसकी कोई रणनीति, ब्लूप्रिंट तैयार नहीं था। चुनाव प्रचार के दौरान अगर कोई राय देता था या सवाल पूछता था या फोन करता था तो व्यंग्यात्मक जवाब देते थे कि मैं चुनाव हार भी जाऊंगा तो भी मैं ही अध्यक्ष रहूंगा।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा रामगढ़ का उपचुनाव पार्टी के लिए अलार्मिंग है। 2024 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का सपना और चुनौती हम झारखंड से वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के रहते पूरा नहीं कर सकते हैं। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के चेहरे को जनता स्वीकार करने को तैयार नहीं है, यही बात हम प्रारंभ से कह रहे थे। रामगढ़ उपचुनाव में वित्तीय प्रबंधन के आरोप भी लगे हैं तो वहीं उपयोगी नेताओं को चुनाव से दूर रखा गया। हेमंत सोरेन की वजह से एवं ममता देवी की सहानुभूति के वजह से अपेक्षाकृत सफलता मिली, वरना हम वहां पर और बुरे स्थिति में होते।

उन्होंने कहा होली के बाद कांग्रेस के सभी नेता दिल्ली कूच करेंगे और राष्ट्रीय नेतृत्व से बर्खास्तगी की मांग करेंगे। बता दें कि प्रदेश कांग्रेस के नेता और अनुशासन समिति के सदस्य शमशेर आलम ने भी उपचुनाव में हार के लिए राजेश ठाकुर को जिम्मेदार बता कर पद छोड़ने की बात की है। शमशेर आलम का आरोप है कि कुप्रबंधन के कारण रामगढ़ उपचुनाव में हार हुई है।

इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के रमेश उरांव, सरायकेला खरसावां से प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुखिया, पंचायत समिति सदस्य होनी सिंह मुण्डा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना मौजूद थे।

## डीएसपी पीके मिश्रा से आज ईडी करेगी पूछताछ, समन भेजा

**रांची।** 24 घंटे के भीतर मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीन चिट देने के मामले में डीएसपी पीके मिश्रा से ईडी आज पूछताछ करेगी। ईडी ने पीके मिश्रा को बीते 28 फरवरी को समन भेजकर 6 मार्च को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था। ईडी के द्वारा समन जारी किए जाने के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में डीएसपी पीके मिश्रा और आईओ सरफुद्दीन खान की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों ही अधिकारियों को ईडी के समक्ष हाजिर होकर अपना बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया। अदालत ने ईडी को भी नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की कोर्ट में प्रमोद मिश्रा और सरफुद्दीन खान की याचिका पर सुनवाई हुई थी।

**ईडी के समन पर पेश नहीं हुए थे पीके मिश्रा** : इससे पहले ईडी ने डीएसपी को 6 दिसंबर 2022 को पहला समन भेजा था और 12 दिसंबर को रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने का आदेश दिया था। लेकिन डीएसपी ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद ईडी ने दूसरा समन भेजकर डीएसपी पीके मिश्रा को 15 दिसंबर 2022 को ईडी ऑफिस में पेश होने को कहा था।

## राज्य भर में डॉक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को पूरे राज्य में चिकित्सकों ने अपनी मांगों के समर्थन में कैंडल मार्च निकाला। इसी क्रम में रिम्स रांची में सैकड़ों की संख्या में डॉक्टर कैंडल मार्च किया। मार्च में डॉक्टर से सम्बंधित सारे संगठन आइएमए, झासा, रिम्स टीचर एसोसिएशन, चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं वीमेन डॉक्टर विंग एवं अन्य संगठनों के सदस्य शामिल थे। पूरे राज्य के चिकित्सक वर्षों से लंबित मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग कर रहे हैं। हाल में हजारीबाग, गढ़वा, राँची, लोहरदगा और धनबाद में चिकित्सकों पर हुए हमले की जांच, सरकारी चिकित्सा सेवा को इमरजेंसी सेवा घोषित करने, बायोमेट्रिक से वेतन को जोड़ने के आदेश से मुक्त रखना एवं धनबाद में डॉ हाजरा दम्पति एवं रिम्स के वरीय चिकित्सक डॉ सौरभ के साथ हुई दुखद घटना में सरकार से मुआवजा एवं प्रावधानों के अंतर्गत उनकी पत्नी को नौकरी देने की मांग की जा रही है।

वहीं 12 मार्च तक चिकित्सकों की मांगे पूरी नहीं होती हैं तो पूरे राज्य में सरकारी, प्राइवेट तथा मेडिकल से सम्बंधित सारी इकाई अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करेंगे। चिकित्सकों ने कहा कि देश के 23 राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है। हरियाणा, उत्तर प्रदेश में 50 बेड के अस्पतालों को क्लिनिकल एस्टेबिलिसमेंट से मुक्त रखा गया है। डॉक्टरों ने झारखंड सरकार से भी अपील है कि उनकी उपरोक्त मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाए।

इस संदर्भ में आइएमए महिला विंग की अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप ने बताया कि 1 दिन का कार्य बहिष्कार पूरे राज्य में सफल रहा। अपर मुख्य सचिव एवं स्वास्थ्य मंत्री की मीटिंग भी हुई।

### एनआईए के रडार पर ईनामी नक्सली, अर्थतंत्र तोड़ने का हो रहा है प्रयास

# झारखंड के 15 दुर्दांत उग्रवादी एनआईए के रडार से बाहर जांच एजेंसी ने जारी की है सूची, जोर-शोर से तलाश जारी

**कुबेर सिंह**

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) के रडार पर झारखंड के 15 दुर्दांत उग्रवादी को गिरफ्तार करने के लिए एजेंसी ने कमर कस ली है। एनआईए ने इस संबंध में एक सूची जारी की है। जारी सूची में टेरर फंडिंग मामले समेत अलग-अलग अनेक वारदातों में शामिल इन नक्सलियों की एनआइए द्वारा तलाश करने के लिए टीम के द्वारा कार्रवाई की जा रही है। एनआइए राज्य में टेरर फंडिग से संबंधित कई मामलों की जांच कर रही है। हाल में एनआइए ने भाकपा माओवादी को फंडिंग करनेवाले संतोष फर्म के 154 बैंक खातों को फ्रीज किया है। एनआइए ने लगभग 20.65 करोड़ को जब्त कर लिया है। भाकपा माओवादी, टीएसपीसी और पीएलएफआइ के फरार कई नक्सली और उग्रवादी पर एनआइए इनाम घोषित कर रखा है।

एनआइए को अब इन फरार नक्सलियों की तलाश है। झारखंड में दशहत का नेटवर्क फैलाने वाले पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप और अनल उर्फ पतिराम मांझी जैसे दुर्दांत नक्सली एनआईए की रडार पर है। हालांकि कई फरार घोषित नक्सली उग्रवादी सक्रिय हैं।



### एनआइए ने बनायी है फरार नक्सलियों की सूची

झारखंड के कई नक्सली एनआईए के नेटवर्क से बाहर हैं, जिसकी तलाश की जा रही है। इन नक्सलियों में प्रयाग मांझी उर्फ विवेक जी उर्फ विवेक दा उर्फ करण दा उर्फ पूच्चू उर्फ लेतरा, लक्षमण कोरम, अनल दा उर्फ तूफान उर्फ पतिराम मांझी उर्फ पतिराम मराण्डी उर्फ रमेश, गुरुवा मुंडा, गोपाल सिंह भोक्ता उर्फ ब्रजेश गंझू, बिरजू गंझू, दिनेश गोप, आक्रमण उर्फ रविद्र गंझू, रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा, अजय महतो उर्फ मोची, चंचल उर्फ निर्भय कृष्णा दा उर्फ सौरभ, शनिचर हेम्ब्रम और नागेश्वर गंझू का नाम शामिल है। इन फरार नक्सली में सेंट्रल कमेटी सदस्य पतिराम मांझी उर्फ अनल और पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप जैसे दुर्दांत पर 25 लाख का इनाम घोषित है। रामदयाल महतो और अजय महतो पर तीन लाख, कृष्णा दा और चंचल पर दो लाख और शनिचर हेंब्रम पर 50 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। टीएसपीसी के ब्रजेश गंझू पर पांच और आक्रमण गंझू पर तीन लाख रुपये का इनाम रखा गया है।

### कोल्हान में नक्सलियों का रणनितिकार है अनल

पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा क्षेत्र में अनल दा उर्फ तूफान उर्फ पतिराम मांझी उर्फ पतिराम मरांडी उर्फ रमेश के नाम से जाना जाता है। भाकपा माओवादी के सेंट्रल कमेटी सदस्य अनल दा पर झारखंड सरकार ने एक करोड़ का इनाम घोषित कर रखा है। जबकि एनआईए ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के झरहाबाले निवासी पतिराम मांझी कोल्हान के इलाके में नक्सलियों का असली रणनीतिकार है।

### कोयल-शंख जोन का कमांडर है छोटू खेरवार

15 लाख का इनामी नक्सली छोटू खेरवार उर्फ सुजीत उर्फ बिरजू सिंह कोयल-शंख जोन का कमांडर है। लतेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के सिकिद गांव निवासी छोटू खेरवार पर 77 मामले दर्ज हैं। बीते फरवरी में लातेहार के बुलबुल जंगल में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में छोटू खेरवार भी शामिल रहा था। एनआईए बुलबुल जंगल में हुए मुठभेड़ मामले की जांच कर रही है। अभियान के दौरान पुलिस भारी मात्रा में हथियार बरामद किया था।

### अंडरग्राउंड पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप नये तेवर में करता है वापसी

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप 2004 से सक्रिय है। खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र के लापा मोरहाटोली के रहने वाले दिनेश गोप को पकड़ने की कोशिश की जाती है लेकिन वह चकमा देकर फरार हो जाता है। राज्य सरकार ने दिनेश गोप पर 25 लाख इनाम घोषित कर रखा है। एनआईए पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। दबिश के बाद कुछ दिनों के लिए अंडरग्राउंड हो जाता है। फिर नए तेवर में दोबारा से वापस आता है। एनआईए और रांची पुलिस के अलावा रांची के सीमावर्ती आधा दर्जन जिलों की पुलिस को दिनेश गोप की तलाश तो है, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाता है। ऐसे में एनआइए और एटीएस की टीम दिनेश गोप को दाबोचने में लगी हुई है।

### झारखंड प्रवासी कंट्रोल रूम का नंबर, व्हाट्सएप नंबर जारी

# राज्य सरकार का अनुरोध : तमिलनाडु में मारपीट संबंधी अफवाहों पर ध्यान न दें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के निर्देश पर विभाग ने तमिलनाडु में काम कर रहे प्रवासी श्रमिकों के शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां की स्थिति की जानकारी लेने को झारखण्ड पुलिस और श्रम विभाग के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल को तमिलनाडु भेजा गया है। प्रतिनिधिमंडल ने दौरा कर तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों और करीब 700-800 प्रवासी श्रमिकों से बातचीत कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। विभागीय आदेशानुसार अन्य श्रमिकों की स्थिति का जायजा लेने के लिए जांच दल चेन्नई से कोयम्बटूर रवाना हुई है।

झारखंड सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्ड राज्य के विभिन्न प्रवासी श्रमिक समूहों से मुलाकात की तथा उन कार्यस्थलों का भी दौरा किया जहां से झारखण्ड के राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को प्रवासी श्रमिकों द्वारा संपर्क किया जा रहा था। प्रवासी श्रमिकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए उन्हें, तमिलनाडु एवं झारखण्ड सरकार द्वारा हेल्पलाइन नंबर का संपर्क भी दिया जा रहा है। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष, रांची लगातार प्रवासी श्रमिकों के संपर्क में है। श्रमिकों का काउंसलिंग भी की जा रही है एवं श्रमिकों की सूची बनाई जा रही है। सरकार की ओर से कहा गया है कि तमिलनाडु में मारपीट से संबंधित आ रहे अफवाहों से न घबराएं। यदि संदेह व समस्याएं हो, तो राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष, रांची, झारखंड कॉल कर संपर्क करें।

**नंबरों की सूची इस प्रकार है :**

झारखंड प्रवासी कंट्रोल रूम का नंबर, व्हाट्सएप नंबर

9470132591, 9431336427, 9431336398, 9431336472, 9431336432 पर कॉल किया जा सकता है।

तमिलनाडु पुलिस द्वारा जारी नंबर

0421-2203313, 9498101300 और 9408101320 पर कॉल किया जा सकता है।


प्रतीकात्मक तस्वीर

### सीएनटी, एसपीटी, पेसा और सरना कोड लागू कराने को लेकर मोरहाबादी में जुटान

# आदिवासी बचाओ महारैली में 32 संगठनों ने सरना धर्मकोड समेत कई मुद्दों पर चर्चा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** आदिवासी बचाओ महारैली में कई संगठनों ने रविवार को मोरहाबादी मैदान में अपनी ताकत दिखायी। आदिवासी संगठन अपने हक, अधिकार, सीएनटी, एसपीटी, पेशा कानून और सरना कोड लागू कराने को लेकर बड़ी संख्या में मोरहाबादी मैदान में जुटे। महारैली में शामिल हुए हजारों लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव ने कहा कि 5वीं अनुसूची का दर्जा प्राप्त करने के साथ-साथ आदिवासी मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति आदिवासी के बावजूद यह दुर्भाग्य है कि आदिवासियों के हित में जितने भी कानून और प्रारूप बने वह हमारे हित में नहीं बने। 18 साल आदिवासी मुख्यमंत्री रहने के बावजूद यह दुर्दशा आज हमें झेलनी पड़ रही है। भाजपा भी नहीं चाहती कि आदिवासियों का हित हो। अगर बात हेमंत सरकार की करें तो वह भी आदिवासियों के हित में काम नहीं कर रही।

आदिवासी नेता प्रेम साही मुंडा ने कहा कि आज इस रैली से हम एक उलगुलान कर रहे हैं। बिना संघर्ष के हमें आज तक कुछ नहीं मिला है। सीएनटी, एसपीटी एक्ट का आंदोलन हो चाहे पेसा कानून या सरना कोड लागू कराने का आंदोलन, हमलोग आंदोलन करते आ रहे हैं, और जब तक हमें हक और अधिकार नहीं मिलता तबतक आंदोलन करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि कुर्मी को आदिवासी बनाने का जो एक षड्यंत्र रचा जा रहा है, हम उसका विरोध कर रहे हैं। हम आदिवासी समाज के लोग मजदूर वर्ग का काम करते हैं। जल, जंगल जमीन की सुरक्षा करते हैं, लेकिन कुछ नेता और दलाल मुख्यमंत्री के साथ जो माफिया तत्वों से घिरे लोग हैं उनके इशारों पर काम कर रहे हैं।

पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि 32 सामाजिक संगठन के नेताओं को आज यहां बुलाया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम एक बिगुल फूंक रहे हैं। चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार या कोई पार्टी हो, जेएमएम, कांग्रेस या बीजेपी जो भी हमारे खिलाफ कानून लाएगा, उसको जवाब देने का काम करेंगे। यहां इतने सारे आदिवासी मुख्यमंत्री रहे, शिबू सोरेन से लेकर अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी, मधु कोड़ा या हेमंत सोरेन किसी सरकार में आदिवासी हितों के लिए काम नहीं किया गया। मुख्यमंत्री आज 1932 खतियान यात्रा निकालते हैं जो कि एक गुमराह करने वाला विषय है। खुद ही विधानसभा में विरोध करते हैं और खुद ही कानून भी लाते हैं। अभी तक स्थानीय नीति और नियोजन नीति नहीं बना पाई सरकार जबकि 3.5 साल पूरे होने को है। उन्होंने कहा कि जिस भावना और उद्देश्य से झारखंड राज्य का गठन हुआ कितने लोगों ने कुबार्नी दी, लेकिन वह पूरा नहीं हो पाया। झारखंड बनने के बाद आदिवासियों की जमीन की लूट चारों तरफ हो रही है। यहां तक कि धार्मिक जमीन को भी हम नहीं बचा रहे हैं, आज आदिवासी समाज दुखी है।

## रामगढ़ चुनाव में हार को लेकर प्रदेश संगठन के बड़े नेता गंभीर नहीं : प्रेम

**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव में कांग्रेस को मिली हार से प्रदेश कांग्रेस से जुड़े नेताओं के बीच प्रदेश संगठन के खिाफ काफी आक्रोश है। रामगढ़ चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी हुई हार पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार ने कहा है कि हार का मुख्य कारण प्रदेश संगठन के खिलाफ दलितों,आदिवासियों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों में असंतोष एवं उनके जन-संख्या के अनुसार पार्टी के सभी पदों में प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाना है। प्रदेश संगठन के विस्तार के बाद इन वर्गों में नाराजगी भी खुलकर देखने को मिल रहा है। प्रेम कुमार ने रामगढ़ चुनाव में कांग्रेस को 21000 हजार से अधिक वोट से हार के कारणों के पीछे कांग्रेस के बड़े नेता का सही मार्गदर्शन नहीं मिलना है। हार का जवाबदेही प्रदेश नेतृत्व के साथ कांग्रेस के बड़े नेताओं को लेना चाहिए। रामगढ़ हार से कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी गिरा है। खसकर पिछड़े वर्ग से जुड़े छोटे-बड़े नेताओं का मनोबल गिरना है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व से सम्मान नहीं मिलने के कारण कई नेता कांग्रेस छोड़ कर चले गये है। यही हाल रहा तो और कई नेता एवं कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ कर जाने को तैयार है। उन्होंने कहा है कि पिछड़े वर्ग के नेताओं को मान-सम्मान ना देना, उनके सुझाव को दर किनार करना और चमचों को आगे बढ़ाना भी इसका मुख्य बड़ा कारण रहा है। स्थिति यही रही तो आने वाले समय में कांग्रेस का और बुरा हाल होगा।

## रांची की तीन प्रमुख सड़कों को किया जल्द जायेगा विकसित



**रांची।** राजधानी की तीन प्रमुख सड़कों को दो लेन-चार लेन तक किया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने शहर की इन सड़कों को विकसित करने के लिए चिह्नित किया है, जिससे बनने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और सुगम हो जायेगी। अरगोड़ा स्थित डीएवी पुंदाग से एनएच -23 इटकी रोड में स्थित डीएवी हेहल तक पहुंच पथ बनाया जायेगा। लगभग 2.65 किमी लंबे इस रोड को चौड़ा किया जायेगा। इसी तरह नामकुम के दुर्गा सोरेन चौक से चांदनी चौक तक की 8.68 किमी लंबी सड़क को भी विकसित किया जायेगा।

वहीं, कांके रोड के होली डे होम से चिरौंदी, टैगोर हिल के आगे आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल तक के रोड को डेवलप करने के लिए चिंह्नित किया गया है। यह रोड 2.86 किमी लंबा है। पथ निर्माण विभाग ने तीनों सड़कों के फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कंस्लटेंट चयन की प्रक्रिया शुरू की है। कंस्लटेंट का चयन होने के बाद 30 दिनों के अंदर डीपीआर सौंपने को कहा गया है, इसमें आवश्यक जमीन अधिग्रहण का भी प्रस्ताव देने को कहा गया है।

# चार चरणों में विकसित होगा रांची-जैतगढ़-पारादीप इकोनॉमिक कॉरिडोर, दो चरणों का डीपीआर तैयार

### 188 किमी लंबे कॉरिडोर के निर्माण से बदल जायेगी झारखंड की तस्वीर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची-जैतगढ़-पारादीप ओड़िशा इकोनॉमिक कॉरिडोर का निर्माण चार सेक्शन में किया जायेगा। कुल 188 किमी लंबे इस कॉरिडोर के निर्माण से झारखंड की तस्वीर बदल जायेगी। पारादीप बंदरगाह से जुड़ने से बड़े पैमाने पर आर्थिक गतिविधियां बढ़ेगी। इसमें दो चरणों का डीपीआर तैयार हो गया है। चार लेन बनने वाली इस कॉरिडोर के पहले चरण की शुरूआत पैकेज वन में तुपुदाना से इतरी तक होगा। एनएच-75 ई के 46.600 किमी रोड में खूंटी एंड मुरहू में बाइपास बनाया जायेगा। इसका डीपीआर तैयार करा लिया गया था जिसे अब नेशनल हाइवे विंग बनायेगा।

इस महत्वपूर्ण रोड के निर्माण में 1790 करोड़ रुपये लागत आने का आकलन किया गया है, जिसमें जमीन अधिग्रहण भी शामिल है। वहीं, दूसरे चरण में चार लेन रोड इतरी से भूइियादेव गांव रोड का निर्माण भी किया जाना है। एनएचएआई ने इस सेक्शन का भी डीपीआर तैयार करा लिया है। यह रोड भी 40 किमी लंबा होगा इसके निर्माण में 713 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जायेगी। इसमें जमीन अधिग्रहण भी किया जाना है। पूरे सेक्शन में एक भी बाइपास रोड नहीं होगा। वहीं, पांच मेजर ब्रिज का निर्माण कराया जायेगा और 10 माइनर ब्रिज बनेगा। 115 कल्वर्ट भी बनाया जायेगा।

इस प्रोजेक्ट निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण का पहले स्टेज और दूसरे स्टेज के लिए अप्रुवल फाइनल स्टेज पर है। वहीं, ट्रैफिक सर्वे और टोपोग्राफी सर्वे भी कराया जा रहा है। इस रोड पर यूटिलिटी शिफ्टिंग जैसे पेयजल पाइपलाइन, बिजली पोल हटाने इत्यादि के लिए संबंधित विभागों को पत्र लिखा गया है।

एनएचएचाई के इंजीनियरों ने बताया कि शेष दो चरणों का डीपीआर तैयार कराया जा रहा है, जल्द ही इसे भारत सरकार को भेजा जायेगा। यह प्रयास हो रहा है कि इसी साल इस पर काम प्रारंभ करा दिया जाये। जमीन अधिग्रहण के लिए भी कार्रवाई तेज की जा रही है। पहले चरण में तुपुदाना-इतरी- 46.300 किमी, दूसरा इतरी-भूइयादेव गांव 40 किमी, तीसरा भूलेयादेव गांव-केलेंदे, 40 किमी, चौथा केलेंदे-जैतगढ़ 49.300 किमी शामिल है।

## खबर एक नजर में

### रांची स्मार्ट सिटी को नहीं मिली 9.22 एकड़ भूमि

**रांची।** स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन को अब तक एचईसी से 9 .22 एकड़ जमीन अब तक प्राप्त नहीं हुई है। कई बार पत्राचार के बाद भी एचईसी से ली गयी 656 एकड़ भूमि से 9 .22 एकड़ जमीन अब तक स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन को ट्रांसफर नहीं की गयी है। स्मार्ट सिटी के सीइओ ने रांची स्मार्ट सिटी लेबल एडवाईजरी फोरम की बैठक में इसी उठाया है और रांची सांसद से इस पर पहल करने का अनुरोध किया है। इसके अलावा हटिया स्टेशन से एफएफपी प्लांट जा रहे रेलवे ट्रैक के नीचे से रेल अंडरपास को लेकर अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलाने में एचईसी प्रबंधन से बातचीत चल रही है। अमित कुमार ने बताया कि रांची में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए केंद्र से राशि की जरूरत है। इसके लिए अनुशंसा पत्र भी भेजा गया है, अगर राशि मिली तो इस दिशा में भी कार्रवाई शुरू होगी।

### क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह



**रांची।** क्षत्रिय समाज की ओर से बरियातू में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। सभी ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की खुशियां बांटी। मौके पर समाज के लोगों ने संकल्प लिया कि अन्याय से डरें नहीं, अन्याय के खिलाफ आवाज उठायें। मौके पर कहा गया कि हम, हर जात और हर गरीब को सात चलेकर चलेंगे। अन्याय के खिलाफ आवाज उठायेंगे और निडर होकर अभियान को आगे बढ़ायेंगे।

### बाबा विद्यापति स्मारक समिति ने खेली होली



**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में रविवार को होली मिलन सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं, सांसद प्रतिनधि कुमुद झा ने भी मौजूद रहे। मौके पर निर्भय कांत झा एवं प्रवीण मिश्रा, अश्विनी आनंद एवं मुकेश झा ने फगुआ गीत गाकर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयन्त झा ने मिथिला पाग से संजीव विजयवर्गीय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति के मृत्युंजय झा, प्रवीण मिश्रा, भावेश मिश्रा, संतोष मिश्रा, भवेश चंद्रा, गौरीशंकर झा, सूर्यकांत मिश्रा, रोहित कुमार, दिलेन्द्र शर्मा, मोहित कांत झा, जय शंकर दुबे, मनीष सरावगी, श्याम किशोर चौबे, रमेश भारती, अनूप झा आदि शामिल थे।

### कॉन्ट्रेक्ट एसिस्टेंट प्रोफेसरों को नहीं मिला मानदेय

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन कुमार साही और महासचिव डॉ रामकुमार तिर्की ने बयान जारी कर कहा है कि अनुबंध सहायक प्राध्यापकों के घर होली फिकी रहेगी। होली पर अनुबंधित सहायक प्राध्यापकों को मानदेय नहीं मिला है। उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले दिवाली में भी मानदेय नहीं दिया गया था। उन्होंने रजिस्ट्रार डॉ एमसी मेहता के बयान को भी गलत बताया और खंडित किया। दरअसल, रजिस्ट्रार डॉ एमसी मेहता ने बीते शनिवार को बयान दिया था कि अनुबंधित सहायक प्राध्यापक जिन्होंने बिल जमा कर दिया है उन्हें भुगतान कर दिया गया, जबकि कोई भुगतान नहीं किया गया है।

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य आयोजक बने रमेश सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति की एक बैठक रविवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में राजकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू के द्वारा नई कमेटी की घोषणा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संरक्षक मंडलियों द्वारा निर्णय लिया गया 2023 के लिए अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह इस वर्ष अपना दायित्व संभालेंगे। इसके अलावा बैठक में इस वर्ष के लिए मुख्य आयोजक रमेश सिंह को बनाया गया। बैठक में कहा गया कि समिति में विभिन्न क्षेत्रों से सभी को संस्था में जोड़ा जाएगा। सभी विधायक एवं मंत्रियों एवं शहर के प्रमुख लोगों को अतिथि के रूप में बुलाया जाएगा और सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर सीपी सिंह,संजय सेठ, संजीव विजयवर्गीय, नविन जायसवाल, सुजीत सिंह,अशोक पुरोहित, राजीव रंजन मिश्रा, संजीव कुमार साहू, सुनील कुमार यादव (मामा) को बुलाया जाएगा।

**कमिटी का हुआ विस्तार :** बैठक में कमिटी का विस्तार किया गया। इसके तहत मुख्य संरक्षक- किशोर साहु, वरिष्ठ संरक्षक- उदय साहु, राज कुमार गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, बसंत चन्द्रवंशी। संरक्षक- वरूण साहू, विशाल कृष्णा, विकास कुमार गुप्ता, टून्ना सिंह, गगन सिंह, रोहित यादव, शंकर सिन्हा, राजेश कुमार लाल, रौनक साबु, पुनीत साबु, सुमित सिंह, रूपेश कुमार वर्मण, उमंग सुलतानिया, विनय सिंह, संजय सिंह को बनाया गया। वहीं पूजा के लिए मुख्य आयोजक- रमेश सिंह, मुख्य सयोजक- कुमार राजा, सलाहकार- महेश चंद्र, राजेश वर्मा। अध्यक्ष- रवि कुमार पिन्कु, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- गणेश सिंह, विनोद सिंह, सतीश सिंह, विनोद बर्मन, राजु वर्मा, सुरज वर्मा, राजु चौरसिया, विकास वर्मा, साकेत अग्रवाल, अरविन्द्र वर्मा। उपाध्यक्ष- राहुल सिंह, शुभम वर्मा, अभिषेक वर्मा, सौरव राय, संजय साहू, प्रकाश पासवान, संजय तिवारी, राहुल रजक, शेखर रजक, अकाश वर्मा, विवेक सिंह, आकाश तिवारी। कार्यकारिणी अध्यक्ष- दीपू सिंह, महामंत्री - गोपाल पारीक,वरिष्ठ सह मंत्री- भोलू सिंह, सबलु मुण्डा, मिथलेश वर्मा, विक्की सोनी, बन्टी वर्मा, रूपेश वर्मा, अनिल वर्मा,ओम वर्मा,भोला केसरी। सह मंत्री- करण सिंह, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, मोहित रजक, आशीष रजक, शुभम राजपूत, सौरभ रजक, हर्ष श्रीवास्तव, आयुष झा, आकाश वर्मा, आयुष रजक, प्रियांशु वर्मा, गौरव रजक, शेखर रजक, अमन वर्मा, सोनु वर्मा, यस वर्मा, हर्ष वर्मा,आयुष वर्मा,आकाश सिंह, हर्ष सिंह। कोषाध्यक्ष- संजय सिंह उर्फ (लल्लू सिंह),सह कोषाध्यक्ष- संजय तिवारी, राहुल रजक। प्रवक्ता- नमन भारतीय, मिडिया प्रभारी- शिव किशोर शर्मा, भंडारा प्रभारी- रवि सिंह, आकाश रजक, मिथिलेश सिंह, विकास वर्मा, रूपक जायसवाल, संतोष सिंह, मिथलेश वर्मा, मुकेश सिंह। प्रचार मंत्री- नंद किशोर सिंह चंदेल, भोला केसरी। सलाहकार- महेश चंद्र, मुकुल सहाय, कानूनी सलाहकार- कृष्ण लाल गुप्ता, पुरोहित- सुभाष चंद्र मिश्रा, यजमान- मुकेश सिंह, पप्पू वर्मा को बनाया गया।



### महिला वॉलेंटियरों ने निकाली साइकिल रैली

**स्वास्थ्य महिलाएं- स्वास्थ्य भारत का दिया संदेश**

**रांची।** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल रांची एवं मारवाड़ी कॉलेज के एनएसएस कार्यालय की ओर से रविवार को साइकिल रैली निकाली गयी। रैली में स्वस्थ महिला, स्वस्थ भारत का नारा दिया गया। मारवाड़ी कॉलेज रांची के 40 एनएसएस वॉलेंटियर द्वारा इस रैली में नारा लगाते हुए स्वास्थ्य महिलाएं स्वास्थ्य भारत का प्रचार किया गया। रैली का प्रतिनिधित्व कामिनी पीयूष नीरज ने किया। इस अवसर पर मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, जीरन एस कंडुलना, अनुभव चक्रवर्ती, सुशांत कुमार, सरोज चौधरी, अभिषेक देव, सतीश कुमार, नीरज कौशिक मौजूद रहे। वहीं एनसीडी सेल रांची के द्वारा 4 यक्षमा(टीवी) रोगियों को भी गोद लिया गया एवं उनके बीच खाद्य पदार्थ के पॉकेट का भी वितरण किया गया।

## श्री महावीर मंडल रांची 2023-24 की नई कार्यकारिणी गठित

# श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष बने अशोक पुरोहित व कैलाश केसरी मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री रामनवमी मोहत्सव 2023-24 को भव्य पारंपरिक तरीके से सफल बनाने को लेकर रविवार को श्री महावीर मंडल रांची की आम सभा माहेश्वरी धर्मशाला में हीरालाल साहू की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन रामधन बर्मन ने किया। सभा में पूर्व अध्यक्ष विजय साहू, श्री महावीर मंडल रांची महानगर अध्यक्ष कुणाल अजमानी, महावीर मंडल डोरंडा के अध्यक्ष संजय पोद्दार, श्री महावीर मंडल हिनू के अध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल, हिन्दू जागरण मंच के सुजीत सिंह, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह और स्वागत समिति हरमू रोड के अध्यक्ष प्रेम वर्मा उपस्थित थे।



आम सभा मे चुनाव समिति के द्वारा श्री महावीर मंडल रांची 2023-24 की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। आम सभा में सर्वसम्मति से 2023-24 के लिए नए कार्यकारिणी का गठन किया गया। नयी कमेटी में अशोक पुरोहित को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, राज किशोर को कार्यकारी अध्यक्ष। नकूल तिर्की को वरीय उपाध्यक्ष, कैलाश केसरी को मंत्री, राहुल सिन्हा चंकी ,डॉ जीवधन प्रसाद, सुनील रंजन सहाय, रमेश सिंह, उपेंद्र रजक और सुनील साहू को उपाध्यक्ष, प्रकाश चंद्र सिन्हा, अमरदीप साहू, पप्पू सिंह, निशांत यादव, रणधीर रजक, प्रकाश साहू को सह मंत्री और शशांक शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

मौके पर सभी पदाधिकारियों ने श्री रामनवमी मोहत्सव 2023 को धूम धाम से मनाने एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकालने का संकल्प लिया।

मौके पर सुनील रंजन सहाय, शुभम केसरी, विक्रम साहू, रवि महतो, अक्षय केसरी, धनराज, बिरजू साहू, बृंद कुमार साहू, सुनील शर्मा, संजय साहू, मनीष केसरी, पप्पू सिंह, प्रदीप साहू, बलराम प्रसाद, राजा भट्टाचार्य, प्रदीप लकड़ा, आशीष बर्णवाल, गजन तिवारी, अरविंद गुप्ता, राहुल सिन्हा, चंकी, राम अनुज सिंह, सूरज पंडित, इंदर सिंह, बसंत दस, रवि वर्मा, अजय कुमार बबलू, अरुण झा, सुभाष कुमार महतो, अर्जुन गिरी, मुन्ना बड़ाईक, अभिषेक चौधरी, श्रवण कुमार, शेखर प्रसाद, मौसम निषाद, कुणाल सिंह, पीयूष आनंद सहित सैकड़ों अखाड़ाधारी एवं श्री महावीर मंडल रांची के सदस्य एवं पदाधिकारी थे। सभी ने ने मोहत्सव 2023-24 को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया।

# श्री माहेश्वरी सभा ने फाल्गुणोत्सव सह होली मिलन समारोह मनाया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** माहेश्वरी समाज का भव्य फाल्गुणोत्सव सह होली मिलन समारोह स्थानीय माहेश्वरी भवन में रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रांची महेश्वरी सभा हर साल समाज के बंधुओं के लिए फागुन होली महोत्सव करता रहा है। शाम 5:30 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मारू, शिव शंकर साबू, किशन कुमार साबू, नरेंद्र लाखोटिया, संगीता चितलांगिया, अर्चना साबू, भारती चितलांगिया, विमला माहेश्वरी, विनय मंत्री, हेमंत माहेश्वरी सहित जुगल किशोर मारु, उमाशंकर साबू, महाबीर प्रसाद सोमानी, पवन मंत्री, अशोक साबू, उषा मंत्री, बीणा साबू, मीरा परवाल आदि को व्यंगात्मक टैगलाइन देकर सब्जियों की माला पहना कर स्वागत किया गया। महिलाओं एवं बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। पाखी चितलांगिया, खुशी मंत्री, वानिया लखोटिया, धनिषा लखोटिया, अदिति सोमानी, जागृति सोमानी, राखी चांडक, श्रुति चांडक ने होली पर डांस, रास लीला एवं राधाकृष्ण के साथ फूलों की होली का आनंद लोगों ने लिया। सभी सदस्यों के साथ अंताक्षरी भी खेली गयी। मौके पर सभी सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाया। समारोह में सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारु, महेश पोद्दार, चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, एवं अन्य सामाजिक संगठनों से सैकड़ों लोग थे।

### एक्वा वर्ल्ड में 'होली हंगामा' में मचा धमाल



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में रविवार को होली की थीम पर आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विपुल नायक के दीपांजलि ग्रुप के बच्चों ने होली के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन सपना चौधरी ने किया। इसके अतिरिक्त ठंडई पीने की भी प्रतियोगिता हुई। मात्र 5 सेकंड में ठंडई की पूरी ग्लास को पीकर उज्ज्वल कुमार ने पहला पुरस्कार जीता। मौके पर प्रबंध निदेशक प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा, सत्यप्रकाश चंदेल , गौरव अग्रवाल, रवि सिंह, बिट्टू, शुभोजीत आदि थे।

# आदिवासी और जैन समुदाय एक-दूसरे के पूरक : आचार्य प्रसन्न सागर महाराज

## पारसनाथ श्री सम्मेद शिखरजी तीर्थ क्षेत्र से दोनों की जुड़ी है गहरी आस्था

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अंतर्मना आचार्य 108 श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने प्रेस क्लब के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पारसनाथ श्री सम्मेद शिखरजी एक आस्था का तीर्थ क्षेत्र है जिसके साथ आदिवासी समुदाय और जैन समुदाय की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। श्री सम्मेद शिखर जी का महत्व जितना जैन समुदाय के लिए है, उतना ही आदिवासी समुदाय के लिए भी। क्योंकि, भगवान पारसनाथ किसी जाति विशेष के नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के भी हैं। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासी और जैन समाज एक दूसरे के पूरक हैं और एक दूसरे के बिना अधूरे हैं।

### जीवन में जीएसटी बहुत जरूरी है : मुनि श्री पियूष सागर

**मुनि** श्री पीयूष सागर जी महाराज ने कहा कि जीवन में इंद्रीयों पर नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। जिंदगी में जीएसटी होना अति अनिवार्य है, इसका मतलब है गुड थिंकिंग, सिंपल लिविंग और टेंशन फ्री लाइफ। उन्होंने कहा कि अपने जीवन को सफेद रंग के रूप में तैयार कीजिए, ताकि जिस रंग में भी आप मिलें, जिस रंग से भी आप का संगम हो, एक नया रंग निखर कर सामने आये। इसलिए जरूरी है कि जीवन में विचारधारा को व्यवस्थित रखें और अपने जीने की कला को जानें।

आचार्य श्री ने पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए कहा कि अगर पारसनाथ की धरती पर कुछ ऐसा काम हो रहा है, जो संवैधानिक तौर पर उचित नहीं है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इससे जैन समुदाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी। पारसनाथ पर्वत के संरक्षण और सुरक्षा के प्रयास होने चाहिए, यह बताते हुए कहा कि पर्वत पर किसी भी प्रकार का निर्माण करना गैर कानूनी है। वह वन विभाग की संपत्ति है। पत्रकारों को सरस्वती पुत्र संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया की भूमिका आज के दौर में काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि मीडिया के माध्यम से विचारों का संचार तीव्रता से होता है। अगर सद्विचार को चंद लोग भी आत्मसात करते हैं, तो संतों की तपस्या, संतों के उपदेश सफल माने जाते हैं।

**अहिंसा संस्कार पदयात्रा करते हुए संस्कारों का शंखनाद कर रहा हूं :** आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा कि गांधी जी ने दांडी यात्रा की थी, विनोबा भावे ने पदयात्रा की थी और वे समाज में नष्ट होती नैतिकता, गुम होते आदर्श और विलुप्त होता आगम को लेकर अहिंसा संस्कार पदयात्रा बीते 15 वर्षों से कर रहे हैं। देश के लोग पाश्चात्य व्यवस्था को फॉलो कर रहे हैं और देसी संस्कृति विलुप्त होती जा रही है। ऐसे में संस्कारों को संरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती है। आचार्य श्री ने कहा कि पहले चांद देखने पर मामा की याद आती थी, लेकिन अब मोबाइल की संस्कृति ने जन्म ले लिया और हम उसके आदी बन गये हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य हमारे देश में फुटपाथ पर बिक रहा है और जूते-चप्पल शोरूम में बेचे जा रहे हैं, तो आप समझ सकते हैं कि हमारी संस्कृति किस प्रकार विलुप्त होती जा रही है। जीवन में तीन सूत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है प्रकृति, संस्कृति और विकृति। अगर आप प्रकृति की संस्कृति के साथ चलते हैं, तो जीवन को सात्विक तरीके से भी जीया जा सकता है। वहीं, अगर जीवन में विकृति लाते हैं, तो इसी धरती पर आप दुख के भागी बनेंगे।



जैन समाज की पदयात्रा में शामिल लोग।

### श्री श्याम मंदिर हरमू रोड का होली उत्सव 7 को

**रांची।** राजधानी के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में होली उत्सव का आयोजन 7 मार्च को होगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 05:30 बजे मंगला पंच आरती और बाल भोग से होगी। राजेश सिंघानिया, श्रीमती सारिका सिंघानिया व हर्ष सिंघानिया परिवार के साथ खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे।

## सरला बिरला स्काउट्स एंड गाइड टीम को राष्ट्रीय एडवेंचर कैंप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार मिला



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने 27 फरवरी से 3 मार्च 2023 तक भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, लैंड ऑफ वाइट ऑर्किड, कर्सियांग द्वारा आयोजित 38वें राष्ट्रीय एडवेंचर कैंप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार की ट्रॉफी जीती। सप्ताह भर चलने वाले इस शिविर में पूरे देश के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कक्षा सातवीं के अर्णव सिन्हा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार जीता। इन्हें मेडेल देकर सम्मानित किया गया। कक्षा नवम के पांच छात्रों की एक टीम अर्जुन देव चैधरी, आर्यन कुमार सिंह, रुद्रांश लंगिया, सक्षम कुमार कश्यप और स्वरित संजीव बैक फायरवुड कुकिंग इवेंट में पुरस्कृत हुए। इन विजेताओं को प्रमाण पत्र और बैज देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विजेताओं की प्रशंसा की एवं शुभकामनाएं दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि यह छात्रों को उनकी जड़ों से जोड़ने और उन्हें शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से चुस्त और विनम्र बनाये रखने का सबसे अच्छा तरीका है।

## वाईबीएन विश्वविद्यालय के होली मिलन समारोह में जमकर उड़े अबीर और गुलाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में शनिवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली से पूर्व ही गले मिल बधाइयां दी। होली मिलन समारोह को लेकर फागुन गीत गायन का भी आयोजन किया गया। इधर, वाईबीएन कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन के प्रशिक्षुओं द्वारा फ्रेशर डे एवं होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाईबीएन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामजी यादव थे।





वाईबीएन विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार ने कहा कि होली के रंग नफरतों को मिटा देता है। लोग आपसी प्रेम और सदभावना के साथ होली मनायें। होली पर्व से पहले होलिका के दहन में सारी बुराई और नफरतों का दहन करते हुए उमंग के साथ होली मनायें। होली हम हिंदुओं के नववर्ष के आगमन पर मनाया जाता है। यह प्रेम एवं सौहार्द्र का त्योहार है, जिसे एक-दूसरे को रंग लगाकर मनाना चाहिए।

होली मिलन समारोह में वाईबीएन विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ. एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीरमन दुबे, उपकुलसचिव संजय तिवारी, सहायक कुलसचिव ज्योति रानी सहित सभी संकाय के डीन, एचओडी एवं और विद्यार्थी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ईश्वर भलाई करने वालों का हमेशा साथ देता है : कुलदीप तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इन दिनों मसीही चालीसा काल में ख्रीस्त के क्रूस दुःखभोग, क्रूस मृत्यु व पुनरुत्थान की घटना को स्मरण कर परहेज, प्रार्थना व उपवास के साथ पास्का की आध्यात्मिक तैयारी में है। चालीसा मसीहियों को संदेश देता है कि वे यथासंभव जीवन में प्रभु येसु की तरह अधिक से अधिक जरुरतमंदों की मदद करें। उनकी भलाई करें। रांची महाधर्मप्रांतीय यूथ कोऑर्डिनेटर कुलदीप तिर्की ने यह जानकारी देते हुए खबर मन्त्र को चालीसा के संबंध में बताया। कहा कि ईश्वर अच्छे लोगों की खूब परीक्षा लेता है लेकिन उनका साथ नहीं छोड़ता। वहीं ईश्वर बुरे लोगों कासाथ नहीं देता है। एक कहानी के माध्यम से उन्होंने इसे समझाया कि एक बार एक भाई साहब जिनका नाम शानिएल था, उसे एक छोटा कस्बे में 5-6 किलो मीटर दूरस्थ गांव में उनका स्कूल में शिक्षक की नौकरी मिली। शानिएल स्कूल में पढ़ाने के लिए कस्बे में एक



कमरा लिया वहां से वे पैदल स्कूल आना जाना करते थे। इस क्रम में कभी उन्हें किसी से कभी कभार लिफ्ट मिल जाता था। लेकिन आने जाने में होने वाली परेशानी से वे उपरवाले को कोसते थे कि मुझे कहां लाकर पटक दिया। यहां न तो गाड़ी है और न कोई साधना। उन्हें इस बात से सब्र थी कि नौकरी तो मिली। बाद में उन्होंने लोन लेकर मोटरसाइकिल लिया। पुराने दिनों की याद कर शानिएल भी अपनी बाइक पर लोगों को लिफ्ट दे देते थे। उनके इस स्वभाव के कारण लोग उनकी बाइक को सर की मोटरसाइकल के रुप में पहचानने चले। एक दिन जब शानिएल घर से स्कूल के लिए निकले तो किसी व्यक्ति ने उनसे लिफ्ट मांगी। उन्होंने उस व्यक्ति को लिफ्ट के लिए बाइक पर बैठाया। कुछ दूर चलने के बाद पीछे बैठे उस व्यक्ति ने शानिएल सर के पीठ पर चाकू रख गाड़ी छोड़ने को कहा। शानिएल सर ने उस व्यक्ति से कहा बेशक आप मेरी गाड़ी ले जाएं, लेकिन किसी से मत कहना कि आपने मेरी गाड़ी लिफ्ट के बहाने रोक कर छीनी है। अन्यथा लोगों का भरोसा उठ जायगा और वो किसी की मदद नही करेंगे। दूसरे दिन सुबह जब उठ कर बगीचें में मुंह धोने गए तो वहां अपनी मोटर साईकल देखी जिसपर एक चिट्ठी थी। जिसमें लिखा था-यह आपकी मोटरसाइकिल है या अमिताब बच्चन जिसे सभी पहचानते हैं जब मैं बेचने गया तो खरीदार ने कहा ये मास्टर जी की गाड़ी है आपके पास कैसे? जब में राशन लेने दुकान गया तो दुकानदार ने पूछा मास्टर जी की गाड़ी आपके पास कैसे? आपकी गाड़ी आपको मुबारक हो। यह कहानी बताती है कि भलाई करने वालों का साथ ऊपर वाला कभी नही छोड़ता है।

## लोअर बाजार थाना में शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** होली व शब-ए-बारात को लेकर लोअर बाजार थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली व शब-ए-बारात आपस में मिलजुलकर मनाने, एकता, भाईचारा और अमन शांति आपस में कायम रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर रांची डीएसपी दीपक कुमार और लोअर बाजार थाना इंचार्ज संजय कुमार ने कहा कि सभी धर्म समुदाय आपस में मिलजुलकर रहें। होली का त्योहार हो या शब-ए-बारात का सभी आपस में अमन शांति के साथ एकता, भाईचारा के साथ मिलजुलकर मनाएं तथा एक बेहतरीन समाज में अमन, शांति, मोहब्बत व प्यार का संदेश दे।

डीएसपी रांची दीपक कुमार ने कहा कि बर्ड फ्लू भी फैला हुअ है इससे बचने की जरुरत है और डीजे जो से न बजाएं ताकि किसी भी बीमार व्यक्ति या बच्चों को तकलीफ न हो। डीएसपी रांची दीपक कुमार और संजय कुमार थाना इंचार्ज ने कहा कि शबे बरात या होली के अवसर पर नशेड़ी गंजेड़ी पर जिला प्रशासन नजर रखेगी और बाइक या स्कूटी में तीन चार लोग बैठकर ना घूमे तेज ना चलाएं नशे की हालत में गाड़ी नहीं चलाएं।



**श्री राम जानकी तपोवन मंदिर निवारनपुर में रंगभरी एकादशी का आयोजन किया गया। इसमें सभी भक्तों ने होली मिलन समारोह में भाग लिया। श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण जी सभी भक्तों के साथ रंग अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।**

## खबर एक नजर में

### झारखंड राजस्थानी अकादमी का गठन

**रांची।** माहेश्वरी भवन रांची मे रविवार को झारखंड राजस्थानी अकादमी का विधिवत गठन किया गया। इस गठन के साथ ही पूर्व राज्य सभा सांसद अजय मारू को झारखंड राजस्थान अकादमी का संस्थापक अध्यक्ष तथा विनय सरावगी को संस्थापक महासचिव नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति रमेश मेरठिया एवं भागचंद पोद्दार को अकादमी संरक्षक बनाया गया।

### बंगाली युवा मंच का होली मिलन समारोह

**रांची।** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को केपी दत्त कंपाउंड लालपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में देशप्रिया क्लब एंड लाइब्रेरी ,यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी, हरीमती मंदिर, कॉसमॉस क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी सदस्य उपस्थित थे। मंच के संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला समय आप सभी का अच्छा हो और हर साल हम इसी तरह होली मिलन करेंगे।

### रामकृष्ण परमहंस की 187वीं जयंती मनी

**रांची।** श्री रामकृष्ण सेवा संघ के तत्वावधान में रविवार को बीएसवी मध्य विद्यालय, निवारणपुर में रामकृष्ण परमहंस की 187वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विशेष रूप से महिलाओं द्वारा भजन-संकीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। श्री रामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषार कांति शीट ने रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा व उनके अनन्य भक्त व शिष्य स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

### केसरी समाज का होली मिलन समारोह

**रांची।** केसरी समाज धुर्वा की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन पुराना विधान सभा ग्राउंड में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रेम सागर केसरी, राजेंद्र प्रसाद केसरी, अनिल केसरी समेत काफी संख्या में महिला एवं पुरुष तथा बच्चे उपस्थित थे।

### शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का होली मिलन

**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राशण महासभा राँची इकाई के तत्वावधान में रविवार को देवी मंडप रोड हेसल सरोवर नगर सूर्य मंदिर सह भास्कर भवन में सूर्य भगवान पर माला, दीप प्रज्वलित कर एवं अबीर गुलाल लगाकर भगवान सूर्यदेव जी का वंदन नमन कर होली समारोह मनाया गया।

### मेगा हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित

**रांची।** मणिटोला स्थित मिल्लत लाइब्रेरी में रविवार को डोरंडा वार्ड-49 की पार्षद जमीला खातून के सौजन्य से मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का लगाया गया। इस हेल्थ कैंप के सफल आयोजन में उर्दू डेली जदीद भारत, पारस हॉस्पिटल और एएसजी नेत्र हॉस्पिटल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### डालसा का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** माननीय झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर रातू ब्लॉक, रांची में महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ता बिरेन्द्र प्रताप सिंह, पीएलवी फुलेश्वरी देवी, सुनिता कुमारी, बेबी देवी, नीतु देवी एवं राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### आनंद मार्ग ने मनाया दधीचि दिवस

रांची। आनंद मार्ग जागृति भवन हेहल में दधीचि दिवस मनाया गया। आज के ही दिन मुख्यालय आनंद नगर पुंदाग में वर्ष 1967 में पांच सन्यासी दादाओ की निर्मम हत्या की गयी थी।

### अंगिका समाज का होली मिलन समारोह

**रांची।** झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के सौजन्य से रविवार को स्थापना दिवस- सह- होली मिलन समारोह का आयोजन दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल, कमड़े रांची में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि टीके झा ने कहा



कि अंगिका के लोगों को कर्ण से त्याग, दान एवं संबंध निर्वहन की सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मिथिलेश प्रसाद अवकाश प्राप्त जिला न्यायाधीश थे। इस अवसर पर अंगिका क्षेत्र के प्रशंसनीय होली गायक दल के द्वारा होली गीत गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। चन्द्रिका ठाकुर 'देशदीप' तथा श्रीमती मीनू मीना सिन्हा ने अंगिका कविता प्रस्तुत किये। उपस्थित अनेक लोगों ने अपनी-अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत किया। डॉ श्रीमोहन सिंह, महासचिव ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अंगिका समाज की ओर से टीके झा को अंग विभिषण सम्मान और श्री नवीन चन्द्र चौधरी, कोषाध्यक्ष को अंग सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन रजक, कार्यकारी अध्यक्ष ने की।

### खेली अबीर गुलाल व फूलों की होली

**रांची।** प्रणामी समाज की महिला मंडल की महिला-पुरुष सदस्यों ने रविवार को मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में अबील गुलाल व फूलों की होली जमकर खेली। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति के तत्वावधान में महिला होली मिलन मीडिया मे हो रहे होली मिलन समारोह मे आये इलेक्ट्रॉनिक मिडिया एव प्रेस मीडिया के प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र पहनाकर व गुलाल लगाकर सम्मानित किया।

### अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण

रांची। श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से रविवार को पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी धाम में 76 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें 1100 से ज्यादा श्रद्धालुओ राहगीरों एव जरूरतमंदों ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## विषमता दूर करने को महिलाओं को आगे आने की जरूरत

### रांची महाधर्मप्रांतीय कैथोलिक महिला संघ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मेलन का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची महाधर्मप्रांतीय कैथोलिक महिला संघ के तत्वावधान में रविवार को संत अलबर्ट कॉलेज के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मेलन का आायोजन किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि के राँची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो एसजे रहे। इसके अलावा सम्मेलन में संत मरिया महागिरजाघर के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो एवं अन्य गण्यमान्य अतिथि एवं वक्तागण, समिति के मेंबर्स, तथा रांची महाधर्मप्रांत के कुल 35 पल्लियों से आयी हजारों की संख्या में माताओं व बहनों ने हिस्सा लिया।

बाईबल पाठ के बाद एक छोटी प्रार्थना से शुरु इस एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मेलन में आगत अतिथियों का पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण से स्वागत के बाद शॉल देकर सम्मानित किया गया। संघ की सभानेत्री लीली बारला ने स्वागत संबोधन के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आशय व इतिहास पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने अपने संबोधन मे समाज में अनेकों तरह की आसमानताएं होने का उल्लेख करते हुए कहा कि उन विषमताओं को दूर किए बिना एक सभ्य और खुशहाल समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। कहा कि मैं चाहता हूं कि जो असमानताएं हैं



उन्हें दूर करने के लिये महिलाओं को आगे आने की जरुरत है। इस क्रम में उन्होंने यह भी कहा कि एक ख्रीस्तीय माँ को ईश्वरीय प्रेम तथा अच्छे गुणों में आगे बढ़ना चाहिये।

**नारी को उचित सम्मान मिलना चाहिए :** कैथोलिक बिशप्स कांफ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) ट्राइबल अफेयर्स दिल्ली से आयी सिस्टर ललिता रोशनी लकड़ा डीएसए ने बतौर मुख्य वक्ता आज के मुख्य विषय लैंकि समानता एवं एक साथ सतत मातृत्व की ओर विषय पर अपने विचार रखे। कहा कि लैंगिक भेद नहीं होना चाहिए। कहा कि परिवार, समाज तथा देश के निर्माण में एक नारी का अहम योगदान होता है, उसे उचित सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने महिलाओं पर हो रहे विभिन्न प्रकारके अत्याचार, उत्पीड़न और अपराध पर भी अपने विचार रखे। कहा कि आदिवासीय महिलाओं को परंपरा और मान्यता के नाम पर मुख्य धारा से वंचित रखा जाता है। इसी कड़ी में उन्होंने पापो फ्रांसिस के द्वारा एलजीबीटी (लेसबियन, गे बायोसेक्सुअल एवं ट्रांसजेंडर ) लोगों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण नजरिया अपनाने संबंधी बातों पर जोर दिया। वक्तव्य के अंत में सिस्टर ललिता ने महिलाओं के लिए आदिवासी घड़ी भेंट किया।

प्रधान सचिव कार्मिक वंदना दादेल सम्मेलन में बाइबल में निहित महिलाओं से संबंधित कुछ उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि बुद्धिमान स्त्री घर को बनाती है और मुर्ख स्त्री परिवार का विनाश करती है।

झारखंड संयुक्त प्रवेशा प्रतियोगिता बोर्ड की संयुक्त सचिव रंजीता हेमरोम ने अपने संबोधन में बच्चों की अच्छी परवरिश करने पर जोर दिया व कहा कि एक मां को अपने बच्चों एवं परिवार को भरपूर प्यार देना चाहिए।

## एमटीआइ में माया लैब, बिलियर्ड्स रूम और स्मार्ट क्लास रूम का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की अध्यक्ष सुश्री सोमा मंडल ने एमटीआइ में एक आभासी वास्तविकता प्रयोगशाला 'माया', विश्व स्तरीय बिलियर्ड्स सुविधा और एक स्मार्ट कॉरपोरेट क्लासरूम का उद्घाटन ए दासगुप्ता, निदेशक प्रभारी (बीएसपी), ए प्रकाश, निदेशक प्रभारी (बीएसएल), वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (वाणिज्य), बीपी सिंह, निदेशक प्रभारी (डीएसपीऔर आईएसपी), एके तुलस्यानी, निदेशक (वित्त), केके सिंह, निदेशक (कार्मिक)और एके सिंह, निदेशक (टीपी एंड आरएम) की उपस्थिति में किया। आइआइटी मद्रास के सहयोग से स्थापित अपनी



तरह की अनूठी प्रयोगशाला 'माया' आभासी वास्तविकता (वीआर), संवर्धित वास्तविकता (एआर) और मिश्रित वास्तविकता (एमआर) का एक व्यापक अनुभव प्रदान करती है। इसे सबसे शक्तिशाली उद्योग 4.0 उपकरणों में से एक माना जाता है। यह अनुभव लैब सिमुलेशन, परीक्षण और प्रशिक्षण के कई अनुप्रयोग प्रदान करता है। श्रीमती मंडल ने व्यापक सेट-अप की सराहना की और संगठन की मानव पूंजी के सीखने और विकास के लिए प्रौद्योगिकियोंकी पूरी क्षमता का दोहन करने पर जोर दिया। संजीव कुमार, इडी (एचआरडी), एमटीआइ ने एक मंच की आवश्यकता को रेखांकित किया, जिसके माध्यम से उद्योग-शिक्षाविद उन क्षेत्रों की पहचान करते हैं, जहां इस्पात उद्योग की अपेक्षाओंको पूरा करने के लिए ठोस प्रयास किये जा सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### विधिक सेवा प्राधिकार का जागरूकता अभियान

**रातू।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने महिला दिवस सप्ताह को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। डालसा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता बिरेन्द्र प्रताप सिंह व पीएलवी पुष्पलता देवी ने सति प्रथा उन्मूलन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को कानून की जानकारी देते हुये इसका लाभ उठाने की बात कही। पीएलवी फुलेश्वरी देवी, सुनिता कुमारी, बेबी देवी, नीतु देवी व राजा वर्मा ने भी अपनी बातें रखी। उन्होंने घरेलू हिंसा अधिनियम, डायन बिसाही, बाल विवाह, बाल यौन अपराध के बारे में विस्तार से बताया। इससे पूर्व जागरूकता सामग्री बांटी गयी। मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

### भांटबोडेया में खतियानी महाजुटान का आयोजन

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के भांटबोडेया मैदान में सोमवार को खतियानी महाजुटान का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता टाइगर जयराम महतो मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर आयोजन समिति द्वारा खलारी, बुढ़मू, कांके, रातू, मांडर आदि प्रखंडों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय पटेल ने ग्रामीणों से 1932 खतियान समेत अन्य मुद्दों के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### बकरी चोरों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**सिल्ली।** सिल्ली में बुढ़ाआम के समीप स्थानीय लोगों ने बकरी चोरी करने वाले तीन चोरों को बकरी चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद इनकी धुनाई कर दी। इसकी खबर लोगों ने सिल्ली पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस बल भेजकर तीनों चोरों को लोगों के चंगुल से छुड़ाकर थाने ले आयी। इनमें पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के अड़सा थाना क्षेत्र के गन्धो बाजार, सिरका बाद निवासी अरुण पासी, साहिल पासी एवं रोशन मोदी शामिल है। सिल्ली पुलिस ने बताया कि बकरियों को चोरी कर वाहन में लादना शुरू कर दिया। इस बीच गांव के एक ग्रामीण ने देख लिया। ग्रामीण ने शोरगुल किया तो बदमाशों ने भागना शुरू कर दिया। तभी अन्य गांव के ग्रामीणों ने बदमाशों की घेराबंदी कर तीन को पकड़ लिया।ज्ञात हो कि हाल में इस क्षेत्र के करीब दो दर्जन बकरा व बकरी की चोरी के आतंक से लोग परेशान थे।

### भुसुर और बरवादाग जंगल में लगी आग

**सिकिदिरी।** रांची-मुरी मार्ग के समीप बरवादाग और कांशीडीह के जंगलों में आग लगी हुई है। आग लगने से वनों की हरियाली खत्म हो रही है। असमाजिक तत्वों ने आग लगा दिया है। सुखे पत्ते होने के कारण जंगलों में आग तेजी से फैल रहा है। इधर भुसुर जंगल में भी रविवार को असमजिक तत्वों लगातार दुसरे दिन भी आग लगा दी। भुसुर वन रक्षा समिति के अध्यक्ष महाबीर महतो ने अपने सहयोगी विजय महतो, बलदेव महतो, गुड्डू महतो के साथ मिलकर आग को बुझाया।

### समाजसेवी मोहसीन खान हुए सम्मानित

**सिकिदिरी।** नवागढ़ पंचायत सचिवालय में शनिवार को समाजसेवी मोहसीन खान को ग्रामीणों ने किया सम्मानित किया। मोहसीन खान के प्रयास से नवागढ़ पंचायत में सिकिदिरी सब स्टेशन से बिजली में पहुंचा है। मोहसीन खान ने बताया की इस पंचायत में एक उद्योग स्थापित किया जाएगा। यहां के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा ने ग्रामीणों ग्रामीणों की ओर से उन्हे शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुखिया भुनेश्वर बेदिया, पंचायत समिति सदस्य फाल्गुनी शाही, मानकी राजेन्द्र शाही, सुरेश महतो, जगदीश भोगता, बालिया बेदिया, ऋषी हजाम आदि उपस्थित थे।

### ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में होली मिलन समारोह

**खलारी।** महिला सम्मान से ही खुशहाल परिवार, सभ्य समाज, सशक्त राष्ट्र कि अवधारणा परिपूर्ण होता है। यह बातें खलारी प्रमुख सोनी तिग्गा ने कही। वे रविवार को ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र सुभाषनगर डकरा के द्वारा आयोजित महिला दिवस सह होली मिलन समारोह पर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने कि सामाजिक एवं राजनितिक मोर्चे के साथ साथ अब बेटियां आध्यामिक रूप से सशक्त होकर समाज सुधारक में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। वहीं वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस नेत्री ने कहा नारी एक ऐसी ईश्वरीय कृति है जिसके बिना आप जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।

सोनाहातू में 12 करोड़ 50 लाख से कई योजनाओं का हुआ शिलान्यास

# तालाब निर्माण से हर गांव में लोगों का अपना जलाशय : सुदेश महतो

- 8 करोड़ की लागत से पांच पंचायत में ग्रामीण जलापूर्ति
- 2 करोड़ 93 लाख से जामुदाग से नावाडीह तक पीडब्लूडी सड़क निर्माण
- 1 करोड़ 52 लाख से जामुदाग से दिवड़ीडीह तक सड़क निर्माण
- 14 लाख से तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** प्रखंड के पुड़दाग ओर जामुदाग में सड़क निर्माण कार्य, चोगा ओर जामुदाग-नावाडीह तक सड़क मरम्मत कार्य, दानाडीह, चोगा ओर जामुदाग में ग्रामीण जलापूर्ति योजना तथा चोगा गांव तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने किया। इस दौरान इन्होंने कहा कि हर गांव में अपना जलाशय करने के लक्ष्य को लेकर तालाब निर्माण किया जा रहा है। तालाब निर्माण जल संरक्षण योजना अंर्तगत पानी पंचायत के द्वारा निर्माण किया जायेगा। तालाब निर्माण से सिंचाई सुविधा, जल संरक्षण, भूमि संरक्षण का लाभ मिलेगा। हर घर नल योजना के तहत घर घर में शुद्ध पेयजल पहुँचेगा। प्रखंड में खराब सड़क को मरम्मत किया जायेगा। मौके पर सोनाहातू जिला परिषद मंजू सिंह मुंडा, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, तारणी सिंह मुंडा, श्याम महतो, सुभद्रा देवी, अजम्बर सिंह मुंडा, वीरेन्द्र सिंह मुंडा, रूप कुमार साहू, दिलीप साहू, सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

हाई स्कूल मैदान में होली मिलन समारोह आयोजित

# दिलों को जोड़ने का त्योहार है होली : नवीन जायसवाल

- फगुआ गीतों का चला दौर
- मजबुल खान ने खूब हंसाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** मंडल भाजपा की ओर से होली मिलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाई स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक नवीन जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि थे। पार्टी जनों ने उन्हें अबीर-गुलाल लगा आशीर्वाद लिया। जबकि, लोगों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।हंसी-ठिठौली भी हुयी। श्री जायसवाल ने कहा कि होली दो दिलों को जोड़ने का त्योहार है। उन्होंने शांति और सद्भाव के साथ होली मनाने का आह्वान किया। इस दौरान फगुआ गीत-संगीत का भी दौर चला। प्रसिद्ध नागपुरी कलाकार पवन राय, सुनीता देवी, सुश्री सरस्वती कुमारी ने गायन कला की छटा बिखेरी। लोगों से इसका जमकर लुत्फ उठाया। वहीं, हास्य कलाकार मजबुल खान ने खूब हंसाया। संचालन बादल ने किया। मौके पर अखौरी नीरज, जेम्स खलखो, रूपेश गोप, देवेंद्र सिंह, आलोक उरांव, अमित तिवारी, सुबोध साहू, हजारी प्रसाद, अजय तिवारी, सुनील लोहरा, राजेश सिंह, सत्यनारायण यादव, पप्पू साहू, ईश्वर गोप, बिमल उरांव व रामानंद तिवारी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## झामुमो ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली हिरण पार्क के समीप रविवार को झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी की ओर से होली मिलन समारोह सह शहीद निर्मल महतो झारखंड मेला का समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम पिछले दिनों बुढ़ाआम में आयोजित शहीद निर्मल महतो झारखंड मेला के सफल संचालन के लिए सभी ने संचालन समिति की सराहना की। वहीं आने वाले वर्षों में मेले को और भव्य रुप देने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर कर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, संतोष साहू, अनिल बेदिया, हेमंत कोइरी, संयुक्त सचिव अजीत कुमार महतो, अशोक कुमार महतो, द्वारिका महतो, भागीरथ महतो, दिलीप कुमार महतो, लखीराम बेदिया, फागू वेदिया, उपेंद्र महतो, शंकर महतो, मुकेश महतो, चैता महतो, दुलाल मोदक, तपन मोदक, मनीराम महतो, धीरेंद्र महतो, गोपाल महतो, वीरसाईं महतो, मिथुन चंद्र महतो, विनोद महतो, भोंदूसिंह नायक, मोहर्रम मोमिन समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तहफूज ए इमान और खातून ए जन्नत कांफ्रेंस आज

- मदरसे के 11 अल्लामाओं की होगी दस्तारबंदी
- आरसी शमीम हैं खास मेहमान
- सुरक्षा के हैं चाकचौबंद इंतजाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** मदरसा अहले सुन्नत हज्जन समीरनलील बनात, फुटकलटोली में छह मार्च को एक दिनी तहफूज ए इमान कांफ्रेंस और खातून ए जन्नत जलसा होगा। सुबह 9 बजे शुरू होने वाले खातून ए जन्नत जलसे में 11 अल्लामा की दस्तारबंदी होगी। इसमें इलाहाबाद की आरसी शमीम खास मेहमान होंगी। वहीं, तहफूज ए कांफ्रेंस का आगाज रात के 8 बजे होगी। जलसे में गौसुल आजम, यूपी के मौलाना सैयद आमिर मसऊदी, इलाहाबाद के मुफ़्ती मो शोएब रजा आसवी, एदार सरिया रांची के मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, मशहूर शायर अख्तर काशिफ व फरहत मधुपुरी तथा नात में प्रसिद्ध रांची के महफुज आलम बतौर अतिथि भाग लेंगे। यह जानकारी मदरसा के डायरेक्टर कमरुल हक रिजवी ने रविवार की शाम पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि दोनों ही कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। श्री हक ने इलाके के लोगों से कांफ्रेंस में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। इधर, जलसे को लेकर महिला और युवतियों में विशेष उत्साह है। गांव में काफी चहल-पहल है।

## इस्लाही तंजीम के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी के कम्युनिटी हॉल में रविवार को एक समारोह आयोजित कर इस्लाही तंजीम के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। पूर्व एसडीओ मो. तस्लीमुद्दीन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव शामिल हुए। कार्यक्रम में इस्लाही तंजीम के नवनिर्वाचित सदर जीशान अहमद, सेक्रेटरी शमशाद खान, नायब सदर तबरेज खान व नायब सेक्रेटरी इरशाद हाशमी टुन्नू को कन्वेनर मास्टर इरफान द्वारा प्रमाणपत्र व शपथ दिलाया गया। इसके अलावा इस्लाहुल एराकींन व जमीयतुल मोमिनीन के पदधिकारियों तथा समाज के सरपरस्तों को शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया। संचालन इकबाल अहमद नईमी ने किया।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित कर दी गई भावभीनी विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड परिसर स्थित बीआरसी भवन सभागार में सेवानिवृत्त शिक्षक छेदीलाल महतो एवं शिक्षिका फुलमनी कुमारी का सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। छेदीलाल महतो मध्य विद्यालय हाकेदाग एवं फुलमनी कुमारी मध्य विद्यालय सिल्ली बोर्ड में पदस्थापित थे। समारोह को संबोधित करते हुए बीपीओ मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। जिससे समाज सशक्त और मजबूत होता है। सेवानिवृत्ति के बाद समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। इस मौके पर प्रखंड के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को फुल माला एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर बीरेंद्र कुमार महतो, उपेंद्र लाल महतो, समीर सिंह, अरुण कोईरी, किरण, खीरो देवी, सीताराम, मिना साहू, मोहित कुमार, धनंजय महली, प्राणेश, महेंद्र देव सिंह, अनिल कुमार, प्रह्लाद लोहरा, दिलीप कुमार, संजय टोप्पो आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## होली और शब-ए-बरात को लेकर निकाली गई फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** होली और शब बरात को लेकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने निकाली फ्लैग मार्च। दोनों त्योहारो शांति व सौहार्द पूर्ण मनाने को लेकर बचरा, बहेरा कल्याणपुर, बेंती, किचटो आदि पंचायतों में सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रोशन एवं पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व मे शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में दर्जनों सशस्त्र बल के जवानो ने क्षेत्र का भर्मण किया। पिपरवार सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रोशन एवं थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च में उन लोगों के लिए कड़ी चेतावनी है जो सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के फिराक में लगे रहते हैं। साथ ही यह भी कहा कि कहीं किसी भी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत नहीं होने दी जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने कई संदिग्ध वाहनों को चेकिंग भी किया। इस दौरान पुलिस मुख्य बाजार सहित कई संवेदनशील स्थानों से गुजरी एवं पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

## न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल में दसवीं के छात्रों का विदाई समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी में दसवीं के छात्रों को के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति अवॉर्डी फलक फातिमा, साइंस विजन पब्लिक स्कूल मारवा के निदेशक आशिम अख्तर, गुडविल पब्लिक स्कूल के निदेशक तौफीक कंसारी, निश्चल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के निदेशक उमेश केसरी उपस्थित थे। बच्चों को संबोधित करते हुए पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा जीवन की पहली परीक्षा आपके माता-पिता गुरुजनों रिश्तेदार एवं शुभचिंतकों की आशाओं की परीक्षा होती है। राष्ट्रपति अवार्ड फातिमा ने कहा बच्चियां आज किसी से भी कम नहीं है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निदेशक राशिद अंसारी ने अतिथियों के लिए स्वागत भाषण देते हुए बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक रतन नाग, हजीना खातून, सलमा खातून, जीनत कौशर, सपना सिन्हा, फरहा नाज, फैयाज खान, प्रथम बैच के छात्र सगीर अंसारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### होली मिलन में दिखी पारंपरिक एकता की झलक

**रातू।** कृषक उवि गड़री गुडू में होली मिलन सह दशवीं के बच्चों की बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। शहीद बिशुन महतो स्मारक संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पारंपरिक एकता की झलक देखने को मिली। लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा होली की बधाई दी। पर्यावरण संरक्षण पर झांकी प्रस्तुत की गयी। अभिभावकों के बीच पौधे बांटे गये। मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चे-बच्चियों का उत्साह बर्द्धन किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में बेहत्तर प्रदर्शन के लिये साक्षी कुमारी व श्वेता तिर्की सम्मानित की गयी। वहीं, बच्चों ने विद्यालय प्रबंधन को स्मृति चिन्ह भेंट की। प्राचार्या सीमा कुमारी व सचिव अशोक महतो ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये होली की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व गीत-संगीत का भी दौर चला। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गयी। संचालन मेलसा स्वेता तिर्की ने किया। मौके पर अनिल तिर्की, सुचित्रा सिंह, करमा महतो, सुरेश उरांव, प्रेमचंद मुंडा, परमदीप महतो, पितांबर महतो, रामा उरांव, कालीराम उरांव, शिवदेव गोप, शशिकांत पाठक, रामनंदन महतो, राजु महतो, पिंटु प्रजापति, नलनी रंजन प्रसाद, सुनिता कच्छप, संजय कुमार महतो, समीर कुमार, दिनेश उरांव, अंजली लकड़ा, लक्ष्मी बारला, शुभम कुमार, प्रदीप कुमार व बच्चे आदि शामिल थे।

### इटकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**इटकी।** होली, शब-ए-बरात व सरहुल के मद्देनजर रविवार को इटकी थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक हुई। बैठक में पर्वों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर पूर्ण शराबबंदी व पुलिस गश्त तेज किये जाने की आवश्यकता जतायी गयी। बैठक में डीएसपी रजत मणिक बाखला, सीओ रश्मि लकड़ा,थाना प्रभारी रजनी रंजन, उप प्रमुख परवेज आलम, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, अफसर इमाम,अजीत केसरी, सलीम अंसारी, मो मोइन, कमेश बर्मन, मुर्तजा आलम, रकीब अंसारी, तफज्जुल हुसैन, अकील अहमद, तस्लीम अंसारी, सज्जाद अंसारी, इम्बेसात आलम, महेंद्र, जिशान अहमद, जगमोहन महतो व इरशाद टुन्नू सहित अन्य शामिल थे।

## शहीद वीर बुधू भगत इंटर कॉलेज में विदाई समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो।** शहीद वीर बुधू भगत इंटर कॉलेज चान्हो के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 11वीं के विद्यार्थियों की ओर से कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। विदाई समारोह के दौरान कॉलेज परिसर में होलिका दहन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुशील मिंज ने 12वीं के विद्यार्थियों को उनके फाइनल परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक सफीउल्लाह अंसारी ने विद्यार्थियों को उनके चौदह मार्च से शुरू होने वाले परीक्षा के विषय में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मौके पर मोहसिन खान, नीलिमा टोप्पो, सुमन उरांव, सुकरमनी उरांव, विकास उरांव, मिथिलेश सिंह, आफताब अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

जंगली हाथी खेतों में मचा रहे तांडव, ग्रामीणों का आरोप

# सूचना के बाद भी गांव नहीं पहुंच रहे वन कर्मी

संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड क्षेत्र के गांवों में जंगली हाथियों का हर दिन उपद्रव बदस्तूर जारी है। जंगली हाथियों का झुंड गेहूं व सब्जी की फसल को हर दिन खाकर रौंद रहा है।जिससे अन्नदाता किसान त्राहिमाम कर रहे हैं। जंगली हाथी गेहूं व सब्जी की फसल को अपना निवाला बना रहे हैं। वही वन विभाग व जिम्मेदार उदासीन है। जहां रविवार की अहले सुबह लगभग साढ़े तीन बजे तीन जंगली हाथियों ने जमनी गांव के सालिक सिंह के तीन जगह के खेतों में लगी गेहूं व 50 हजार रुपये की मटर की फसलों को हाथियों ने रौंदकर और खाकर बर्बाद कर दिया। इस घटना के बाद से परिवार के लोग काफी परेशान हैं कि कर्ज कैसे चुकता करंगे। वही हाथी ने अवधेश सिंह व धरमु सिंह के गेहूं व मटर वीरेंद्र साहू का मटर व शिमला मिर्च, सुरेश गोप का आलू और पंडरा गांव में मुनु गोप का गेहूं को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। वही खक्सी टोली में बलराम भगत के बोरिंग सिंचाई मशीन को उखाड़ कर तोड़ दिया। इधर किसान सालिक सिंह ने कहा कि तैयार मटर की फसल को जंगली हाथी ने बर्बाद कर दिया है। वही वन कर्मियों को बुलाने से भी नहीं आते है। इनका कहना है कि अगर विभाग इसी तरह सुस्त पड़ा रहा तो हमलोगों को हाथियों के डर से खेती करना भी छोड़ देना पड़ेगा। वही हमलोगों को कोई मुआवजा नहीं मिलता है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीनों से प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में हाथियों की आतंक से गांव के लोग परेशान हैं। वही जिम्मेदार उदासीन है। हाथियों का झुंड लगातार गांव का भ्रमण कर रहा है और मौका मिलते ही कहीं घर तोड़ दे रहा है तो कहीं किसानों के द्वारा लगे फसलों को रौंद कर बर्बाद कर रहा है। इधर हाथियों के उत्पात से राहत दिलाने के लिए विभागीय स्तर पर समुचित उपाय नहीं किए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# चोरी की घटना पर डीएसपी प्रवीण सिंह ने कहा- नागरिकों की सजगता से ही नियंत्रित होंगे अपराध

- संडे मार्केट में बना बाइक स्टैंड
- पुलिस कर रही है निगहबानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** डीएसपी प्रवीण सिंह क्षेत्र में आये दिन हो रही चोरी समेत अन्य अपराधिक घटनाओं को लेकरकाफी सख्त हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सजगता से ही अपराध को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। इसमें समाज के प्रबुद्ध लोगों का सहयोग जरूरी है। इसके बिना पुलिस की हर कोशिश बेकार होगी। वह रविवार को साप्ताहिक संडे मार्केट में बनाये गये मोटर साइकिल व ऑटो आदि वाहन पड़ाव का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि चोरी के खिलाफ इलाके के सभी बाजार और सार्वजनिक स्थानों में स्टैंड बनाये जायेंगे। पुलिस खुद वाहनों की निगहबानी करेगी। सतर्कता को लेकर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर देते हुये डीएसपी ने कहा कि स्टैंड में पुलिस पदाधिकारी और जवान मुस्तैद रहेंगे।

### संदिग्ध की दें सूचना

श्री सिंह ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि क्षेत्र में किसी भी जगह यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे, उसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। ताकि, उससे पूछताछ की जा सके। उन्होंने इस बात पर अफसोश जताया कि जब घटना घटती है, तो लोग न तो भुक्तभोगी का सहयोग करते हैं और न ही पुलिस का। इससे अपराध को बढ़ावा मिल रहा है।

# आप की ईमानदारी?


आबकारी घोटाले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी निस्संदेह, आप को असहज स्थिति में डालने वाली ही है। भले ही आप का शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ता इसे राजनीतिक दुराग्रह से प्रेरित कार्रवाई बता रहे हों, लेकिन सवाल यह भी है कि कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ उम्मीद बनकर उभरी पार्टी के मंत्री व नेता गाहे-बगाहे भ्रष्टाचार के आरोपों में क्यों घिरते नजर आ रहे हैं। पंजाब की आप सरकार के सामने भी ऐसे कई मामले उजागर हुए हैं। हालांकि, कोर्ट से राहत न मिलने के बाद सिसोदिया और मनी लॉड्रिंग मामले में गिरफ्तार सत्येंद्र जैन के इस्तीफों के गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं,लेकिन लगता नहीं कि आप का यह संकट जल्दी ही खत्म होने जा रहा है। इसकी वजह यह भी है कि कोर्ट से राहत न मिलने के बाद मनीष सिसोदिया को सीबीआई रिमांड पर भेजा गया है। निस्संदेह, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों से इतर एक तथ्य यह भी है कि दिल्ली की आप सरकार की नयी आबकारी नीति की खामियों पर सरकार के मुख्य सचिव की रिपोर्ट पर ही दिल्ली के उपराज्यपाल ने मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि आप सरकार गलत नहीं थी तो उसने अपनी नयी आबकारी नीति वापस क्यों ली? दरअसल, इस नीति में शराब की बिक्री में सरकार की भूमिका खत्म करके जिस तरह शराब व्यापारियों को सौंपा गया, उसने कई सवालों को जन्म दिया। आरोप लगा कि मुट्ठीभर शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई। आप के दो मंत्री जेल में है और यह पूरा मामला न्यायिक भी है। ऐसे में केजरीवाल की हठधर्मिता भी थी कि एक मंत्री के महिनों जेल में रहने के बाद भी उनसे इस्तीफा नहीं लिया। अब एक साथ दो मंत्री के इस्तीफे लेने पड़ें। निश्चित ही आप भ्रष्ट हैं तो लंबे समय तक आप की ईमानदारी नहीं टिकेगी।

# बिल गेट्स की दृष्टि

माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने स्वास्थ्य, विकास एवं जलवायु जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति की सराहना की है। गेट्स ने कहा कि देश यह दिखा रहा है जब नवाचार में निवेश किया जाता है, तो क्या-क्या संभव है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स ने कई सुरक्षित, प्रभावी और किफायती टीके विकसित करने की अद्भुत क्षमता'' के लिए भारत की प्रशंसा की। इनमें से कई टीके विकसित करने में गेट्स फाउंडेशन' ने मदद की है। इन टीकों ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान लाखों लोगों का जीवन बचाया और दुनियाभर में अन्य बीमारियों को फैलने से रोका। भारत की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने एक लेख में कहा, ऐसे समय में जब दुनिया के सामने इतनी सारी चुनौतियां हैं, भारत जैसी गतिशील और रचनात्मक जगह की यात्रा से प्रेरणा मिलती है।' गेट्स ने कहा कि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण पिछले तीन वर्षों में उन्होंने ज्यादा यात्रा नहीं की, लेकिन वह खासकर कोविड के टीके विकसित करने और भारत की स्वास्थ्य प्रणालियों में निवेश के मामलों को लेकर मोदी के संपर्क में रहे। नये जीवनरक्षक टीकों के उत्पादन के अलावा, भारत उनके वितरण में भी उत्कृष्ट रहा और उसकी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली ने कोविड टीकों की 2.2 अरब से अधिक खुराक वितरित की हैं। भारत ने को-विन' नामक ऐप बनाई, जिसकी मदद से लोगों को टीकाकरण के लिए निर्धारित समय दिया गया और टीके लगने के बाद लोगों के लिए डिजिटल प्रमाण पत्र जारी किये गये। भारत ने महामारी के दौरान 20 करोड़ महिलाओं सहित 30 करोड़ लोगों को आपातकालीन डिजिटल भुगतान किये। निश्चित ही बिल की दृष्टि में देश की आइटी सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रणाली वैश्विक स्तर चर्चा का विषय रहा है।

# आधी आबादी की बढ़ती ताकत



- श्रेयसी मिश्रा

> बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसी योजनाओं से जहां सामाजिक सोच बदली है और इससे बेटियों की शिक्षा और करियर का मार्ग खुला है। वहीं, सुकन्या समृद्धि योजना ने बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य की नींव डालने का काम किया है। इन योजनाओं का प्रभाव अब गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रहे परिवारों की बेटियों की सामाजिक स्थिति पर दिखाई पड़ने लगा है।

महिलाओं के सशक्तीकरण और लैंगिक समानता को चिन्हित करता हुआ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह एक मार्च शुरू हो चुका है, जो 8 मार्च तक चलेगा। लैंगिक भेदभाव को खत्म करने के लिए महिलाओं के संघर्ष का इतिहास लंबा है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कामगारों के आंदोलन से निकला था, इसकी शुरूआत वर्ष 1908 में उस वक्त हुई थी, जब अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में करीब 15000 महिलाओं ने काम के घंटे कम करने और अच्छी तनख्वाह के लिए आंदोलन किया था। इतना ही नहीं उन्होंने मतदान का अधिकार भी मांगा था। इस आंदोलन के महज एक वर्ष बाद अमेरिका की सोशलिस्ट पार्टी ने पहला महिला दिवस मनाया। अन्य देशों ने भी महिलाओं के प्रति समानता, सम्मान, सुरक्षा और सशक्तुकरण जैसे मुद्दों को पहचाना और महिला दिवस को उत्सव के रूप में मनाने की शुरूआत की। इस बार संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का थीम- डिजिटल ऑलः लैंगिक समानता के लिए आविष्कार और तकनीक रखा है। जिसका लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं की ओर से ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को लक्षित करना है।

बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसी योजनाओं से जहां सामाजिक सोच बदली है और इससे बेटियों की शिक्षा और करियर का मार्ग खुला है। वहीं, सुकन्या समृद्धि योजना ने बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य की नींव डालने का काम किया है। इन योजनाओं का प्रभाव अब गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रहे परिवारों की बेटियों की सामाजिक स्थिति पर दिखाई पड़ने लगा है। बेटियों के साथ लैंगिक भेदभाव और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार की योजना बेटी बचाओ, बेटी पढाओ (बीबीबीपी), योजना काफी सफल रही। वर्ष 2015 में, भारत सरकार ने देश में लैंगिक भेदभाव और महिला सशक्तीकरण की चुनौतियों से निपटने के लिए, इसकी शुरूआत थी। इस योजना का उद्देश्य लोगों को लैंगिक पक्षपात के खिलाफ शिक्षित करना और बालिकाओं के लिए कल्याणकारी सेवाओं की प्रभावशीलता में सुधार करना है। इसका उद्देश्य- बाल लिंगानुपात में सुधार, लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण, लिंग-पक्षपाती, लिंग-चयन की रोकथाम, बालिकाओं की सुरक्षा के साथ शिक्षा में बेटियों को प्रोत्साहित करना है।

इसी तरह सुकन्या समृद्धि योजना की शुरूआत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, अभियान के तहत की गई थी। इसके अंतर्गत 10 वर्ष के कम उम्र की बालिकाओं के नाम से उनके माता-पिता या कानूनी अभिभावक किसी भी अधिकृत बैंक या नजदीकी डाकघर में खाता खुलवा सकते हैं, जो न्यूनतम 250 रुपये से 1.50 लाख रुपये तक हो सकता है। योजना का उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा, विवाह आदि में होनेवाले खर्च के लिए बचत करना है, कुल अवधि 15 वर्ष है। योजना का लाभ दत्तक पुत्री को भी मिलेगा। वर्तमान में इस योजना में कई कर लाभ हैं और सभी लघु बचत योजनाओं में सबसे अधिक ब्याज दर, यानी 7.6 प्रतिशत है। जमा की गई मूल राशि, पूरे कार्यकाल के दौरान अर्जित ब्याज और परिपक्वता लाभ कर-मुक्त है। योजना की शुरूआत के बाद से, योजना के तहत लगभग 2.73 करोड़ खाते खोले गए हैं, जिनमें लगभग 1.19 लाख करोड़ रुपये जमा हैं।

वहीं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरूआत मई 2016 में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से की गई थी। इससे निकलनेवाले धुएं का प्रभाव उनकी सेहत पर सीधा पड़ता था। योजना के तहत मार्च 2020 तक वंचित परिवारों को 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य था। योजना के तहत एलपीजी कवरेज को 1 मई 2016 को 62 प्रतिशत से बढ़ाकर 1 अप्रैल 2021 को 99.8 प्रतिशत करने में मदद मिली। वित्त वर्ष 21-22 के केंद्रीय बजट के तहत, उज्ज्वला योजना के तहत अतिरिक्त एक करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी करने का प्रावधान है। महिलाएं पूर्व में सेना और नौसेना में शॉर्ट टर्म सर्विस कमीशन के तहत काम करती थीं। फरवरी 2020 में सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक आदेश दिया, जिसमें सेना में महिलाओं के लिए स्थायी कमीशन लागू किया गया, जिसकी बदौलत वे सेवानिवृत्ति तक सेना में काम कर सकती हैं। जिन विभागों में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन दिया गया है, उनमें- न्यायाधीश एडवोकेट जनरल, सेना शिक्षा कोर, इंजीनियर, सिग्नल, आर्मी एविएशन, आर्मी एयर डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आर्मी सर्विस कॉर्प्स, आर्मी ऑर्डिनेंस कॉर्प्स, इंटेलिजेंस कोर, शामिल हैं। इस योजना से न सिर्फ सेना में महिलाएं सेना में अधिक मजबूत स्थिति में हैं।

महिलाओं की बचत करने की आदत भी उनकी ताकत रही है। अब तो केंद्र सरकार ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में महिलाओं को लिए नई बचत योजना का तोहफा दिया। इसका नाम महिला सम्मान बचत पत्र, है। इसके तहत महिला और युवतियों को अधिकतम 2 लाख रुपये की एकमुश्त राशि जमा कराने की सुविधा होगी, जिस पर 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। इस बचत जमा की अवधि दो वर्ष की है, जो मार्च 2025 तक रहेगी। अगर महिलाएं- महिला सम्मान बचत पत्र योजना का लाभ उठाना चाहती हैं, तो मार्च 2025 तक अधिकतम दो लाख रुपये की राशि जमा करवानी होगी। महिलाएं पक्के मकानों में ज्यादा सुरक्षित होती हैं, साथ ही उन्हें मौसम संबंधी परेशानी भी नहीं झेलनी पड़ती है।

वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला हेल्पलाइन योजना, तस्करी की रोकथाम और बचाव, तस्करी के पीड़ितों के पुनर्वास और पुनः एकीकरण और वाणिज्यिक यौन शोषण के लिए व्यापक योजना सखी निवास, स्वाधार गृह (कठिन परिस्थितियों में महिलाओं के लिए योजना), महिला पुलिस वालंटियर्स, महिला शक्ति केंद्र (एमएसके), निर्भया जैसी योजनाएं हैं, जिन्होंने महिलाओं को मजबूती दी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

## खास बात

# स्त्री की छवि



**दीप्ति सिंह**

**जब** आज के युग में यह स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लिया गया है कि घर के कामों को पति और पत्नी समान रूप से मिलकर निपटाते हैं, पत्नी का स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि पति का; एक महिला को छुट्टी पर जाने और मौज-मस्ती करने का उतना ही अधिकार है जितना पुरुष को; फिर ऐसा क्यों है कि विज्ञापनों में वही पुरानी छवि पेश की जाती है? बाथरूम क्लीनर के विज्ञापन में महिलाओं को सफाई एजेंटों के रूप में क्यों दिखाना चाहिए? प्रेशर कुकर का विज्ञापन या मसाला ब्रांड का प्रचार या कुकिंग ऑयल का विज्ञापन केवल महिलाओं के लिए ही क्यों होना चाहिए? एडवेंचर और मस्ती को दर्शाने वाले विज्ञापनों में केवल पुरुषों को ही क्यों दिखाया जाना चाहिए? महिलाओं को ऐसा तेल क्यों चुनना चाहिए जो उनके पतियों को स्वस्थ रहने में मदद करे इसके उलट क्यों नहीं? सौभाग्य से, मैं आजकल, कुछ विज्ञापन देखती हूं जो इन रूढ़ियों से दूर जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे विज्ञापन बहुत कम हैं। उपभोक्ताओं के सोचने और कार्य करने के तरीके को भी प्रभावित करते हैं, खासकर जब उत्पादों या सेवाओं का लाखों अनुयायियों के साथ मशहूर हस्तियों द्वारा समर्थन किया जा रहा हो। विज्ञापनदाता और समर्थनकर्ता दोनों को इसके प्रति संवेदनशील होना होगा और जिम्मेदारी से काम करना होगा। लेकिन हमेशा ऐसा होता नहीं। इसका एक बड़ा उदाहरण फेयरनेस क्रीम और साबुन की मार्केटिंग है। यह सच है कि रंग पूर्वाग्रह हमारे समाज में पहले भी था, लेकिन अपने उत्पादों को बेचने के लिए, दशकों तक इन निमार्ताओं ने अपने विषैले संदेशों के जरिये गोरी त्वचा को सुंदरता और सफलता से जोड़ा। मैसूरू में युवाओं के खरीद-व्यवहार और विश्वास प्रणाली पर फेयरनेस क्रीम के विज्ञापनों के प्रभाव पर एक अध्ययन रिपोर्ट छपी, इसमें सामने आया कि कैसे फेयरनेस क्रीम विज्ञापनों ने सुंदरता की परिभाषा को प्रभावित किया। सुंदर सांवले लोगों के मानस को इन विज्ञापनों ने जो नुकसान पहुंचाया।

(प्रशिक्षु संत जेवियर कॉलेज रांची)

# एकाग्रता

## धर्म-प्रवाह

स्वामी निरंजनानंद सरस्वती

योग काम आता है, जब हम शरीर को स्वस्थ बनाकर मन के क्षेत्र में प्रवेश करते हैं तो मानसिक क्षेत्र में सबसे पहले विश्राम करने की कला सिखलाई जाती है। यह विश्राम करने की कला हर मनुष्य के लिए अलग है। विद्यार्थी को एक प्रकार से विश्राम करना सिखलाया जाता है, व्यवसायी को दूसरे प्रकार से विश्राम करना सिखलाया जाता है, एक बुजुर्ग को अन्य प्रकार से विश्राम करना सिखलाया जाता है, क्योंकि इन सभी में तनाव का प्रभाव अलग-अलग होता है। विश्राम की कला सिखाकर, व्यक्तित्व के सभी सूक्ष्म स्तरों को तनावमुक्त करके, फिर मन को एक बिन्दु पर केन्द्रित करने की शिक्षा मिलती है।

जब मन एकाग्र होता है, तब आपको दस बार कोई चीज रटने की आवश्यकता नहीं रहती। एक बार देखा या सुना और समझ गये। मन की ग्रहणशीलता इतनी तीव्र हो जाती है कि कुछ विशेष गुण विकसित होने लगते हैं, जो हमें अस्वाभाविक लग सकते हैं। स्वामी विवेकानंद जी के बारे में पढ़ते हैं कि उनकी स्मृति फोटोग्राफिक थी। एक बार कुछ देख लेते थे तो भूलते नहीं थे। हर कोई चाहता है कि उसकी स्मृति फोटोग्राफिक हो जाए, लेकिन उस अवस्था को प्राप्त करने के लिए मानसिक प्रशिक्षण आवश्यक है। ये क्षमताएं असधारण दिखलाई देती हैं, लेकिन जो व्यक्ति उस अवस्था में पहुँच चुका है, उसके लिए यह साधारण मानसिक प्रक्रिया है। जब लोगों ने हवाई जहाज को पहली बार देखा, तो सोचा कि इतनी भारी मशीन हवा में कैसे उड़ सकती है।



मा. राष्ट्रपति जी द्वारा 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन श्रेणी में ललितपुर की श्रीमती शारदा देवी जी को 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023' मिलने पर बधाई!

यह सम्मान आदरणीय प्रधानमंत्री जी के जल की हर बूंद को सुरक्षित करने के आह्वान के प्रति मातृशक्ति के प्रयासों का अभिनंदन है।

– योगी आदित्यनाथ

## आपके ट्वीट

कांग्रेस काल में जहां मिली सब्सिडी से राहत, ह्यमित्र काल में बस जनता की जेब कटी, और देश की संपत्ति मित्र को खैरात में बटी।


–राहुल गांधी





आंकड़े आए हैं की, शिक्षा हेतु केंद्र सरकार करीब 1 लाख 13 हजार करोड़ खर्च करती है, उसके अन्य मंत्रालय भी करते हैं, राज्य भी करते हैं। क्या कभी आकलन हुआ कि इस भारी खर्च के क्या गुणात्मक परिणाम मिले हैं? नही तो चिंता हो। – महेश पोद्दार

# दुनिया में सबसे विख्यात है कृष्ण की होली




**प्रिया राज**

**कहते हैं** कि होली के त्योहार में रंग और धमाल श्रीकृष्?ण के कारण प्रारंभ हुआ था। यही कारण है कि आज भी ब्रजमंडल में होली की सबसे ज्यादा धूम रहती है। योगेश्वर कृष्ण का योग सदैव भक्तों से असीम कृपा सहित रहा है। हो...ली प्रकृति का ईष्ट से मिलन का त्योहार है।

**1. बांकेबिहारी की होली :** संपूर्ण ब्रजमंडल में होली और रास की बड़ी धूम रहती है। ब्रजमंडल में खासकर मथुरा में लगभग 45 दिन के होली के पर्व का आरंभ वसंत पंचमी से ही हो जाता है। बसंत पंचमी पर ब्रज में भगवान बांकेबिहारी ने भक्तों के साथ होली खेलकर होली महोत्सव की शुरूआत की थी। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। ब्रज मंडल में होली सबसे ज्यादा धूम बरसाने में रहती है। विश्वविख्यात है बसराने की होली। इस होली को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। यहां कई तरह से होली खेलते हैं, रंग लगाकर, डांडिया खेलकर, लट्ठमार होली आदि। राधा-कृष्ण के वातार्लाप पर आधारित बरसाने में इसी दिन होली खेलने के साथ-साथ वहां का लोकगीत 'होरी' गाया जाता है।

**2. पूतना का वध** : मथुरा की जेल में जन्म लेते ही श्रीकृष्?ण नंदगाव क्षेत्र में पहुंच गए थे जहां उनका बचपन गुजरा और कई असुरों का वध किया और देवों का उद्धार किया। होली के त्योहार में रंग कब से जुड़ा इसको लेकर मतभेद है परंतु

## पर्व



इस दिन श्रीकृष्ण ने पूतना का वध किया था और जिसकी खुशी में गांववालों ने रंगोत्सव मनाया था।

**3. रासलीला** : यह भी कहा जाता है कि इस दिन श्रीकृष्ण ने गोपियों के संग रासलीला रचाई थी और दूसरे दिन रंग खेलने का उत्सव मनाया था। श्रीकृष्?ण जब थोड़े बड़े हुए तो वृंदावन उनका प्रमुख लीला स्थली बन गया था, जहां उन्होंने रास रचाकर दुनिया को प्रेम का पाठ पढ़ाया था।

**4. रंगपंचमी** : होलिका दहन के दूसरे दिन धुलेंडी और धुलेंडी के चौथे दिन रंगपंचमी मनाई जाती है। कहते हैं कि इस दिन श्री कृष्ण ने राधा पर रंग डाला था। इसी की याद में रंग पंचमी मनाई जाती है। इस दिन श्री राधारानी और श्रीकृष्?ण की आराधना की जाती है। राधारानी के बरसाने में इस दिन उनके मंदिर में विशेष पूजा और दर्शन लाभ होते हैं।

**5. पीला रंग :** श्रीकृष्ण और भगवान विष्णु को पीला रंग प्रिय है। इसलिए श्रीकृष्ण को पीतांबर कहा जाता है और पीले फूल, पीले वस्त्र से वह सजे हुए रहते हैं। होली के दिन भगवान श्रीकृष्ण को पीला रंग समर्पित करना चाहिए।

**6. गोविंद होली :** महाराष्ट्र सहित देश के कई क्षेत्रों में गोविंदा होली होली मनाते हैं। अर्थात मटकी-फोड़ होली खेली जाती है। इस दौरान रंगोत्सव भी चलता रहता है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में मटकी फोड़ने के दौरान कुछ लोगों की

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### उम्मीद पर खरा

**मोदी** सरकार के वर्तमान कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट पूरी तरह से चुनावी चाशनी में डूबा संतुलित बजट है, जिसमें आम आदमी की ज्यादातर जरूरतों का ध्यान रखने का प्रयास किया गया है और कहा जा सकता है कि यह चुनावी ही सही पर आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरता बजट है। निश्चित तौर पर यह बजट आगे आने वाले दिनों में विकास को सहायक होगा

– रवि, रांची

### वादे हैं वादों का क्या

**पांच** साल बाद होने वाले चुनाव में हर बार नया घोषणा पत्र और नये वादे लेकर नेता लोग जनता के बीच में आते हैं। चुनाव के समय जनता को भ्रमित करने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा इतने सारे झूठे और खोखले वादे किए जाते हैं । इन नारों और वादों को रोक पाना आम आदमी के बस की बात नहीं है, इसलिए चुनाव आयोग को सख्त निर्णय लेना चाहिए । तब देखें कौन कितने वादे करता है।

– रमण सिंह, रांची

# हम तो चले परदेश ... गांव से शहर, शहर से महानगर...



**मनोज शर्मा**

मेरे पहचान के एक सेनि प्राध्यापक रांची में अपना आवास बेच कर पुणे जा रहे हैं। भागलपुर के मूल निवासी रहे अब सब कुछ छोड़ कर पुणे में बस जायेंगे। बेटे बेटी दामाद सभी पुणे में नौकरी कर रहे हैं। कहते थे गांव कभी नहीं छोड़ेंगे? उनकी पैतृक संपत्ति, गांव का मकान, बाग बगीचे सब कुछ देर सबेर जैसे तैसे ठिकाने लग जायेंगे। उनके बाद परिवार में भाषा, मूल निवास, पैतृक पहचान,संस्कृति सब लुप्त हो जायेगी।

आज से तीन दशक पहले जिस मूल झारखंडी बंगाली संयुक्त परिवार को मैने भरा पूरा देखा था। उस भरे पूरे हंसते खेलते परिवार में अभिभावकों के रिटायर होकर बुढाने मरने के बाद सभी युवा बेंगलुरु, कनाडा, दिल्ली, चेन्नई में नौकरी करने चले गये। अब वह मकान बिकने जा रहा है। झारखंड अवैद्य समाज के पुरोधा रहे उस परिवार का संभवतः कुछ ही दिनों में रांची झारखंड से नाता हमेशा के लिये खत्म। कैसे कोई अपने गांव, शहर की पहचान और सारे ताने बाने को छोड़ कर गिने चुने महानगर या विदेश में जाकर खो जाता है। खाकसार अपने सारण जिले के पैतृक गांव में दस पीढ़ी पहले का रिकार्ड रखा है। ये कथा भी सुने हैं कि मेरे पूर्वज चार भाई किसी शक्तिशाली शत्रु को निबटा कर अन्यत्र से भाग कर वर्तमान गांव आये थे और यहां जंगल साफ कर खेती लायक जमीन बनाये और चार घर बना कर एक नया गांव बसाये। आज कुछेक सौ साल बाद भी यह नयका घरारी (नया टोला) नाम से ही जाना जाता है दूर रह कर भी यह नयका घरारी मेरे खून में समाया हुआ है।

## मंथन

आज हममें से ज्यादतर आजीविका और पढाई के लिये मूल से कटे हुये हैं आगे और कटते ही जा रहे हैं। गांव से शहर, शहर से महानगर, महानगर से विदेश की चाह और अंततः भाषा के साथ ही गांव से हमारी विलुप्ति। यह सिलसिला कई राज्यों में चल रहा है। बिहार ,झारखंड, उत्तराखंड या कहीं और। उत्तराखंड और झारखंड में तो गांव के गांव वीरान हो चुके हैं। एक पंजाबी युवा कनाडा और टोरंटो जाना ही अपने जिंदगी का लक्ष्य मानता है। सभी मुंबई,दिल्ली,पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, गुड़गांव, अहमदाबाद,कोलकाता जैसे महानगरों में सिमट रहे हैं। महानगरों वाले आस्ट्रेलिया, अमेरिका, इंग्लैंड,जर्मनी, जापान जा रहे हैं। हां जा रहें हैं। गांवों में कहा जाता है कि कहीं भी पांचवी पीढ़ी उस स्थान से पलायन कर जाती है। लगता है ये कुछ सच है।

गांव में हम सबके कुलदेवता और ग्रामदेवता भी निवास करते हैं। सोचता हूं कि अभी तो हर साल किसी तरह एक बार हम इनकी सुध लेने भी आते हैं। मान्यता है कि साल में इनकी एक बार पूजा पूरे कुनबे को निरोग और धन्य धान्य से संपन्न रखती है। अगर सभी ऐसे ही गाव से पलायन करते गये तो ये देवता क्या करेंगे, कहां जायेंगे ? हमारे ये देवता भी बेसहारा हो जायेंगे। मैं जब गांव जाता हूं तो अकेले उस स्कूल को झांक आता हूं जिसमें मैने 45साल पहले बोरे पर बैठ कर ककहरा से लेकर पहाड़ा गाया, उन बगीचों, बचपन के बचे कुछेक पुराने पेड़ों से बतिया आता हूं, दरधा, बलुआ, पुरूबोर के खेत गाछी को देख आता हूं।

कमाल है कि वहां वही चार दशक पुराना वसंत ,वही महक, वही ऐंद्रजालिक सुंदरता आज भी है। सारी पगडंडियां कह उठती हैं कि हम नहीं बदले। जाना नियति है कहां यह आप तय नहीं करेंगे?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### 350 किलो जावा महुआ नष्ट



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में होली को लेकर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड द्वारा टीम गठित कर नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को वेस्ट बोकारो ओपी अंतर्गत चैनपुर एवं बड़गांव क्षेत्र में उत्पाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लगभग 350 किलोग्राम जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया गया। वहीं, 100 लीटर अवैध चुलाई शराब स्थल से जब्त किया।

### मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। दस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, अनमोल बचपन प्ले व एसएससी कोचिंग के निदेशक अवधेश कुमार सिंह व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिन्क ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पाव भाजी का वितरण किया। डब्लू सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयश्री मेहता, शुभम कुमार, विजेता कुमारी, संजीव सिन्हा आदि समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा।

### किसान-मजदूर रैली 5 अप्रैल का



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनसीओईए (सीटू) बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक रविवार को क्षेत्रीय कार्यालय रिभर साईड में हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष बासुदेव साव ने की। बैठक में क्षेत्रीय सचिव रामनरेश सिंह ने कहा कि 5 अप्रैल को दिल्ली में किसान-मजदूर रैली का आहवान किया गया है। यह रैली कई मायनो में ऐतिहासिक होगी। उन्होंने सीटू के लोगों से इस रैली को सफल बनाने का आहवान किया। साथ ही 2023 में बरका-सयाल प्रक्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाने की बात कही गई। कहा गया कि 11वां वेतन समझौता प्रबंधन अविलंब लागू करे नहीं तो सीटू उग्र आंदोलन करेगी। बैठक में गोपाल यादव, अशोक वशिष्ठ, रविन्द्र विश्वकर्मा, संजय कुमार, सुशील सिंह, किरण कुमार, सत्यनारायण ठाकुर, प्रकाश कुमार, शुभम, सुकांतो यश, प्रमोद सिंह, मनोज पांडेस, सन्यासन घोष आदि मौजूद थे।

### भाजपा कार्यालय में होली मिलन




**कुजू।** भाजपा नगर परिषद मंडल रामगढ़ द्वारा हाथमारा पोचरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रांची कांके के विधायक समरी लाल शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि होली व रामगढ़ उपचुनाव में सुनीता चौधरी को मिली जीत की खुशी को लेकर आयोजित समारोह को दो गुना हो गया है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के मेहनत इस चुनाव में रंग लाया। बाद में एक दूसरे को गुलाल-अबीर लगाकर होली बधाई दी। समारोह में पूर्व जिला अध्यक्ष अमरेंद्र गुप्ताश सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, मनोज गिरि, संजय शाह, रतन प्रसाद साहू, सुनील प्रसाद साहू, छठी लाल प्रसाद, मनोज सिंह, दिलीप सिंह, सुबोध प्रसाद, आशीष कुमार, अर्जुन कुशवाहा, विनोद प्रसाद, सुरेंद्र रविदास, रंजीत कुमार, रामचल मुंडा, सुदान सिंह, रूपा कुमारी, बालेश्वर महतो, नरोत्तम सिंह, विरेंद्र महली, सुभद्रा अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### बाउरी के परिजनों से मिले कांग्रेस नेता



भुरकुंडा (रामगढ़)। कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने रविवार को सौंदा बस्ती पहुंच स्व. बितका बाउरी के परिजनो से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बितका बाउरी की हत्या के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी ली। साथ ही कहा कि इस दु:खु की घड़ी में मोर्चा के तमाम लोग परिजनो के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि बितका बाउरी की हत्या के साजिश में शामिल सभी अपराधियों को पुलिस जल्द गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा करे। उन्होंने राज्य की गठबंधन सरकार से मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी व उसके बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा की व्यवस्था करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राज्य में दलितों पर अत्याचार हो रहा है। आये दिन दलितों की हत्या भी हो रही है। साथ ही दलितों के इज्जत से खिलवाड़ भी किया जा रहा है। सरकार इस दिशा में ठोस कार्रवाई करे। वहीं उनके साथ पहुंचे कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान कहा कि पुलिस मामले में असली दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजे। किसी निर्दोष को इसमें न फंसाया जाए।

# डिप्टेशन के खेल पर सरकार सख्त

## डीएसई ने जारी किया आदेश, प्रारंभिक शिक्षक मूल विद्यालय में हुए वापस

**खबर मन्त्र इंपेक्ट**

संदीप

**हजारीबाग।** जिले के प्रारंभिक शिक्षकों का बड़े पैमाने पर किए जा रहे डिप्टेशन पर सरकार का चाबुक चल गया है। इसके बाद डीएसई ने शनिवार को पत्र जारी कर सभी स्तर के डिप्टेशन को रद्द कर दिया है। इसमें शिक्षकों को अपने मूल विद्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

बता दें कि डिप्टेशन के खेल को खबर मंत्र ने प्रमुखता से उठाया था। बीते माह की 24 फरवरी के अंक में 'धूल फांक रहा है शिक्षा सचिव का आदेश, डिप्टेशन का खूब चल रहा है खेला' शीर्षक छाप कर मामले को


धूल फांक रहा शिक्षा सचिव का आदेश, डिप्टेशन के लिए चल रहा खेला
बड़े साहब को बड़ा नजराना, मध्यस्थता करने वालों को चार से आठ आना
डीएसई से सवाल
प्रतिनियोजित शिक्षक व शिक्षिकाएं

उजागर किया था। इस मामले पर स्कूली शिक्षा सचिव के. रवि कुमार ने पूछे जाने पर आश्वस्त किया था कि यदि गैर-जरूरी प्रतिनियोजन किया गया होगा तो उस पर जरूर कार्यवाई होगी।

मिली जानकारी के अनुसार आगामी 10 मार्च को शिक्षा सचिव के साथ प्रस्तावित समीक्षा बैठक में डिप्टेशन संबंधी मुद्दे पर बात करने का एजेंडा भी शामिल है। इससे पहले डिप्टेशन मुद्दे पर मिली फटकार के बाद आखिरकार डीएसई संतोष गुप्ता ने डिप्टेशन रद्द करने की चिट्ठी जारी कर दी। हालांकि एक-शिक्षकीय विद्यालय के प्रतिनियोजित शिक्षक इस आदेश के प्रभाव से मुक्त हैं।

**कैश के खेल से जुड़ा है मामला:** सूत्रों की मानें तो डिप्टेशन का पूरा मामला कैश के खेल से जुड़ा है। बीते दो-तीन माह में कई प्रारंभिक शिक्षकों का प्रतिनियोजन उनकी सुविधा के विद्यालयों में किया गया था। वह भी तब जबकि सरकार के स्तर से विशेष परिस्थिति को छोड़कर इस पर रोक लगी हुई है।

**सहायक अध्यापकों का भी हुआ था डिप्टेशन:** जिले में न सिर्फ सरकारी शिक्षकों का बल्कि कुछ सहायक अध्यापकों(पारा शिक्षक) का डिप्टेशन उनकी सुविधानुसार किया गया। ऐसे में सहज ही समझा जा सकता है कि आखिर किन परिस्थितियों में सहायक अध्यापकों का डिप्टेशन अन्य जगहों पर किया गया। ऐसे मामलों से भ्ष्टाचार की बू आनी स्वाभाविक है। बहरहाल डिप्टेशन रद्द किए जाने से शिक्षा विभाग पर उठते सवालों पर फिलहाल विराम लग गया है।

# हनी बाबा रेस्टोरेंट में छापा

## 500 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**इचाक पुलिस ने 13 पीस प्रतिबंधित कप सिरप जब्त**

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक (हजारीबाग)।** नगवां हवाई अड्डा के समीप के होटलो में अवैध नशे का व्यापर बड़े पैमाने पर हो रहा है। इन होटलो में खुलेआम शराब व अन्य नशीले पदार्थो की बिक्री की जाती है। पुलिस प्रशासन हालांकि इस बात से अनजान ही रहती है। पर्व नजदीक आने पर कभी कभार आईवास के लिए छापेमारी की जाती है। उसके बाद इन होटलों में वही धंधा शुरू हो जाता है। शनिवार को नगवां हवाई अड्डा के समीप हनी बाबा रेस्टोरेंट में छापेमारी की गयी।



छापेमारी में हनी बाबा रेस्टोरेंट के ड्राइवर से करीब आधा किलो गांजा व 13 पीस प्रतिबंधित नशीली कप सिरप बरामद किया गया । इस संदर्भ में मामला दर्ज करते हुए हनी बाबा रेस्टोरेंट के मालिक विक्रम राज उर्फ हनी बाबा पे-बिनोद मेहता, डुमरौन, को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।

### होली मिलन समारोह में जमकर नाचे युवा

**ईचाक।** आदर्श युवा संगठन का होली मिलन समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शालपर्णी में आयोजन किया गया। रंग बरसे भीगे चुनरवाली गाना पर थिरक उठे संगठन के कई युवा। केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि होली एक के ऐसा त्यौहार है जो अमीरी, गरीबी, जाति पात को छोड़कर त्यौहार मनाया जाता है। राम सेवा संगठन के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि संगठन को चलाने के लिए युवा को एकजुट रहना बहुत जरूरी है किसी भी कार्य को करने के लिए युवा का एक अनोखा पहल होता है युवा में वह जोश उमंग है कि नहीं काम होने वाला भी काम युवा कर सकता है। इसके अलावा कई कार्यकताओं ने संगठन में मजबूती बनाने पर जोर करने की बात भी कही।

## केंद्रीय कुशवाहा समाज का होली मिलन

**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय सांढ में केंद्रीय कुशवाहा समाज का होली मिलन समारोह अध्यक्ष सोहनलाल मेहता की अध्यक्षता मनाई गई। मंच का संचालन सांढ पसस उपेंद्र कुमार प्रसाद ने किया।होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ,विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो पूर्व प्रमुख जिला परिषद सदस्य टिकेश्वर प्रसाद थे । इस अवसर पर मुख्य पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि होली मिलन के अवसर पर समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों का मिलन होता है। जहां बुराइयों को छोड़ अच्छाइयों पर अमल करते हमारे समाज को राजनीतिक तौर पर संगठित होने की आवश्यकता है। ताकि पूर्व की तरह फिर से हम अपने स्थान पर लौट सकें। उन्होंने आग्रह किया है कि 2024 में आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में एकजुटता का परिचय देते हुए एक मंच पर हमें कार्य करने की जरूरत है। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि होली मिलन बुराइयों पर अच्छाइयों की जीत होती है। एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलने का त्यौहार है।



इस अवसर पर कार्यक्रम में उप प्रमुख बच्चन देव कुमार,जीप सदस्य सुनीता देवी, कुशवाहा महासभा जिलाध्यक्ष मुकुट धारी महतो, जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष सह पत्रकार उमेश कुमार दांगी, रामेश्वर महतो, मीनू महतो, बालेश्वर कुमार, डॉक्टर बालेश्वर महतो, दिलीप दांगी, किसान बेरोजगार संयोजक पंकज महतो, जयनारायण प्रसाद, झम्मन प्रसाद,सबूर महतो,संदीप कुशवाहा , मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता,मुखिया पारसनाथ महतो, मुखिया सोनिया देवी, लीलावती देवी, सुलेखा कुमारी, कविता देवी, गीता देवी, पसस उर्मिला कुमारी, कोशीला देवी,उप मुखिया हेमंती देवी,पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला ,महेंद्र महतो, भीखन महतो, मालती देवी, बासमती देवी ,गिनी बर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## मुखिया ने जलमीनार का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के दुलमाहा पंचायत अंतर्गत सिंहपुर गांव में 15वीं वित्त से बने जलमीनार का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुखिया नारायण यादव, पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव, वार्ड सदस्य संजय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुखिया नारायण यादव ने कहा कि क्षेत्र का विकास और लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल का अभाव निरन्तर बना रहता है।परंतु सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल में लाकर आमजनों के लिए उपलब्ध कराना हमसभी के लिए महत्वपूर्ण है।उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए बताया कि उनकी मुश्किल समय मे हमारी उपस्थिति अवश्य रहेगी। मौके पर रामशरण पासवान, रोशन कुमार, रियाज अंसारी, सखावत अली, संतोष भुइयां, अर्जुन भुइयां, संजना देवी, संगीता देवी, अनीता देवी, सुमन देवी, उर्मिला देवी, भोली देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# ढोल-नगाड़ों से गूंजा भुरकुंडा

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा थाना मैदान में मई माह में होने वाले श्रीश्री सहस्त्र महाचंडी यज्ञ को ले रविवार को यज्ञ झंडा का क्षेत्र में भ्रमण कराया गया। गाजे-बाजे के साथ सैंकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरूष भ्रमण में शामिल हुए। श्रीश्री 1008 श्री गुरू खेपा बाबा जी महाराज के तत्वावधान में भुरकुंडा थाना मैदान स्थित खेपा आश्रम से झंडा भ्रमण शुरू होकर भुरकुंडा बाजार, बिरसा चौक, पटेलनगर, जवाहर नगर, पगला आश्रम आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचा। यहां विधिवत पूजा-अर्चना के झंडारोहण किया गया।

भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। झंडा के साथ भ्रमण में श्रीश्री 1008 खेपा बाबा, पंडित राधे श्याम दुबे, कृष्णा साव, बृजनंदन दास, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, उमेश प्रसाद, मनोहर सोनी, गौतम नारायण बोस, रविंद्र नारायण बोस, आनंद महतो, सत्यनारायण दांगी, दयानंद, सागर सिन्हा, राहुल मंडल, ललन प्रसाद, मुखिया अजय पासवान, सुभाष दास, प्रदीप मांझी, जगदीश राणा, आकाश दास, बसंती देवी, रीना देवी, रेश्मि, विजया रानी बोस,

**महाचंडी यज्ञ का झंडा कराया गया भ्रमण**



राजकुमार तुरी, गीता देवी, उर्मिला देवी, राखी देवी, रेखा देवी, दिक्षा, रेश्मी देवी, रूपा देवी, दोलती कुमारी, पिंकी, निलू, आशा देवी, रंभा, देवानंद महतो, पुतुल दास, उमेश दास, पैरो देवी, नीतू देवी, नेहा, बासमती देवी, बजरंग लाल, गोविंद प्रसाद मेहता सहित दर्जनों भक्त शामिल थे।

### तिलक लगाकर होली खेलें : प्रो पूर्णकांत

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला नाई समिति के तत्वाधान में रविवार को स्टेप बाय स्टेप स्कूल के प्रांगण में होली मिलन समारोह हुआ। जिलाध्यक्ष प्रो पूर्णकांत कुमार ठाकुर ने कहा समाज के सभी लोग सुखी होली एवं तिलक होली खेलें, ताकि पानी की बर्बादी को बचाया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से सरंक्षक महेंद्र ठाकुर, माया ठाकुर, कृष्णा ठाकुर ,प्रदीप शर्मा, मणिशंकर ठाकुर ,शंभू ठाकुर , सुभाष ठाकुर ,अंतू ठाकुर, अनूप ठाकुर रूपलाल ठाकुर, आदित्य कुमार शर्मा ,बासुदेव ठाकुर , सुजीत ठाकुर ,संजय ठाकुर ,अनिल ठाकुर, कुलदीप ठाकुर ,अथर्व प्रकाश ,हर्षिता ,तनीषा प्रिया, लिबिशा प्रिया आदि मौजूद थे।

# होली के गीतों पर जमकर थिरकीं महिलाएं

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में महिलाओं के तत्वावधान में रविवार को होली मिलन का समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत शिव चर्चा से हुई। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंडप परिसर में स्थापित मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं की पूजा की गई। इसके बाद होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। साथ ही एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल, उपेंद्र शर्मा, अप्पू मिश्रा, प्रकाश राणा, रोशन राणा, अभिषेक दास आदि का विशेष योगदान रहा। समारोह में अर्चना देवी, डॉली देवी, अंजली कुमारी, सताक्षी अग्रवाल, दिव्या कुमारी, सीता मिश्रा, रमा देवी, रेणु देवी, सखिया देवी, उषा देवी, भूमि कुमारी, उषा, गुनगुन कुमारी, मीना देवी सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थीं।



## एक नजर में

### महिलाओं की मदद से हो रहा विकास : कयूम



बरही। प्रखंड अंतर्गत विजैया कलस्टर में आजीविका महिला मंडल का वार्षिक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 मंडल की महिलाये विजैया पंचायत भवन में एकत्रित हुई। साथ ही पूरे साल का हिसाब किताब एवं लेखा जोखा आजीविका महिला मंडल के पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस दौरान कैसबुक आदि की जांच की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बरही पूर्वी के पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला मंडल के आपसी सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है।साथ ही उनका आत्मविश्वास व जागरूकता में गुणात्मक विकास देखा जा रहा है।वहीं पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने बताया कि आत्मनिर्भर महिलाएं अपने व अपने परिवार के भरण पोषण के लिए सक्षम हो रही है।मौके पर भंडारों पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, उप मुखिया सुखदेव यादव, अनुज यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, आजीविका महिला मंडल के चंदन कुमार, संजू देवी, ललिता देवी, सकीला खातून के अलावे कई लोग उपस्थित रहें।

### द आरसीआई में सम्मान समारोह सह होली मिलन



**बरही।** हजारीबाग रोड स्थित पानी टँकी के समीप संचालित रोशन कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में प्रत्येक माह मासिक टेस्ट का आयोजन किया।जिसमे टेस्ट 50 अंको की थ्योरी, 15 अंको की कंप्यूटर प्रैक्टिस एवं 10 अंको की मौखिक टेस्ट ली गयी। कुल 75 अंको के इस परीक्षा में प्रथम तीन स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया।जिसके तहत फरवरी माह के टेस्ट का अंक जारी करते हुए प्रथम अंशु गुप्ता 65 अंक, द्वितीय मो सोहराब 64 अंक एवं तृतीय अभिषेक कुमार चन्द्रवंशी 63 अंक देकर उन्हें सम्मानित किया गया।जिसमे प्रथम स्थान पाने वाली अंशु गुप्ता को एक डायरी एवं प्रशस्ति पत्र देख सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पाने वाले मो. सोहराब को एक पेन एवं प्रशस्ति पत्र एवं तृतीय स्थान पाने वाले अभिषेक कुमार चंद्रवंशी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक राकेश रोशन ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा ही जैसा कि हमारा टैग लाइन है कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं। उसी तहत समय-समय पर हमारी इंस्टीट्यूट मासिक टेस्ट का आयोजन करते रहती है, जिससे कि बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को एक नई पंख मिलती है। साथ ही द आरसीआई का नाम भी रोशन करेंगे। टेस्ट के बाद बच्चों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गयी।

### करगईयो में होली मिलन समारोह आयोजित




**बरही।** कोल्हुआकला पंचायत के करगईयो में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किशुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, भाजपा युवा नेता डिलो पासवान, मूलचंद यादव ने संयुक्त रूप से फिता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं गला मिलाकर भाईचारगी का संदेश दिया। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने ग्रामीणों के बीच फगवा गीत भी गाए तथा पूरा शमा को बांध दिया। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता रितेश गुप्ता, मंच संचालक केदार यादव, पूर्व मुखिया कोलहुवाकला टेकलाल यादव, मूलचंद यादव, राजेश यादव, अर्जुन यादव, मनोज यादव, मनोज राणा, डीलो पासवान, बिरजू पासवान, देवनारायण मोदी, रामदेव यादव, छत्रु यादव मलकोको पंचायत समिति प्रतिनिधि रोहित यादव, विजैया पंचायत प्रतिनिधि रोहित यादव, किशोर यादव, सुरेश यादव, सुरेंद्र यादव, सोनू यादव, शंकर रविदास, लक्ष्मण यादव एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

### एग्रीसाइंस ने महिला किसान को किया सम्मानित

**दारू।** महिला दिवस के अवसर पर कृषि जगत की उत्कृष्ट कंपनी कोरटेवा एग्रीसाइंस ने दारू प्रखंड के कबलासी पंचायत में कृषि कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान कर उन्हें पुरस्कृत कियस।इस कार्यक्रम में आसपास के अनेक गांवों की महिला ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाई ।पंचायत की उपमुखिया लिलावती देवी ने सभी महिलाओं को आगे आकर आत्मनिर्भर होने कि बात कही वही राधा देवी ने लोगो को छोटे ब्यापार करने की सलाह दी ।कंपनी के टीएसएम समित कुमार और ईटीएमडी मो. इम्तियाज और एमडीआर राजेश कुमार, कपिल देव वर्मा ने प्रगतिशील महिलाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और कहा आज कृषि जगत में भी महिला अपनी जबरजस्त भागीदारी निभा रही है और उन्होंने अपने मेहनत से यह साबित किया कि वे किसी से से कम नहीं है । आज की महिला भी भी अच्छी खेती कर अपने परिवार की आर्थिक रूप से सशक्त होकर अच्छे ढंग से पालन पोषण कर रही है। इस मौके पर शैबूननिशा ,मुक्ता देवी सहित कई अन्य महिलाएं शामिल थी।

### होली और सबे बारात शांतिपूर्वक मनाएं : बीडीओ

इचाक। होली व सब ए बारात को शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर इचाक थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक बीडीओ रिंकू कुमारी के नेतृत्व में की गई। बीडीओ रिंकू कुमारी ने उपस्थित लोगों से त्योहार में उत्पन्न समस्याओं के बारे में जानकारी मांगी। कहा की किसी भी तरह का घटना या प्रशनल ईर्ष्या द्वेष का पुनरावृति न हो। बैठक में थाना प्रभारी धनजय कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार को खुशी, शांति व सौहार्द के बीच मनाने की जरूरत है। मन्दिर व मस्जिद को कोई भी समुदाय आड़े न लें। डीजे बजाकर जुलूस निकालने पर पाबंदी लगाई गई है। यदि कोई हुडदंग करते हैं या जुलूस निकलता है तो हम कार्रवाई करेंगे। अवैध रूप से दारू बनाने और विक्री पर पाबंदी लगाई गई है। कहीं कोई घटना हो तो तुरंत प्रशाशन को सूचित करें। दोनो समुदाय के लोग दोनो त्योहारों की समय को देखते हुए मनाएं। उपस्थित लोगों ने बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरा को कन्टिनिव चालू रखने पर चर्चा, दर्जी मुहल्ला से परियोजना विद्यालय तक बाजार में वनवे करने, के अलावा निर्दोष लोगों पर केश करने की सीओ मनोज कुमार महथा, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सिकन्दर राम, मुखिया नन्दू मेहता, समेत कई लोग उपस्थित हुए।

### विष्णुगढ़ में 256 कार्ड धारियों को नोटिस

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड में लगभग 256 कार्ड धारियों का राशन कार्ड अवैध है। मामले पर उपायुक्त कार्यालय आपूर्ति शाखा ने सभी को नोटिस जारी कर स्पस्टीकरण मांगा है। दिसंबर माह से ग्रीन कार्ड धारियों का राशन बंद है. ग्रीन कार्ड पर राशन उठाव बंद होने के बाद लोग पीएचएच कार्ड बनवाया। पीएच कार्ड बनवाने के एवज में रुपए का खेल जम कर हुवा. जानकारी है की पीएचएच कार्ड बनाने मे हैकरों का हाथ है। हालांकि इसमें सीएससी संचालकों का भी नाम सामने आ रहा है। सूत्र बताते है कि हैकर द्वारा अवैध कार्ड बनाने के लिए सीएससी को माध्यम बनाया और बीते माह एका एक कुछ डिलरो के ग्राहकों की संख्या में बृद्धि हो गई। जिसके बाद विभाग की नींद उड़ गया और अवैध पीएचएच राशन कार्ड धारको को स्पस्टीकरण नोटिस जारी किया गया। अब पैसे के खेल में शामिल व कार्ड के नाम पर वसूली करने वाले की कलई खुलेगी।

# भुईयां समाज के बच्चों को निःशुल्क देंगे इंजीनियरिंग और आईटीआई में शिक्षा : रामचंद्र

गुरी में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण और प्राण प्रतिष्ठा को ले कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के गुरी गांव में माता शबरी के मूर्ति का अनावरण एवं प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि छतरपुर-पाटन विस क्षेत्र की विधायक पुष्पा देवी व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मनोज कुमार भुइयां , भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रामराज भुईयां और अनुज भुईया ने किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत हलकांनी भुईया को पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने माला देकर स्वागत किया। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि माता शबरी के विचार आज भी प्रासंगिक है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि भुईयां समाज के जो भी बच्चे पढ़ना चाहते हो हम उन्हें फ्री में डिप्लोमा इंजीनियरिंग व आईटीआई इत्यादि संस्थानों में पढ़ाने का काम करेंगे । सिर्फ सरकार जो छात्रवृत्ति देगी उसके अलावा हम कोई भी पैसा आपसे नहीं लेंगे और विश्रामपुर विधानसभा में जहां भी इस समाज के लोग 100 की संख्या में रहते हैं वहां माता शबरी का प्रतिमा अनावरण करने का काम करेंगे । आप अपने बच्चों को शिक्षित कीजिए। मौके पर डा ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधायक भुईयां समाज के बच्चे को मुफ्त शिक्षा देकर समाज के उच्च श्रेणी में जोड़ने का काम करने को संकल्पित हैं । आज से यह अभियान शुरू हो गया है अब आप लोग को राजनीति लोग मुलायम चारा नहीं समझेंगे आप शिक्षित हो जायेंगे तो कोई भी राजनीतिक दल आपसे वोट मांगने के लिए दारू मुर्गा लेकर नहीं आएगा आपके पास आकर उन्हें हाथ जोड़ना होगा आप अपने समाज को नशा मुक्त और शिक्षा युक्त बनाने का काम करें। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने भुईयां समाज से आह्वान किया पढ़िए गा तभी आगे बढ़ेगा । आगे बढ़ने के लिए आप अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाइए । आज पूरे झारखंड में भुइया समाज से एकलौता विधायक आपकी बेटी पुष्पा देवी है । हम चाहेंगे आप लोग भी अपने बच्चों को पढ़ा कर अपने समाज से सैकड़ों पुष्पा देवी पैदा करें। मौके पर विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, हलकांनी भुईयां, सेवा निर्वित शिक्षक साहेब ,भुइया पूजा समिति के अध्यक्ष युवराज भुइया, प्रमोद भुइयां, पूर्व जिला परिषद अनुज भुइयां, विधायक प्रतिनिधि पंकज लाल, नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ,ओमप्रकाश तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव, शिव वंश मिश्रा ,आशीष पांडे, उपेंद्र तिवारी ,रामानंद तिवारी, ग्राम पंचायत के मुखिया रोहित तिवारी, बिश्रामपुर नगर मंडल महिला अध्यक्ष किरण शर्मा, सोना देवी, दामोदर यादव ,संजय चंद्रवंशी, विश्रामपुर मंडल के महामंत्री मनीष गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बकोरिया से आवास मित्र का शव बरामद

**सतबरवा पलामू।** लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु गांव के आवास मित्र अशोक राम (34) का शव रविवार को सुबह सतबरवा पुलिस ने बकोरिया गांव के एनएच 39 किनारे दूधमटिया प्रेमी महुआ के पास से बरामद किया है। मेदिनीनगर के एमएमसीएच से पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मृतक के शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के परिजनों ने अशोक की हत्या करके दूधमटिया के पास फेंके जाने की आशंका व्यक्त की और बताया कि अशोक शनिवार की रात्रि में जुंगूर गांव जाने की बात कहकर घर से निकला था। घटना के बाद मृतक का मोबाइल स्विच ऑफ है।

### 500 किलो जवा महुआ को किया विनष्ट

**हुसैनाबाद पलामू।** गुप्त सूचना के आधार पर हुसैनाबाद पुलिस ने प्रखण्ड के विभिन्न गांवों से करीब 500 किलो जावा महुआ व कई भट्ठी को ध्वस्त किया । यह अभियान दो क्षेत्रो में चलाया जिसमें ग्राम ईंट बांध व घघरा में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान के नेतृत्व में करीब 300 किलो जावा महुआ व कई भट्ठी को ध्वस्त किया गया ।वही दूसरे तरह देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने सहस्त्र बलों के साथ ओपी क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी के बीच डिला पर अभियान चलाया जिसमे करीब 200 किलो जावा नष्ट किया एवं कई भट्ठी को धवस्त किया इस सबन्ध में थाना प्रभारी श्री धान ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मोली थी कि क्षेत्र में कई जगहों पर अवैध महुआ दारू का कारोबार चल रहा हैं जिसपर पुलिस टीम अलग अलग गुटों बंट कर अभियान चलाया गया।

### विश्व महिला दिवस के मौके पर सेमिनार का आयोजन

**मोहम्मदगंज पलामू।** मानव अधिकार विकास मंच के तत्वावधान में रविवार को स्साहिक बाजार बस स्टैंड भवन में विश्व महिला दिवस के मौके का सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अक्षय कुमार,विशिष्ट अतिथि डा विनोद कुमार,जिला परिषद प्रतिनिधि अशवनी सिंह,संस्थापक राम चंद्र मिश्र,अध्यक्ष प्रभु प्रसाद,निदेशक अखिलेश्वर प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

### आनंदमर्गियों ने मनाया दधीचि दिवस

**मेदिनीनगर।** आनंदमर्गियों ने नई मोहल्ला स्थित आनंद मार्ग जागृति केंद्र में 6 घंटे का कीर्तन बाबा नाम केवलम कीर्तन भजन करके अपने 12 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। वरिष्ठ मार्गी बैजनाथ जी ने बताया कि 5 मार्च 1967 को कम्युनिस्टों ने आनन्दमार्ग प्रचारक संघ के केंद्रीय कार्यालय, आनंद नगर पर हमला किया था। हमला करनेवालों का कुत्सित इरादा था कि आनन्दमार्ग प्रचारक संघ के संस्थापक बाबा श्री श्री आनंदमूर्ति जी की हत्या कर आनन्दमार्ग को खत्म कर दिया जाए।

### तीसीबार ने डाला कला प्रीमियर लीग का जीता फाईनल मैच

**पांडू पलामू।** पांडू के डाला कला खेल के मैदान में आयोजित डाला कला प्रीमियर लीग का फाइनल मैच रविवार को खेला गया । फाईनल मैच पांडू के तिसीबार व गढ़वा के मेराल के बीच खेला गया, जिसमें तिसीबार टीम विजयी रहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह राजद प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरीय नेता शम्भू शरण सिंह, शिक्षक नेता प्रदुम्न सिंह तिसीबार मुखिया पुनम देवी उपस्थित थे। इस अवसर नरेश सिंह ने कहा कि खेल के प्रति युवाओं को जागरूक करने की जरूरत है जिससे युवा खेल के क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना सकें।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज में बढ़ता है भाईचारा : अभिमन्यु

**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के गुवासरई में होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि विश्रामपुर मझिआंव विस प्रत्याशी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में भोजपुरी के कलाकार महावीर यादव ने एक से बढ़कर एक कई होली गीत गाये।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कनकारी कब्रिस्तान के पास पुलिस ने बीती रात्रि एक अपराधी को खदेड़ कर पकड़ा है। जिसके पास से एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा गोली बरामद किया गया ।अपराधी एक पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे ।एसडीपीओ गर्ग ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली घटना को अंजाम देने की फिराक में है ।जिसके बाद पुलिस ने अभियान चलाकर तोहिद कार्रवाई करते हुए शक्ल दीपा निवासी रंजीत कुमार उम्र 23 वर्ष पिता जनेश्वर सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

### मिशन समृद्धि संस्था ने किया दोना और पत्तल वालों के बीच भोजन वितरण

**मेदिनीनगर ।** सामाजिक संस्था मिशन समृद्धि ने पांकी रोड जनकपुरी मुहल्ले से रोटी सब्जी संग्रह कर अम्बेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों के बीच भोजन वितरण किया ।रोटी सब्जी खिचड़ी के साथ-साथ चूड़ा गुड़ भी शिल्पी गोस्वामी ने सबों के बीच वितरण किया। पदाधिकारियों ने कहा कि गरीबों की सेवा पुनित कार्य है। समाजिक कार्यों में समृद्ध लोगों को आगे आने की जरूरत है। मौके पर अहिल्या गिरी ,बैजन्ती गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव, रंजीता कुमारी, बेबी पाण्डेय ,वीणा गुप्ता ,ऋषि कुमार ,शैलेन्द्र कुमार का सराहनीय योगदान हमेशा रहता है।

### संस्कृति का हिस्सा है पर्व, संस्कार के साथ मनाएं : सुरजीत

**बिश्रामपुर (पलामू) ।** बिश्रामपुर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शशि रंजन व संचालन युवा भाजपा नेता मनीष कुमार ने किया। बैठक में दोनो समुदाय के लोगों ने होली और सबेबरात को शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मानने का निर्णय लिया ग। मौके पर एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि सभी त्योहार संस्कृति का हिस्सा है। इसे संस्कार के साथ मानने का प्रयास करें। मिलजुलकर पर्व मनाने से उसका महत्व और बढ़ जाता है। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि पर्व के दौरान अफवाह से बचें। कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि पुलिस असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। पर्व के समय पुलिसगस्ति बढ़ा दी जायेगी।

# पूर्वडीहा में बाबा पतिधर की प्रतिमा का हुआ अनावरण

## ग्रामीणों के लिए आज भी प्रेरणाश्रोत हैं बाबा पतिधर



खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत में बाबा पतीधर की प्रतिमा का अनावरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्वडीहा के सुप्रसिद्ध समाजसेवी हरि किशोर दुबे , सुनील दुबे, संतोष दुबे उर्फ पपलू दुबे, मुखिया किशोर पांडे , जगन्नाथ प्रसाद सिंह, जिला पार्षद रामलव चौरसिया, पूर्व मुखिया अरुण दुबे ,बुलबुल दुबे, सूरज दुबे, गुरुजी ,सत्येंद्र दुबे, उत्तम दुबे ,कृष्णा दुबे, धीरज दुबे, पूर्वडीहा विकास समिति के अध्यक्ष शिशिर दुबे, सचिव उमाकांत दुबे ,जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ,कोषाध्यक्ष अजीत दुबे ,संतोष दुबे ,वसंत दुबे, आरपीएफ वरिष्ठ वकील वैकुंठ दुबे ,सेवानिवृत्त शिक्षक कलटू दुबे, अमरेश दुबे शामिल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरि किशोर दुबे ने कहा कि आज पूर्वडीहा की पावन धरती पर बाबा पतिधर की प्रतिमा का अनावरण ऐतिहासिक व गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि बाबा पतिधर आज भी ग्रामीणों के प्रेरणाश्रोत हैं। इनके बताये रास्ते पर चलकर ही समाज व क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। सुनील दुबे ने कहा कि एकता और अखंडता का प्रतीक पूर्वडीहा गांव का नवीनीकरण विकास एवं सामाजिक तौर पर जो आज हम गर्व महसूस कर रहे हैं यह बाबा पति धर का ही आशीर्बाद है। जिला पार्षद रामलव चौरसिया ने कहा जीवन आज धन्य है बाबा प्रतिमा में मानव अद्भुत सुंदर दृश्य मन को आकर्षित करता है। मौके पर सचिव उमाकांत दुबे , कृपानंद दुबे ,मंगरु दुबे ,राम आसरे दुबे को भी पुष्प और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सांसद ने चैनपुर प्रखंड के कई बूथों पर पढ़कर सुनाये राष्ट्रपति का अभिभाषण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू ।** सांसद विष्णु दयाल राम ने भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चैनपुर प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों क्रमशः शक्ति केंद्र बुढ़ीवीर के बूथ संख्या 35,36 शक्ति केंद्र रबदा बूथ संख्या 24,25 शक्ति केंद्र खुरा कला बूथ संख्या 17,18,19 एवं शक्ति केंद्र बरांव बूथ संख्या 62,63,64 पर देश के माननीया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के द्वारा 31 जनवरी 2023 को संसद के संयुक्त अधिवेशन में दिए गए अभिभाषण को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ पढ़कर सुनाया गया। उक्त अभिभाषण में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षों में किए मुख्य कार्यों एवं गरीब कल्याण को प्राथमिकता, अर्थव्यवस्था में तेजी, विकसित भारत का विजन, आजादी के 75 वर्ष से प्रारंभ हुए अमृतकाल की हमारी प्राथमिकता एवं समस्याओं का स्थायी सामाधान की ओर बढ़ रहे सफल प्रयास और वैश्विक सहयोग के आधार के रूप में भारत के उदय का उल्लेख किया गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, रामलव चौरसिया, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पाण्डेय, सिकन्दर चौधरी, भोला पाण्डेय, आनन्द सिंह, मुखिया अरविन्द तिवारी, बिंदेश्वरी उरांव, सीता साव, एवं बूथ समिति, पन्ना प्रमुख के सदस्यगण एवं काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# भाईचारा और सौहार्द के साथ मनायें पर्व : बीडीओ



खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। थाना परिसर में होली और सबे बरात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में पाटन बीडीओ मनोज तिवारी, थाना प्रभारी गुलशन गौरव, किशुनपुर टीओपी प्रभारी नीरज कुमार, पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन मध्य जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, मुक्तेश्वर पाण्डेय, पालहे पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि एवं समाजसेवी गौतम सिंह, कामता सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे । बैठक में पाटन बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा कि पर्व शांति, भाईचारा व सौहार्द के साथ लोग मनायें। पर्व का आनंद लें व असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखें। पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन आपके साथ है। कहीं भी किसी तरह की अप्रिय घटना की सुचना मिलती है तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दें ताकि कार्रवाई की जा सके। पर्व को देखते हुए पाटन पुलिस गश्त करती रहेगी।

## पलामू जिला समाचार पत्र विक्रेता संघ ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

# होली सौहार्द पूर्वक पाठक व विक्रेता मनायें : गोपाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला समाचार पत्र विक्रेता संघ द्वारा होली मिलन समारोह माटी कला बोर्ड परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन संघ के जिलाध्यक्ष गोपाल प्रजापति व अन्य ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गोपाल प्रजापति ने पाठक एवं हॉकरों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लोग होली को आपसी सौहार्द घर परिवार के बीच में मनायें। उन्होंने कहा कि हिंदुओं का यह एक महान पर्व है जो ईर्ष्या, द्वेष को त्यागकर आपस में मिलाने का काम करता है। सभी को अपने रंगों में डूबोकर एक बना देता है। इसमें अमीरी गरीबी की पहचान करना मुश्किल होता है। इस मौके पर गायक हेमंत कुमार प्रजापति ने अपने मंडली के साथ एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक होली को गाया, जिस पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। इस मौके पर सचिव विरेंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष मुनेश्वर प्रजापति, उप सचिव मनोज प्रजापति, राजन, नरेश पासवान, प्रेमचंद, युगल, योगेंद्र तिवारी, विरेंद्र तिवारी, सत्येंद्र, सुमन , आशुतोष पाठक, जगन्नाथ सिंह, राजू समेत काफी संख्या में अखबार बिक्रेता समेत कई लोग शामिल थे।

# पांकी में विकास की गति धीमी : देवेंद्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के जोगिया पोखरी तथा सेहरा गांव के ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति धीमी पड़ गई है। दिवंगत विधायक विदेश सिंह तथा मेरे 3 साल के कार्यकाल के दौरान ही विकास कार्य हुए उसके बाद विकास कार्य धीमी पड़ गई है जिसके कारण क्षेत्र की जनता अपने आप को छला हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पूरा विधानसभा क्षेत्र असुरक्षित महसूस कर रहा है। कुछ शरारती तत्व के लोग क्षेत्र में दंगा फसाद कराना चाहते हैं। इस दौरान बिट्टू सिंह ने लिट्टी चोखा का लुप्त उठाया तथा सेहरा गांव निवासी कमलेश पाण्डेय के यहां सतईसा कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजकुमार यादव,उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, प्रमुख पति युगल राम, सुरेश पाठक, मृत्युंजय पाठक, सतेन्द्र पाठक,श्यामबिहारी प्रसाद, सतेन्द्र मोची, राज देव राम, उमेश यादव, संजय यादव, विनय सिंह, अलाउद्दीन अंसारी, अफजल अंसारी,मो मुस्ताक, अशोक भुइयां, सचिन्द्र उरांव, सुमन तुरी ,चिन्टु मिश्रा, कमलेश पाण्डेय समेत काफी संख्या में समर्थक व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शांति को भंग करनेवाले बख्शे नहीं जायेंगे : एसपी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होली एवं सबे बरात पर्व को लेकर शहर थाना में सदर एसडीओ राजेश कुमार साह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में पेयजल, बिजली समेत साफ सफाई पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि पलामू में जो दोनों समुदायों के बीच एकता व भाईचारा मुझे देखने को मिलता था उसे पांकी की घटना ने काफी आहत किया है। इससे व्यथित होते हुए एसपी ने कहा कि समाज में स्थापित शांति को भंग करनेवाले कभी भी बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि पांकी की घटना ने प्रशासन व समाज से एकता को छिन लिया है। उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि किसी भी पर्व को किसी भी समुदाय के लोग शांति से मनायें। इसमें प्रशासन अड़चन पैदा नहीं करती है लेकिन समाज को विखंडित करनेवाले लोगों को प्रशासन अड़चन जरूर पैदा करेगी। जिस समाज में पर्व को मनाने को लेकर प्रशासन की आवश्यकता पड़े तो वह समाज सभ्य नहीं होता है। उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि लोग प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हैं लेकिन कभी भी असामाजिक तत्वों को चिंहित कर नाम नहीं बताते हैं यह खेद का विषय है। उन्होंने लोगों से शांति भरे माहौल में पर्व मनाने का आग्रह किया। सदर एसडीओ ने कहा कि शांति व्यवस्था बहाल करना सिर्फ प्रशासन का ही काम नहीं है बल्कि समाज में रह रहे बुद्धिजीवियों का भी कर्तव्य बनता है कि छोटी समस्याओं को अपने स्तर से ही समाधान करे। जिसमें प्रशासन की आवश्यकता न पड़े। उप मेयर मंगल सिंह ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था को मजबूत किया जायेगा। यदि कहीं किसी को निगम क्षेत्र में कोई समस्या दिखाई देता हो तो निगम के अधिकारियों को बतायें।

# जिला स्तरीय कला व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। राज्य स्कूली शिक्षा विभाग राँची सचिव के निर्देश पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मेदिनीनगर पलामू के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में नितेश ने तृतीय स्थान लाया। वहीँ विज्ञान में भी रिषु कुमार का उत्तम प्रदर्शन रहा। कार्यक्रम मेदिनीनगर में आयोजित हुआ,। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी व जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार एवं अन्य लोगो ने दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । वही संचालन डाईट के प्राचार्य रणधीर कुजूर ,व शिक्षक मनोज चौधरी ने किया ।मौके जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जिला के सभी स्कूल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य का कामना किया एवं उन्हें जीवन मे हर तरह के प्रदर्शनी में भाग लेने को कहा ।आगे उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में कक्षा 9 से 11 तक के विद्यार्थियों अपना कौशल व कला का प्रदर्शन किया । फिर जिले भर में विज्ञान व सामाजिक विज्ञान दोनो ग्रुप में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम का निगरानी शिक्षक श्याम कुमार मण्डल,व प्रवीण कुमार सिंह ने किया। मौके पर अन्य सैकड़ो लोग मौजूद थे।

**जिन्होंने पाये स्थान :** सामाजिक विज्ञान में प्रथम स्थान सीता हाई स्कूल हरिहरगंज, द्वितीय स्थान चैनपुर वहीँ हुसैनाबाद बक्शी उच्च विद्यालय के नितेश कुमार,ने तृतीय स्थान लाया। वही विज्ञान में नितेश का भाई रिषु कुमार ने अपना परचम लहराया हैं,नितेश के पिता प्रमोद मेहता जपला शहर के मुनि सिंह चौक के रहने वाले है । अपने पुत्र के कामयाबी पर काफी प्रसन्न हैं ।

# राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने किया होली मिलन समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीर समेत कई होली गीत पर झुमते नजर आए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सदस्य। मौका था होली मिलन समारोह का। शनिवार को रेड़मा स्थित राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में होली गीत से माहौल होलीमय हो गया। पलामू प्रमंडल के सुप्रसिद्ध तबला वादक शिशिर शुक्ला और ब्यास शिव कुमार चौधरी की युगलबंदी में एक से एक होली गीत की प्रस्तुती दीगई। वहीं पलामू की उभरती गायिका चांदनी सिंह ने पूरे माहौल में चार चाँद लगा दिया। होली मिलन समारोह में पारंपरिक होली गायन के दौरान युवा वाहिनी के सदस्य थिरकते नजर आए। होली मिलन समारोह में संतोष शुक्ला,विभाकर नारायण पांडेय, रमेश शुक्ला,अमिताभ मिश्रा,नवीन पांडेय, देवेंद्र तिवारी, रवि शर्मा, किशोर पांडेय, बिकेश शुक्ला, छोटन उपाध्याय, तुलसी शुक्ला, अखिलेश तिवारी, श्यामा कांत तिवारी, अजीत तिवारी,पप्पू पांडेय, सतीश तिवारी, उदय शुक्ला, मनोज दूबे, गोल्डी शुक्ला, विवेकानंद त्रिपाठी, धीरेन्द्र पांडेय, आशीष तिवारी, बबल पांडेय, रवि ओझा, व कई मिडियाकर्मी समेत काफी संख्या में परशुराम वंशज मौजूद थे। वहीं राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सभी पदाधिकारी व सदस्य समारोह को सफल बनाने को लेकर सक्रिय दिखे।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सुना होली गीत '56 इंच की पिचकारी'

## होली को लेकर बनाये गये वीडियो एलबम देशभर में तेजी से हो रहा वायरल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** होली के रंग में शहर डूब चुका है। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी शहर के कलाकारों द्वारा तैयार की गई होली गीत '56 इंच की पिचकारी' को सुना और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस गीत को झारखंड-बिहार के चर्चित गायक अजीत अमन ने गाया है। अजीत अमन ने बताया कि इस गीत में कई खास चीजों को दिखाया गया है, जो दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। इस गीत में दिखाया गया है कि 56 इंच के पिचकारी से किस तरह से मोदीजी व योगीजी होली खेल कर चीन व पाकिस्तान को संदेश दे रहे हैं। गीत के बोल 'होलिया में चीन भईल लाल और पाकिस्तान भईल कंगाल, मोदी जी खेलस होली है, जिसे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी ध्यान से सुना। इस दौरान उन्होंने कहा कि होली में देश भक्ति का थीम काफी अच्छा है। इस गीत की बोल व प्रस्तुति बेहतर है। देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो इस गीत में भी दर्शाया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कलाकारों के साथ होली गीत के पोस्टर भी जारी किए।

इस गीत को अमित तिवारी ने लिखा है। वहीं, निर्देशक मनोज पांडे हैं। गायक अजीत अमन ने बताया कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कलाकारों को हमेशा प्रेरित करते है। इससे पहले भी उन्होंने छठ गीत को रिलीज किया था। 56 इंच की पिचकारी होली गीत को पिछले दिनों ही यूट्यूब के 'अजीत अमन इंटरटेंमेंट' पर रिलीज किया गया था। इस गीत को झारखंड-बिहार, यूपी सहित देश के सभी राज्यों में सुना जा रहा है, जो खुशी की बात है। इस गीत के निर्माण में शिक्षक आलोक राज सिंह, नेहिष सफ्टवेयर सोल्यूशन के चेयरमेन अवनीश श्रीवास्तव और शहर के समाज सेवी सुभाष कुमार ने विशेष सहयोग किया है। इस अवसर पर गायक अजीत अमन, मनोज पांडे, आलोक कुमार, अभिषेक तिवारी, गौतम लोहार, आलोक राज सिंह, दीपक मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### गणिनाथ सेवा संस्थान में होली मिलन आयोजित



**जमशेदपुर।** 4 मार्च शनिवार को गणिनाथ सेवा संस्थान गोलमुरी द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया सबसे पहले बाबा गणिनाथ गोविंद महाराज को भोग लगा कर अबीर गुलाल चढ़ाया गया। समारोह में सैकड़ो की संख्या में संस्था के सम्माननीय संरक्षक,आजीवन सदस्य,महिला शक्ति एवं युवा मंच के युवा साथीयों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सभी ने एक दूसरे को अबीर - गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिये। संस्था द्वारा बुलाये गये कलाकारों के होली के रशीले गीतों पर समाज के युवाओं,महिलाओं के साथ साथ बुजुर्गो ने भी जम कर झूमें - नाचे और बच्चों ने भी खूब मस्ती किया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत समाज के लोगों ने स्वादिस्ट व्यंजन का भी खूब लुफ्त उठाया।

## स्पीड न्यूज

### गोपाल मैदान में श्रीलेदर्स बंग उत्सव 19 को

**जमशेदपुर।** आगामी 19 मार्च दिन रविवार 2023 स्थानीय गोपाल मैदान में झारखंड में पहली बार जमशेदपुर के माटी में आयोजित होने जा रहा है श्रीलेदर्स बंग उत्सव कोल्हान । इस कार्यक्रम में कोल्हान के हर एक जिले से बंगवासी गोपाल मैदान में एकत्रित होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एवं जन जागरूकता के तहत '' प्रचार प्रसार रथ '' का रवानगी का कार्यक्रम 6 मार्च दिन सोमवार को शाम पांच बजे नेताजी के प्रतिमा के समक्ष नेताजी सुभाष मैदान साकची में रखा गया है जिसमें आप सभी के गरिमामई उपस्थिति कि हम सभी कामना करते हैं। प्रचार-प्रसार रथ की रवानगी का कार्यक्रम श्रीलेदर्स बिष्टुपुर के कर्णधार शेखर डे, बंग उत्सव समिति के चेयरमैन तापस मित्रा, अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता, एवं समस्त बंग उत्सव समिति के सदस्यों के मौजूदी में होना तय है।

### बाइक डिवाइडर से टकरायी, युवक की मौत

**जमशेदपुर।** सोनारी थाना क्षेत्र के तीनों भट्ठा निवासी गोलू लोहार 23 वर्ष की बाइक शनिवार की देर रात डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई । गोलू बाइक से फेंका गया और गंभीर रूप से चोट लगने के चलते उसकी मौत हो गई। बाइक पर उसका एक साथी भी था लेकिन अभी तक उसे कुछ पता नहीं चल सका है। परिवारिक सूत्रों के अनुसार गोलू अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर जुबली पार्क की तरफ घूमने जाने की बात कह कर घर से निकला था। लौटते समय सोनारी साईं मंदिर के पास उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। घटना के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हिन्द आईटीआई हेल्थ के छात्रों ने किया व्यायाम

**जमशेदपुर।** युवाओं को हेल्थ के लिए जागरूक करने के लिए हिन्द आईटीआई के डायरेक्ट (मानगो नगर निगम ब्रांड एम्बेसडर) डा ताहिर हुसैन ने फिटनेस प्रोग्राम अर्गेनाइज किया और काफी एक्सरसाइज करवाए और डेली करने के प्रेरणा भी दिया। मानगो बॉक्सिंग क्लब के सऊद रब्बानी ( प्रोफेसनल इंटरनेशन बक्सर ) ने भी ट्रेनिंग दिया और उस पर अमल करने को कहा जिससे हेल्थ अच्छा रहे। इस अवसर पर मैनेजर शादाब मिर्जा और छात्र राशिद, मोबासिर , छोटू, नजम, अली ,मनीष, राहुल, जाहिद , हसनैन, आशीष और सभी छात्र उपस्थित थे।

### कांग्रेस का प्रखंड कार्यालयों पर धरना आज

**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं कोल्हान के प्रवक्ता राकेश तिवारी ने बताया कि देश में अदानी और मोदी जी की दोस्ती और एलआईसी एवं एसबीआई मे करोड़ों रुपए के घोटाले के पर्दाफाश को लेकर कांग्रेस पार्टी कल 6 मार्च को राज्य के सभी प्रखंडों में धरना प्रदर्शन करेंगी। आगामी 13 मार्च को राजभवन के समक्ष प्रदेश कांग्रेस का विशाल प्रदर्शन प्रदेश के अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर के नेतृत्व में होगा। श्री तिवारी ने बताया कि जनता के पैसों को घोटाले में तब्दील होता कांग्रेस पार्टी नहीं देख सकती । कोल्हान के तीनों जिलों विशाल प्रदर्शन की तैयारी जिला अध्यक्षों के नेतृत्व में होगा ।

### साकची बाजार शिव मंदिर में बाबा श्याम संग फूलों की होली आज

**जमशेदपुर।** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी मंदिर परिसर में बाबा श्याम के संग फूलों की होली खेली जायेगी, जो अपने आप मे अद्भुत नजारा होगा। एक तरफ श्याम बाबा होंगे तो दूसरी तरफ उनके भक्त उनके भजनों पर थिरकते हुए फूलों की होली का आनंद लेंगे। साकची बाजार शिव मंदिर में सोमवार 06 मार्च की रात्रि 9 बजे से फूलों की होली कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। स्थानीय भजन गायक महापीर अग्रवाल समेत कोलकाताा के आमंत्रित कलाकारों द्वारा बाबा श्याम के भजनों के साथ होली का धमाल भी होगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष बबलू अग्रवाल और मोहित शाह ने दी।

# कन्हैया सिंह गिरोह से आशीष के घर से पिस्टल, तीन कट्टा बरामद

## छापेमारी में बाधा डाल रहे बड़े भाई विशाल और प्रभुनाथ गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपियों के साथ सिटी एसपी विजय शंकर।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अखिलेश गिरोह से जुड़े शार्प शूटर कन्हैया सिंह के दो सहयोगियों को गोलमुरी पुलिस ने एक पिस्टल और 3 देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गोलमुरी गाढ़ाबासा नींबू बगान निवासी आशीष जायसवाल के घर पर छापेमारी की। जमशेदपुर के सिटी एसपी के विजय शंकर ने पत्रकारों को बताया कि आशीष जायसवाल और उसके सहयोगियों के पास अवैध आर्म्स होने की सूचना मिली थी जिसके आलोक में वरीय पदाधिकारी के द्वारा एक विशेष टीम का गठन कर उक्त घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में आशीष जायसवाल घटनास्थल से भागने में सफल रहा। भागने के क्रम में उसके द्वारा एक थैला फेंक दिया गया जिसकी जांच करने पर उसमें तीन देशी कट्टा एवं कारतूस बरामद हुआ। तत्पश्चात पुलिस बल के द्वारा उक्त घर की सघन तलाशी ली गई। इस क्रम में आशीष जायसवाल के ही घर में रह रहे एक अन्य व्यक्ति सूरज जायसवाल के कमरे से एक देस पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस छापेमारी कर रहा था तब आशीष जायसवाल के बड़े भाई विशाल जायसवाल के द्वारा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया जिस कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के क्रम में पूछताछ हेतु आशीष जायसवाल के ही घर में रह रहे एक अन्य व्यक्ति प्रभुनाथ जयसवाल उर्फ अंशु को आवश्यक पूछताछ हेतु गोलमुरी थाना लाकर पूछताछ किया गया। पूछताछ करने पर उसके मोबाइल फोन को चेक किया गया जिसमें एक पिस्टल लोड करने का वीडियो बरामद किया गया और उसे जब्त कर लिया गया। इसके बाद प्रभुनाथ जायसवाल को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार विशाल जायसवाल गोलमुरी गाढ़ा बसवा नींबू बागान निवासी है जबकि प्रभुनाथ जायसवाल और प्रांशु भी वहीं का रहने वाला है पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गाना भाषा में कुछ लोग हथियार के साथ आए हुए हैं इसके बाद छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया उनके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल तीन देसी कट्टा गोली मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद किया गया है सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस छापेमारी करने के लिए पहुंची आशीष से आज्ञा से ही पुलिस ने हथियार बरामद किया है जांच के दौरान उसके पास से हथियार भी बरामद किया गया इस तरह सूरज और आशीष जायसवाल के घर में रहने वाले सूरज के पास से एक देसी पिस्टल बरामद किया गये।

# कुरान सीखें और दूसरों को सिखायें : मुफ्ती तौसिफ रजा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हम मे सब से श्रेष्ठ वह है जो कुरान सीखे और सिखाए यही नबी स. का फरमान है , उपरोक्त बातें आजादनगर स्थित मदरसा दारूस सलाम प्रांगण मे आयोजित ''अजमत कुरान कांफ्रेंस व 44 वां दस्तारबंदी जलसा'' को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मुफ्ती तौसीफ रजा मिसबाही ने कही। उन्होंने कहा कि जो धार्मिक विद्या सीखने हेतु सफर तय करता है और जब तक घर वापस नही पहुंचता और उसकी मृत्यु हो जाती है तो शहीद कहलाएगा और अल्लाह स्वर्ग का रास्ता उस के लिए आसान फरमाता है। उन्होंने कहा कि यदि उच्च स्थान चाहते है तो अपने बच्चों को कुरान व धार्मिक शिक्षा दें जो हाफिज कुरान है , कयामत मे अल्लाह उसके मां-बाप को सोने का ताज पहनाएगा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे डा.नूरजमा खान ने कहा कि हमारा विश्वास है कि जो हाफिज कुरान होता है वह जन्नती है और उसके माता-पिता भी जन्नती होते हैं। हाफिज साईदुज्जमां ने भी कुरान की महानता की चर्चा की। मोहैदर अंसारी , गुलाम मोहम्मद , मोएहसान , मोनौशाद आलम व मोसाजिद ने नातपाक प्रस्तुत किया। मदरसा की वार्षिक परीक्षा मे श्रेष्ठ अंक से सफल परीक्षार्थियों को मुख्य अतिथि हाजी मुख्तार सफी , मतलूब अनवर खान , शाकिर अजीमाबादी , हाजी गुलाम मुर्तजा , डा.नूरजमा खान व मुफ्ती तौसीफ रजा द्वारा पुरस्त किया गया। इस अवसर पर मदरसा के हाफिज ए कुरान (कंठस्थ कुरान) हाफिज अब्दुल हन्नान , हाफिज गुलाम रसूल , हाफिज अलाउद्दीन , हाफिज नौशाद आलम , हाफिज अबूजर , हाफिज मोइसमाइल , हाफिज मोमुजफ्फर हुसैन , हाफिज हातिम काजी , हाफिज मुसाफिर रजा की दस्तारबंदी कर उन्हें सन्द प्रदान किया गया। समारोह का आगाज हाफिज नौशाद आलम द्वारा कुरान के पाठ से हुआ। मदरसा के प्रधानाध्यापक मौलाना सगीर आलम फैजी के नेतृत्व मे आयोजित होने वाले इस कांफ्रेंस का संचालन हातिम नवाज ने किया। सलातोस्लाम व दुआओं के पश्चात कांफ्रेंस का समापन हुआ। इस अवसर पर कारी खुर्शीद रब्बानी , याकूब खान , मोइरफान अंसारी , मोइन अंसारी , शाकिर अजीमाबादी , एमएन खान , कलाम आजाद , हाफिज जलालुद्दीन , मौलाना हामिद रजा , मौलाना बशीर फैजी सहित काफी संख्या मे लोग शरीक हुए।

### बीएस एस्टेट उलियान में होली मिलन संपन्न



**जमशेदपुर।** रविवार को बी एस एस्टेट फ्लैट कम्प्लेक्स ,उलियान, कदमा, जमशेदपुर में होली मिलन समारोह बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें सभी समुदाय के लोगों ने दिल खोलकर हिस्सा लिया एवं होली के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। सदस्यों द्वारा पारंपरिक होली गीतों का गायन किया गया। इसमें मुख्यरूप से सर्वश्री बी के दुबे, आर के सिंह,रमता सिंह ए पी सिंहा, फ्रांसिस पल, सरदार कमलजीत सिंह, आर एन सिंह,आर के पाण्डेय, के एल मित्रा, पी घोष, आर के राव, फ्रैंक एंथोनी डी कुमार, आर आर ठाकुर, बी पी सिंह ,लक्ष्मण, रविंद्र नाथ आदि सम्मिलित हुए।

# 19 मार्च को साकची बंगाल क्लब में सजेगा जीण माता का दरबार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची बंगाल क्लब में आगामी 19 मार्च रविवार को जीण माता का भव्य 17वां वार्षिक महोत्सव मनाया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां पिछले दो माह से चल रही हैं। साकची बंगाल क्लब के एसी हल में दोपहर तीन बजे से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और संध्या आठ बजे से भजनों की अमृत वर्षा होगी। मंगल पाठ का कूपन पहले आओ-पहले पाओं की तर्ज पर होली के बाद 10 मार्च शुक्रवार से भक्तों के बीच बांटा जायेगा। यह जानकारी रविवार 05 मार्च को श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल एवं संस्थापक शंभू खन्ना ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि मंगलपाठ का वाचन करने हेतु जयपुर (राजस्थान) से रविश-सोनम सोनी की जोड़ी आ रही हैं। कोलकात्ता के आमंत्रित थजन गायक हर्षिता डीडवानिया एवं विवेक शर्मा भजनों की अमृत वर्षा करेंगें। कोलकात्ता के कारीगरों द्वारा फूलों से माता का भव्य दरबार सजाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक बजरंग अग्रवाल ने बताया कि साकची में मनोज इलेक्ट्रनिक्स, शंभू खन्ना मिल एरिया, अग्रवाल मेडिकल, अंजनी मेडिकल गोलमुरी और शोभा मेडिकल कदमा में मंगल पाठ का कूपन मिलेगा। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में राज कुमार रिंगसिया, सुनील देबुका, जगदीश खेमका, मनीष खन्ना, आशीष खन्ना अनंत अग्रवाल आदि लगे हुए हैं।

# आनंद मार्ग ने लगाया नेत्र जांच शिविर




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । आनंद मार्ग प्रचारक संघ के विभिन्न यूनिटों में जैसे सोनारी ,कदमा , गदरा , टेल्को एवं अन्य यूनिटो में 5 मार्च को महामंत्र ''बाबा नाम केवलम'' कीर्तन और एवं सामूहिक ईश्वरप्राणीधान के बाद दधीचि दिवस मनाया। इस अवसर पर सुनारी कबीर मंदिर के पास लगभग 50 लोगों का आंखों का जांच हुआ एवं 20 मोतियाबिंद के रोगी चिन्हित हुए जिनका अपरेशन 14 मार्च को पूर्णिमा नेत्रालय में निशुल्क किया जाएगा एवं निशुल्क लेंस लगाया जाएगा आज दधीचि दिवस के अवसर पर 15 मोतियाबिंद के सफल अपरेशन हुए मरीजों का आज जांच भी किया गया । प्रीवेंशन आफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स की ओर से लगभग 50 निशुल्क पौधों का वितरण किया गया।

### यात्रा संस्था ने आर्शीवाद भवन में बुर्जुगों के बीच मनायी होली



**जमशेदपुर।** संस्था यात्रा एक नए जीवन की शुरुआत की तरफ से आज बारहद्वारी आशीर्वाद भवन बुजुर्गों के बीच मैं होली मिलन समारोह रखा गया। इस पावन अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रीना सिंह, कोषा अध्यक्ष अमरजीत सिंह, महामंत्री संगीता देवी, सदस्य जगतार सिंह सदस्य गुरप्रीत सिंह समाजसेवी सुबोध जी इंटर की महानगर अध्यक्ष श्रीमती चंदा सिंह समाजसेवी रीता शर्मा, सदस्य रिंकी इत्यादि उपस्थित रहे।

# चेशायर होम में विशेष बच्चों संग पप्पू सरदार ने बिखेरे खुशियों के रंग

### होली के दिन नशा नहीं करने और हुड़दंग से बचने का दिया संदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




दिव्यांग जनों के साथ होली खेलते पप्पू सरदार।

**जमशेदपुर।** होली के दिन नशा नहीं करने और हुड़दंग करने से बचने का संदेश देते हुए रविवार को सिने तारिका माधुरी दीक्षित के फैन पप्पू सरदार ने अपने चिर-परिचित अंदाज महिला ड्रेस कोड में (दुपटटा लेकर और माधुरी का मुखोटा लगाकर) सुंदरनगर स्थित चेशायर होम के विशेष बच्चों (दिव्यागों) के साथ रंगों की होली मनायी और उनके साथ खुशियां बांटी। होली के गीतों पर विशेष बच्चों संग पप्पू ने जमकर डांस किया। माधुरी दीक्षित की तस्वीर पर रंग गुलाल लगाकर इस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मौके पर चेशायर होम की हेड सिस्टर डेजी ने होली की बधाई देते हुए कहा कि होली के रंग खूब बिखरें, लेकिन भाई चारा के साथ, जोर जबरदस्ती रंग किसी को भी नहीं लगायें। उन्होंने कहा कि चेशायर होम के विशेष बच्चों को भी रंग खेलने के लिए इस दिन का इंतजार रहता हैं। पप्पू सरदार ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाई चारे को बढ़ाने का पर्व है। इसलिए इस होली पर रंगों की खुशी में अपने परिवार समेत सबको शामिल करें। पुरानी कटुता को भूल कर गले मिले और फिर से दोस्त बने। होली के दिन नशा, हुड़दंग, केमिकल युक्त रंग, कीचड़, पेंट्स, मोबिल एंव हानिकारण क्रिम आदि का उपयोग करने से भी बचें। सड़कों में आने जाने वालों किसी को भी जबरजस्ती रंग नहीं लगाएं। इससे लड़ाई-झगड़ा होता है। लड़ाई होने से शांति भंग होता है। पप्पू सरदार द्वारा यहां के बच्चों के बीच सुबह का सूखा नाश्ता एवं दोपहर का भोजन (लजीज व्यंजन) भी वितरण किया गया। मौके पर चेशायर होम के सभी सिस्टर एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### रजक समाज ने गम्हरिया में आयोजित किया होली मिलन

**गम्हरिया।** रजक समाज की ओर से छोटा गम्हरिया स्थित अम्बेडकर नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाज के उपाध्यक्ष बासुदेव रजक ने किया। इस दौरान जहां कलाकारों द्वारा प्रस्तुत होली गीतों से सभी सरोबार हो उठे। वहीं, सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समाज को संगठित करने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, समाज के आदित्यपुर व गम्हरिया इकाई के नेतृत्व में कांड्रा, सीनी, सरायकेला, खरसावां आदि क्षेत्रों में सदस्यों को जोड़ते हुए समाज के गठन का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर संरक्षक राजू रजक, उमेश रजक, नित्यानंद रजक, प्रहलाद रजक, संजय रजक, सूरज रजक, आदित्यपुर इकाई के अध्यक्ष सीताराम रजक, रवि रजक, रंजीत रजक, पप्पू रजक, नगीना रजक समेत समाज के कई सदस्य उपस्थित थे।

### बेनाशोल, सुरदा और सेरालडीह में आबकारी विभाग का छापा

जमशेदपुर। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार होली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के रोकथाम हेतु उत्पाद विभाग द्वारा सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा। इसी क्रम में मुसाबनी थाना अंतर्गत बेनाशोल एवं सुरदा तथा डुमरिया थाना अंतर्गत सेरालडीह एवं भागाबाँधी में छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में अवैध शराब बरामद कर जब्त किया गया। अवैध शराब बिक्रेताओं के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। छापेमारी के क्रम में 9 लीटर विदेशी शराब और 70 लीटर किंग फीसर बियर बरामद किया गया।

### आरके सिंह फैन क्लब के होली मिलन में उड़े गुलाल

जमशेदपुर। रविवार को आर के सिंह फेंस क्लब के ओर से टेल्को फूड प्लाजा मै होली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामन्त्री आर के सिंह ,प्रेसिडेंट गुरमीत सिंह , ई आर हेड सौमीक राय एवं आजसु के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिह, समाज सेवी शिव शंकर सिह , बीजेपी ओ बि सी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद,टेल्को थाना प्रभारी एवं सभी यूनियन के अधिकारी कमिटी मेम्बर फैन क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

### हाईकोर्ट ने नियोजन नीति निरस्त की, बिरसा युवा मंच ने मनायी खुशी

**जमशेदपुर।** रविवार को प्रातः 10 बजे बिरसा युवा मंच के सदस्यों एवं जमशेदपुर के युवा साथियों के द्वारा साकची गोलचक्कर के पास भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा के समक्ष सरकार एवं कोर्ट को धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सरकार की नियोजन नीति निरस्त किए जाने के बाद यहां जन युवाओं के भावनाओ को देखते हुए सरकार के द्वारा 2 दिन पूर्व नियोजन नीति में बदलाव करते हुए हिंदी अंग्रेजी और संसति जोड़ा गया है। ये झारखंड के बेरोजगार युवकों की जीत है, क्योंकि सच्चाई है की झारखंड के जितने भी आज के युवा है वे 10वीं और 12वीं के परीक्षा हिंदीध्इंग्लिश भाषा से ही पास किए है। अतः बिना स्कूल में रीजनल भाषा पढ़ाई शुरू किए रीजनल भाषा के आधार पर नौकरी देना कही से न्यायसर्विक नही है। इस कार्यक्रम में बिरसा युवा मंच के संस्थापक एवं पूर्व कोल्हान डीआईजी श्री राजीव रंजन सिंह कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं युवाओं के बीच लड्डू वितरण कर सरकार के नीति पर खुशियां मनाई। इस कार्यक्रम में पूर्व डीआईजी श्री राजीव रंजन सिंह के अलावा बिरसा युवा मंच के संथापक गण राजकुमार सिंह,बलविंदर सिंह कलसी, सुखदेव सिंह,अख्तर इमाम,मिराज खान, अशोक सिंह मुंडा के अलावा छात्र नेता सिद्धार्थ बागी,बबलू डांगी,अमन ठाकुर,शुभम कुमार, तेजस कुमार,सुमन सौरव,नीतीश राय,शशांक शर्मा,इत्यादि युवक के अलावा समाजसेवी पारसनाथ मिश्रा, जितेंद्र ठाकुर एवं 100 से अधिक युवा शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## हिजला मेला में स्वच्छता अभियान जिला प्रशासन

दुमका। राजकीय जनजातीय हिजला मेला के सफलता एवं शांतिपूर्ण समाप्त होने पर आज संपूर्ण मेला प्रांगण में स्वच्छता अभियान जिला प्रशासन एवं हिजला ग्राम के युवा के द्वारा चलाया गया। सफाई पूजा स्थल से शुरू होकर संपूर्ण मेला क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। विशेष रूप से माराङ बुरु थान में साफाई कर पूजा पाठ कर आने वाले वर्षों में इसी तरह शांति पूर्ण रूप से हो इसकी भी कामना की गई। अनुमंडल पदाधिकारी दुमका के नेतृत्व में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी, राजेश कुमार सिन्हा, अमरदीप हाँसदा, ईडीएम० दुमका, सिदोर हाँसदा, ईशाराज मूर्मू, सीताराम मूर्मू, सुलेमान हाँसदा, अनुमंडल कार्यालय के कर्मी एवं हिजला ग्राम के युवा उपस्थित थे। सफाई के बाद गांव के युवक के लिए भोजन की व्यवस्था अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा की गई।

## टोटो-बाईक की टक्कर, टोटो चालक की मौत, घायल

दुमका। टोटो और बाईक की टक्कर में टोटो चालक की मौत हो गई। घटना शनिवार को देर रात नगर थाना क्षेत्र के दुमका-पाकुड़ रोड़ में कड़हलबील दुर्गा मंदिर के समीप घटी। मृतक टोटो चालक कड़हलबील निवासी संजीव कुमार गुप्ता उर्फ मुन्ना है। जानकारी के अनुसार देर रात टोटो चालक अपने घर कड़हलबील जा रहा था। जहां दुर्गा मंदिर से आगे मोड़ पर घर जाने के लिए घूमा। जहां सामने से आ रहे बाईक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में टोटो चालक व बाईक सवार तीन घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान टोटो चालक की मौत हो गई। घायल बाईक सवार साहिबगंज निवासी रवि सोरेन एवं रोहित हांसदा है। जो अपने दीदी के घर कुम्हारपाड़ा में रह रहा है। पुलिस टोटो चालक का शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## विधायक ने किया रेस्टोरेंट का उद्‌घाटन

हंसडीहा। हंसडीहा दुमका स्टेट हाइवे पर धावाटांड गांव के समीप रविवार को पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने फैमिली रेस्टोरेंट होटल का उद्घाटन किया। होटल संचालक रजनीकांत यादव ने बताया की हाइवे किनारे स्थित उनके रेस्टोरेंट में इंडियन, चाइनीज के भोजन की व्यवस्था हैं। साथ ही ठहरने के लिए एसी व नन एसी रूम के अलावा ट्रक, कार के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था मौजूद हैं। शादी, बर्थडे पार्टी के लिए अलग से जगह के अलावा खाने पीने की पूरी व्यवस्था मौजूद है। इस दौरान बीडीओ दयानंद जायसवाल, थाना प्रभारी सुगना मुंडा, रामदिवस जायसवाल,अशोक यादव, दीपक यादव,शेलेन्द्र यादव, रामकिंकर यादव, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## एसकेएमयू के एमसीए का परीक्षा परिणाम हुआ जारी

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एमबीए-एमसीए का परीक्षाफल जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि एमसीए सेमेस्टर 2 के सत्र 2021-23 के परीक्षा 2022 और सेमेस्टर 4 के सत्र 2020-22 एवं ओल्ड कोर्स एमसीए सेमेस्टर 4 के सत्र 2020-22 का परीक्षा 2021 का परीक्षाफल जारी हुए। जिसमें सभी छात्र-छात्राएं सफल हुए।

## हिरणी जलप्रपात में पर्यटन सुरक्षा समिति ने मनाई होली

चक्रधरपुर। सिहभूम जिला अंतर्गत बंदगांव प्रखंड के हिरणी जलप्रपात पर्यटन स्थल में झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति का बैठक एवं होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में हिरणी, हुंडरु, जोन्हा, सीता, दशम एवं पंचघाघ आदि जलप्रपात पर्यटन स्थल के पर्यटन कर्मी शामिल हुए। समारोह के दौरान झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति की संगठन को मजबूती एवं होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ।

# एसपी महिला कॉलेज ने किया वेबिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एसपी महिला कॉलेज एवं बिजनेश मल्टी सोल्यूशन, पटना के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन हुआ। वेबिनार का विषय साईबर क्राईम एंड प्रीवेशन रहा। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्राचार्या डॉ रीना नीलिमा लकड़ा ने करते हुए बढ़ती साईबर अपराध और अपराध के 35 फीसदी रिपोर्ट पर चिंता जाहिर की। उन्होंने इंटरनेट यूज को समझने और समझाने में प्रयोग करने का अपील की। साईबर अपराध को छुपाने नहीं एकजुट होकर लड़ने का आह्वान की। महिला सशक्तिकरण सिर्फ महिलाओं को आगे बढ़ाने नहीं बल्कि डिजिटल ऐरा में सम्मानित जीवन प्रदान करना उद्देश्य बताया। एसकेएमयू मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि जहां सोशल मीडिया पर ने दमित इरादों समेत अन्य प्रकार के इच्छाओं को निखारने का काम किया है। बल्कि साईबर अपराधियों ने सहनशीलता का नाजायज फायदा उठा महिलाओं के अस्मिता से भी खेलने का काम कर रहे है। जिसका जागरूकता से बचाव एकमात्र उपाय बताया। ज्योति विद्यापीठ वीमेन यूनिवर्सिटी राजस्थान के स्पीकर राज सिन्हा ने सोशल मीडिया पर निजी बात शेयर करने से परहेज और ऐसे आयोजन साईबर अपराध को रोक लगाने को प्रतिबद्ध बताया। मुख्य वक्ता मलावी साउथ अफ्रिका से डॉ फ्लेरेंस वल निकोसि ने महिलाओं की भूमिका परिवार, समाज, देश को साईबर अपराध से सुरक्षित रखने में मददगार साबित होने की बात कही। कार्यक्रम का सफल संचालन कॉलेज शिक्षिका डॉ ज्योत्सना बा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ खुशबू तिग्गा ने की। वेबिनार में मो हनीफ, डॉ राकेश कुमार, डॉ अविनाश शरण, एसकेएमयू प्रवक्ता डॉ शंभु कुमार सिंह, हिन्दी पीजी विभागाध्यक्ष डॉ विनय कुमार सिन्हा, डॉ पीपी सिंह, डॉ केपी यादव, डॉ कुमार पीयूष, डॉ संजीव कुमार, डॉ अमीर हसन आदि शामिल हुए।



वेबिनार में शामिल शिक्षक

# ऑनलाईन सेमिनार का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय इकाई द्वारा कर्तव्य बोध दिवस पर रविवार को एक ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता डॉ अंजनी शर्मा ने की।

मुख्य वक्ता के रूप में एमएस यूनिवर्सिटी, बडोदरा, गुजरात सह महासंघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ प्रग्नेश शाह थे। उन्होंने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के उद्देश्य राष्ट्रहित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कार्य एवं कर्तव्य के बीच का अंतर बताते हुए कहा की वैधानिक और नैतिक कर्तव्य क्या है। नैतिक कर्तव्य का आधार व्यक्ति की नैतिक चेतना पर आधारित है। भारत में समाज व्यवस्था को सुधारने में शिक्षक का बहुत बड़ा हाथ हो सकता है। 500 साल पहले शिक्षक के बारे में समाज का नजरिया बहुत ही अच्छा था। उनकी उपस्थिति, उनके सुझाव का बहुत महत्व हुआ करता था। चुकी उन्हें समाज का नेता और अगुवाई करने वाला माना जाता था। आज भी छोटे गांवो में शिक्षक के सुझाव काफी मायने रखते हैं। उन्होंने बताया कि आज जहां पूरा विश्व भारत की ओर विश्व गुरु के रूप में देख रहा है। वहीं शिक्षक का कर्तव्य और भी बढ़ जाता है। वह राष्ट्रहित में बहुत बड़ा योगदान दे सकता है। उन्होंने भगवत गीता के श्रीकृष्ण और अर्जुन, रामायण से श्रीराम, गांधी जी और कैप्टन पवन कुमार की दिलेरी और कर्तव्यनिष्ठा के कई उदाहरण प्रस्तुत किए। मौके पर अन्य सदस्य सहित प्रदेश संगठन मंत्री डॉ राजकुमार चैबे, महामंत्री डॉ बृजेश कुमार, महासंघ के विश्वविद्यालय इकाई के पूर्व अध्यक्ष डॉ अजय सिन्हा, संगठन मंत्री डॉ रंजीत कुमार सिंह, मधुस्थली कालेज प्राचार्या जोली सिन्हा, डॉ करुणा पंजियारा, डॉ राखी रानी, डॉ सुमन लता, डॉ रूपम कुमारी, डॉ संजय प्रियंवाद, डॉ मनोहर कुमार, डॉ नमिता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री डॉ राजीव रंजन सिन्हा ने दिया।


उपाध्यक्ष डॉ प्रग्नेश

## तीरंदाजी प्रशिक्षण को लेकर खेल प्रांगण का निरीक्षण

हंसडीहा। हंसडीहा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में तीरंदाजी के विकास को लेकर खेल प्रांगण का निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण के दौरान झारखंड तीरंदाजी उपाध्यक्ष सह तीरंदाजी अध्यक्ष दुमका केएन सिंह एवं तीरंदाजी कोच श्वेता पांडेय ने विद्यालय प्राचार्य एनोस केरकेट्टा खेल मैदान का अवलोकन किया। जिसमें तीरंदाजी के विकास को लेकर खेल मैदान को प्रशिक्षण को लेकर उपयुक्त पाया। श्री सिंह ने अपने अभिवादन में कहा कि मार्च माह में ही तीरंदाजी को लेकर मैदान का पूर्णरूपेण विकास कर लिया जायेगा।

# होली मिलन समारोह का आयोजन कर दी होली की शुभकामनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। होली की धूम शहर समेत गांव में खूब हो रही है। विभिन्न संस्था, राजनीतिक पार्टीयां और गैरराजनैतिक संस्था द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रंग-गुलाल लगा लोगों ने भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। रविवार को सत्ताधारी दल झामुमों और मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने अपने-अपने समर्थकों के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया। विधायक बसंत सोरेन की उपस्थिति में दुमका क्लब में झामुमों का होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संचालन पार्टी केंद्रीय महासचिव विजय सिंह ने किया। होली के गाने और डीजे के धून पर लोग जमकर नाच-गान किया। इधर भाजपा जिला कार्यालय में भी होली मिलन समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दुसरे को गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दिया।



कार्यकर्ताओं के बीच विधायक बसंत सोरेन व अबीर लगा होली मिलन समारोह मनाते भाजपा कार्यकर्ता

# देव नदी में बनेगा उच्च स्तरीय पुल, दीपक बिरुवा ने किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत टोन्टो प्रखंड अंतर्गत टोन्टो पंचायत के ग्राम हरताहातु से बांधाबेड़ा पथ को जोड़ने के लिए देव नदी में पुल निर्माण कराने की कवायद विधायक दीपक बिरुवा की पूरी हुई। इस पुल के निर्माण होने से हरताहातु से बांधाबेड़ा के ग्रामीणों का सीधा आवागमन सुविधा के साथ बांधाबेड़ा से रेंगड़ाहातु और ग्राम हरताहातु से बांधाबेड़ा का सीधा संपर्क के साथ रुइया-बंकी मुख्य सड़क के साथ प्रखंड मुख्यालय से आवागमन का सीधा संपर्क होने के साथ रेंगड़ा, बुरुपटी आदि ग्रामों का सीधा संपर्क व दूरी कम होगी।

रविवार को चाईबासा के झामुमो विधायक दीपक बिरुवा ने पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। विधायक दीपक बिरुवा ने कहा कि जनहित में देव नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण अतिआवश्यक है। पुल निर्माण से नदी के दोनों क्षेत्रों के ग्रामीणों को आवागमन की दूरी काफी कम होगी। विधायक ने संवेदक को निर्माण कार्य में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया। शिलान्यास कार्यक्रम में झामुमो नेता राम लागुरी, बुधराम लागुरी, रामराय दोराईबुरु, जितेंद्र लागुरी, सोनाराम लागुरी आदि मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल चाईबासा के एई कौशल किशोर भगत, जेई जितेंद्र उरांव, जेई अब्दुल अनीश, राय कंस्ट्रक्शन प्रोपराइटर छोटन सिंह, टिंकू सिंह, काजल प्रधान, बिरसा मुंडा आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग का हुआ आयोजन

दुमका। इंडोर स्टेडियम में ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन रविवार को किया गया। ग्रेडिंग कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य महिला ताइक्वांडो संघ की अध्यक्ष व दुमका जिला ताइक्वांडो सचिव स्मिता आनंद ने की। ग्रेडिंग में 40 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें वाइट टू येल्लो बेल्ट का परीक्षा देने वाले बच्चे का नाम दीप शिख कुमार, यश राज, अभिषेक सोरेन, संकेत सोरेन, समायरा खान,अमायरा खान, अक्षरा सिंह, शौर्य सिन्हा, लक्ष्मी प्रियदर्शिनी, फरहान अख्तर ने परीक्षा दिया। येल्लो से ग्रीन बेल्ट के लिए परीक्षा रुद्र नारायण, आरोही गुप्ता, श्रेया जायसवाल, नीलम टुडू, मो नयाब आलम, पीहू मोदी, श्रीकांत प्रियदर्शी एवं आकाश कुमार दिया। ग्रीन से ग्रीन वन में जाने वाले बच्चे का नाम सयंतका सेन, एनी ताबिथा मुर्मू व ग्रीन वन से ब्लू वन के परीक्षा देने वाले बच्चे जोयसी मुर्मू,ब्लू से ब्लू वन में जाने वाले बच्चे अथर्व कश्यप, बच्चों ने टाली तोड़कर भी अपना प्रतिभा दिखाया।

## होली के दिन सदर अस्पताल में तैनात रहेंगे दो नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक

चाईबासा। रंगोत्सव होली के दिन सदर अस्पताल चाईबासा में नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक के प्रतिनियुक्ति की मांग को लेकर प०सिंहभूम जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय ने असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, प०सिंहभूम डॉ. साहिर पाल से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा था। होली के दिन लगभग सभी निजी नेत्र चिकित्सालय बंद रहते हैं।

# हमले व दुर्व्यवहार के विरोध में डॉक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च

दुमका। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियो पर हो रहे आये हमले और दुर्व्यवाहार के विरोध में डॉक्टरों ने रविवार को कैंडल मार्च निकाला। कैडल मार्च निकाल हो रहे हमले के विरोध करते हुए सुरक्षा की मांग सरकार की डॉक्टरों ने किया। डॉक्टरों ने कैडल मार्च निकाल मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। जिससे डॉक्टर भयमुक्त महौल में मरीजों की सेवा कर सके। जबकि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट झारखंड को छोड़ देश के अन्य राज्यों में लागू है। डॉक्टरों ने यूपी और हरियाणा के तर्ज पर झारखंड में भी 50 बेड अस्पताल एवं एकल क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट से मुक्त रखने का मांग किया। डॉक्टरों ने बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया को वेतन से जोड़े जाने का भी चिकित्सकों ने विरोध किया।

# रेलवे का रवैया बर्दाश्त योग्य नहीं, ट्रेनें नहीं दी गई तो बंद कराएंगे खनिजों की ढुलाई: माझी

## कहा चक्रधरपुर से जराइकेला तक सभी स्टेशनों को पहले की तरह मिले यात्री ट्रेन वर्ना होगा आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। गोइलकेरा के साप्ताहिक हाट बाजार परिसर में रविवार को राज्य की कैबिनेट मंत्री जोबा माझी ने नागरिक एकता मंच और स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक की।

इस बैठक में यात्री ट्रेनों के पूर्ववत ठहराव को लेकर आंदोलन और आगे की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री जोबा माझी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण काल के बाद रेलवे का रवैया बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। रेल प्रशासन इस क्षेत्र के लोगों के संयम की परीक्षा न ले। उन्होंने कहा कि चक्रधरपुर से जराइकेला तक सभी स्टेशनों पर पहले की तरह ट्रेनों का परिचालन और ठहराव होना चाहिए अन्यथा आंदोलन होना तय है। घर के दरवाजे से गुजरने वाली ट्रेनों की सुविधा यहां की जनता को नहीं मिले, ऐसी नाइंसाफी नहीं होने देंगे। उन्होंने रेलवे को चेताया कि जनता की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो चक्रधरपुर रेल मंडल में ट्रेनों का परिचालन और खनिजों की ढुलाई पूरी तरह बंद करा देंगे। उन्होंने कहा कि ओड़िशा के बामड़ा में एक आंदोलन से 11 जोड़ी ट्रेनें दे दी जाती है तो यहां के यात्रियों ने कोई गुनाह नहीं किया है। ट्रेनों की सुविधा सबका अधिकार है। टाटा-एलेप्पी एक्सप्रेस को भी शुरू कराया जाएगा। मंत्री जोबा माझी ने बैठक में बताया कि अपने निर्वाचन क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर ट्रेनों का पहले की तरह ठहराव देने की मांग को लेकर उन्होंने रेल मंत्री और बोर्ड से लगातार पत्राचार किया है। अभी 28 फरवरी को रेल मंत्री को पत्र लिखकर फिर से उन्हें अवगत कराया गया। यह उनसे अंतिम पत्राचार है। आंदोलन के क्रम में नागरिक एकता मंच के साथ उनके नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल रेल मंत्री से मुलाकात करेगा। इस बातचीत से ट्रेनों की समस्या के समाधान का प्रयास होगा। इसमें भी समाधान नहीं हुआ तो हजारों की संख्या में रेल पटरी पर बैठकर अनिश्चित कालीन रेल चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। गोइलकेरा में नागरिक एकता मंच के आंदोलन को मंत्री जोबा माझी का मजबूत नेतृत्व मिला है। इससे रेल प्रशासन के हाथ पांव फूले हुए हैं। 26 फरवरी को मंत्री जोबा माझी ने व्यापक आंदोलन का एलान किया था। इससे घबराकर रेलवे ने आनन फानन में 2 मार्च को गोइलकेरा में दो जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव देने की घोषणा कर दी। जबकि यहां पांच जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेन समेत 16 ट्रेनों की मांग जनता द्वारा की जा रही है। आपको बता दें कि कोरोना से पहले गोइलकेरा में 10 एक्सप्रेस ट्रेन समेत 16 ट्रेनें रुकती थीं। इनमें से कई ट्रेन 40-50 सालों से रुकती आ रहीं थीं। कोरोना के बाद स्थिति सामान्य होने पर रेलवे ने नाटकीय ढंग से सभी एक्सप्रेस ट्रेनों की सुविधा छीन ली। पैसेंजर ट्रेनों को भी बंद कर दिया। बैठक में ग्रामीणों ने ट्रेनों के नहीं रुकने से हो रही परेशानियों से मंत्री को अवगत कराया। मुरारी पांडेय, रवि गुप्ता, सुरसेन प्रधान, मोबिन अंसारी, विमल सिन्हा और मुखिया गणेश बोदरा ने भी अपने विचार रखे। बैठक में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अकबर खान, मुखिया सोमबारी बहांदा, उदय चेरोवा, सिकंदर लोमगा, राजेश चौरसिया, साकेत वाजपेयी, दिनेश गुप्ता, ईशा खान समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


गोइलकेरा हाट में ग्रामीणों के साथ बैठक करती मंत्री जोबा माझी

एक नजर में

## चार दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन विभिन्न अनुष्ठानों का हुआ आयोजन

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत चोपनाडीह स्थित गायत्री चेतना केंद्र गायत्री मंदिर प्रांगण में 3 मार्च से चल रहे चार दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में संस्कार सहित विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस दौरान रविवार को मुंडन 55, अन्नप्रासन्न 11, पुंसवन संस्कार, 31 लोगों ने दीक्षा प्राप्त किया। अनुष्ठान के बाद हवन कर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। सुबह आठ बजे गायत्री महायज्ञ के साथ प्रवचन किया गया, शाम को दीप यज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें 501 दीपों को जलाकर पूरे मंदिर परिसर को जगमग कर दिया एवं शाम में प्रवचन की शुरुआत की गई। वहीं हरिद्वार शक्तिकुंज से आए आचार्य सच्चिदानंद सिन्हा ने कहा कि आत्मा कभी मरता नहीं हैं, अपितू मनुष्य का शरीर मरता है। इसलिए हर अच्छा कर्म मनुष्य को करना चाहिए। ताकि आत्मा में बोझ ना रहे। महायज्ञ को सफल बनाने में राम शरण यादव, सुनील कुमार, सन्तोष राणा, चिरंजीवी यादव, महादेव प्रसाद यादव, भुनेश्वर प्रसाद यादव, रामधनी राम, रेणु देवी, लक्ष्मी कुमारी, जगदीश महतो, गाजो महतो समेत सभी ग्रामीण लगे हुए हैं।

## होली मिलन समारोह में जमकर झूमे लोग

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत पिपचो चौक स्थित त्रिलोकी सीमेंट सेंटर के समीप रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कलाकारों द्वारा होली से जुड़े गीत संगीत प्रस्तुत किए गए। होली गीत पर उपस्थित लोग उनके गीत पर झूमते नजर आए। वहीं कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से लोगों को अबीर से सराबोर कर दिया। इससे पूर्व होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अमित कुमार यादव ने समारोह में उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व शांति व सौहार्द के साथ मनाएं। मौके पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर से होली खेलकर बधाई दी। मौके पर राज नारायण सिंह, रामजी यादव, विजय यादव, शशि भूषण चौधरी, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, रंजीत यादव, दीपक कश्यप, विनोद मोदी, शशि चौधरी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर

कोडरमा। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडाडीह पॉवर हाउस के समीप रविवार शाम करीब 5 बजे मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार डंडाडीह निवासी 30 वर्षीय पिंटू राणा पिता अर्जुन राणा व 28 वर्षीय पवन राणा पिता किशुन राणा एक मोटरसाइकिल से रथाही मंदिर से अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे हैं चार पहिया वाहन चकमा दे दिया, जिसमें मोटरसाइकिल खेत में जा गिरा। जिसमें उक्त दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## छत से गिरकर एक 6 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहासीकर में छत से गिरकर बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लोहासीकर निवासी 6 वर्षीय सहजादी प्रवीण पिता मो मुस्लिम अपने छत पर खेल रही थी। इसी क्रम में वो छत से गिर गई। घटना के बाद परिजनों के द्वारा बच्ची को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## होली एवं शब-ए-बारात को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

जयनगर (कोडरमा)। पुलिस ने होली एवं शब-ए-बारात शांतिपूर्ण तरीके से क्षेत्र में मनाने को लेकर रविवार की संध्या को फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व मायका अंचल इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने की। फ्लैग मार्च जयनगर थाना से निकलकर हाजी मोहल्ला, बेला मोहल्ला, मस्जिद मोहल्ला होते मुख्य सड़क से पिपचो सहित कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने सभी क्षेत्रवासियों को दोनों त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार के सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट झूठी अफवाह ना फैलाने के भी सख्त निर्देश दिए। फ्लैग मार्च में डोमचांच अंचल इंस्पेक्टर अवधेश सिंह, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा, मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार, एसआई विनीता कुमारी, पंचम कुमार तिग्गा, एएसआई सतवीर सिंह, इस्लाम अंसारी, दिलीप कुमार मंडल सहित सैकड़ों पुलिस जवान थे।

## होली व शब-ए-बारात शांतिपूर्ण मनाने को लेकर निकला फ्लैग मार्च

मरकच्चो (कोडरमा)। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के आदेशानुसार मरकच्चो प्रशासन के द्वारा आगामी त्योहार होली एवं शब-ए-बारात को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर रविवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना क्षेत्र के बंधन चौक, ब्लक चौक, जामु समेत थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में निकाला गया। इस दौरान लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने, सोशल मीडिया पर अफवाहों को ना फैलाने, शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। मौके पर सीओ रामसुमन प्रसाद, थाना प्रभारी लव कुमार, ऋषिकेश सिन्हा, अवधेश कुमार सिंह, एसआई अनिल टोपो, एसआई पंचम तिग्गा एवं पुलिस जवान शामिल थे।

## अवैध महुआ शराब के विरुद्ध चला छापामारी अभियान

सतगावां (कोडरमा)। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह एवं उत्पाद विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलया गया। जहां सतगावां थाना अंतर्गत कोठियार पंचायत एवं राजावार पंचायत क्षेत्र में अवैध चलाएं जा रहे महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी की गई। जिसमें कोठियर पंचायत के गोसाईंतरी जंगल में दो भट्ठी, आठ सौ जावा महुआ एवं शराब बनाने वाले उपकरण को नष्ट किया गया। साथ ही तीस लीटर महुआ शराब को बरामद किया गया। वहीं राजाबर पंचायत के ठुठाआम के डोमाकोला जंगल में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई, जिसमें डोमाकोला जंगल में दो अवैध महुआ शराब की भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। एवं इन दोनों भट्ठियों पर करीब एक हजार केजी संचित जावा महुआ तथा शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट किया गया। वहीं भट्ठी संचालकों को चिन्हित कर उत्पाद विभाग द्वारा कारवाई की जा रही है।

## संप्रेक्षण गृह में होली मिलन समारोह का आयोजन

दुमका। संप्रेक्षण गृह में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली को लेकर किशोरों में जबर्दस्त उत्साह और उमंग देखा गया। यहां किशारों ने एक-दूसरे के साथ जमकर होली खेली। किशोरों के साथ जेजेबी और सीडब्ल्यूसी के सदस्यों एवं संप्रेक्षण गृह के शिक्षक एवं स्टॉफ भी होली के गीत पर जमकर नाचे। किशारों ने होली के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया और हिन्दी एवं संताली में गीत भी गाये। होली पर्व पर पारंपरिक पकवान भी बनाये गये थे। जेजेबी एवं सीडब्ल्यूसी के सदस्यों ने कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी सद्भावना का प्रतीक है। होली के रंग वातावरण को उल्लास और उत्साह से भरने के साथ खुशियां फैलाते हैं। संप्रेक्षण गृह में रह रहे किशोरों को शिक्षा के साथ अलग-अलग तरह की गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है,ताकि उनके व्यक्तित्व का विकास हो सके और वह समाज के मुख्य धारा में वापस लौट पाएं। होली मिलन समारोह में किशोर न्याय बोर्ड की महिला सदस्य किरण तिवारी आदि।

स्पीड न्यूज

## स्कूटी पलटने से 15 साल के चालक की मौत

**सिन्दरी।** बलियापुर थाना क्षेत्र के सिन्दरी राँगामाटी रासुघुटू बस्ती निवासी प्राइवेट चालक जितेंद्र सिंह के 15 वर्षीय इकलौते पुत्र आशु की अपने घर के पास सड़क दुर्घटना में रविवार को मौत हो गई। आशु वार्ड नं 54 की पूर्व पार्षद स्व सीता देवी का नाती था। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शाम 4 बजे आशु तेज गति से प्रेस लिखी स्कूटी संख्या जे एच 01 सी वाई 0944 से राँगामाटी पानी टंकी से अपने घर आ रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही आटो को देखकर स्कूटी में ब्रेक लगाया और स्कूटी पलट गई। इस घटना में आशु के मुँह से खून बहने लगा। आनन फानन में परिजनों ने आशु को एसएन एमएमसीएच धनबाद ले गए। जहाँ चिकित्सकों की हड़ताल के कारण उसे बैरंग वापस लौटने के क्रम में निजी अस्पताल में आशु को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव के सिन्दरी के आरएमकेफोर 175 के सामने स्थित आवास आने पर माँ व परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। बलियापुर थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि घटना संज्ञान में नहीं है। संज्ञान में आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

**गोमो।** द चेंबर ऑफ कॉमर्स गोमो की ओर से पुराना बाजार गांधी गांधी चौक स्थित होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर सभी व्यवसायियों ने एकजुट होकर एक दूसरे को होली की बधाई दी एवं आपसी भाईचारे के साथ रहने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख आनंद कुमार महतो, डीबीएच स्कूल के फादर जेम्स, भाजपा महिला जिला मंत्री ज्योति कुमारी, भाजपा नेता अजय प्रसाद, द चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष धीरज कुमार सहित अमर बरनवाल, राजेश राकेश, सिंह इकबाल सिंह, सिंगर सोनू खान, सुबेन्दो सरकार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## गांव की ओर चलो कारंवा का जत्था पेटरवार पहुंचा

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल का ‘गांव की ओर चलो’ कार्यक्रम का जत्था आज पेटरवार प्रखंड के छप्परगड्ढा, घरवाटांड, तेनुघाट मोदी चौक, उलगडा, मिजार्पुर, अरजुवा, रांगामाटी इत्यादि विभिन्न गांव का दौरा किया और जन संपर्क करते हुए विभिन्न जगहों पर आयोजित नुक्कड़ जनसभाओ को संबोधित किया। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद ने कहा कि राज्य के बिजली वितरण निगम लिमिटेड को अंग्रेजकालीन महाजन की भूमिका त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि मीटर की गड़बड़ी, आउटडेटेड ट्रांसफार्मर के बावजूद उपभोक्ताओं से बिजली बिल वसूलने के बजाय उपर्युक्त गड़बड़ियों की जवाबदेही बिजली निगम को अपने ऊपर लेना होगा। श्री महमूद ने कहा कि एक सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने की जारी अधिसूचना का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पंचानन महतो ने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर देश की माली हालत चौपट करने का आरोप लगाया।

## समाजसेवी के आवास पर भजन संध्या का हुआ आयोजन

**बेरमो /फुसरो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के शास्त्री नगर में शुक्रवार की देर रात समाजसेवी द्वारिका प्रसाद बंसल के आवास में श्री श्याम महोत्सव के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। यहां भजन में कटिहार के गायक धीरज सिंह राजपूत, धनबाद के अनिता वर्मा, गोपी चौधरी ने एक से बढ़कर एक भजन व फागुन गीत प्रस्तुत किया। भजन गायकों ने भजन की शुरूआत गणेश वंदना के साथ किया। मौके पर बोकारो जिला सम्मेलन उपाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, अग्रवाल महासभा प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, बेरमो प्रखंड के 20 सुत्री उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक, फुसरो युवा व्यवसायी संघ के संरक्षक देवी दास, वार्ड पार्षद रश्मि सिंह, भरत वर्मा, भाजपा नेता कृष्ण कुमार, रमन गर्ग, सुनील अग्रवाल आदि लोग मौजूद थे।

# धनबाद पुलिस हाईटेक, सात थानों में क्यूआर कोड सिस्टम से पुलिस पेट्रोलिंग की शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद की पुलिसिंग व्यवस्था हाई टेक हुई क्यूआर कोड के माध्यम से गली मोहल्ले एवं संवेदनशील जगहों पर पुलिस पेट्रोलिंग की जानकारी कंट्रोल रूम तक पहुंचेगी।

शनिवार को एसएसपी संजीव कुमार ने क्यूआर कोड लॉन्च करते हुए बताया कि क्यूआर कोड सिस्टम से अब पुलिस की पेट्रोलिंग होगी। शुरूआत में अभी 7 थानों में इस व्यवस्था को लागु किया गया है. उन सात शहरी थानों में धनबाद, धनसार, सरायढेला, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, राजगंज और जोगता थाना शामिल है। उन्होंने बताया ये क्युआर कोड उन सभी 7 थाना क्षेत्र के डिफरेंट एरिया में लगाया गया है। क्यू आर कोड का यह सिस्टम कंट्रोल रूम से भी जुड़ा रहेगा। इससे पुलिस पेट्रोलिंग पर भी नजर बनी रहेगी। क्यू आर कोड वाले



जगह पर पुलिस टीम के पेट्रोलिंग के लिए पहुंचने पर अपने मोबाइल से क्यू आर कोड को स्कैन करेगी। स्कैन करने पर पुलिस कंट्रोल रुम को स्वतः जानकारी मिल जाएगी कि उक्त स्थान पर पेट्रोलिंग जारी है।

उन्होंने बताया इस व्यवस्था को आने वाले दिनों में जिला के सभी थाना में भी शुरू किया जाएगा। एसएसपी ने बताया जिला में ट्रेफिक थाना की संख्या बढ़ाने का भी प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। वर्तमान में एक ही ट्रेफिक थाना है. झरिया, निरसा , कतरास में ट्रेफिक थाना का प्रस्ताव भेजा गया है। एसएसपी ने बताया की ट्रेफिक नियम के अनुपालन कराने को लेकर जिला में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाने के साथ - साथ चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। ट्रेफिक नियमों का उलंघन करते पाए जाने पर जुमार्ना भी लगाया जा रहा है।

# विराट होली समागम सप्ताह को लेकर फगुआमय हुआ कतरास

### 7 मार्च को राजेंद्र क्लब में होगा महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** रंगों का त्यौहार होली के मौके पर कतरास में विराट होली समागम सप्ताह को लेकर बड़े बुजुर्गों युवाओं एवं बच्चों में काफी हर्ष का माहौल है। किस प्रकार मथुरा की 40 दिन तक चलने वाले होली पूरे भारत में विख्यात है उसी तर्ज पर कतरास के युवाओं ने कतरास में भी सप्ताह भर होली मनाने के लिए विराट होली समागम सप्ताह की शुरूआत की है।

बताते चलें कि 1 मार्च से लेकर 8 मार्च तक कतरास के प्रत्येक मोहल्लों में होली के गीतों पर बड़े बुजुर्ग युवा झूमते हुए नजर आ रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि खुद का ढोलक,तबला, ढपली, झाल लेकर युवा खुद से गीत गा रहे




हैं,एवं खुद भी आनंदित हो रहे हैं तथा मोहल्ले वालों को भी आनंदित कर रहे हैं।

यह परंपरा कतरास में पिछले कई वर्षों से चालू था लेकिन कोरोना काल के कारण बंद हो गया था। जिसे फिर से कतरास के उत्साहित युवाओं ने शुरू कर खत्म हो रही परंपरा को जिंदा रखने का प्रयास किया है। बताते चलें कि कार्यक्रम की शुरूआत 1 मार्च को पोस्ट ऑफिस रोड राधा कृष्ण मंदिर से की गई 2 मार्च को गणेश मंदिर राजबाड़ी में संपन्न हुई 3 मार्च को राजेंद्र कलम कतरास बाजार मोड में संपन्न हुई 4 मार्च को बजरंगबली मंदिर लाला टोला में संपन्न हुई एवं 5 मार्च को कार्यक्रम का आयोजन राजबाड़ी रोड महेश अग्रवाल के दुकान के समीप संपन्न होने वाली है ,तथा 6 मार्च को डॉ स्वतंत्र कुमार उर्फ डब्ल्यू सर के घर के सामने आनंद नगर में संपन्न होगी। तथा 7 मार्च को विराट रूप से कतरास की सामाजिक संस्था डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान (राजेंद्र क्लब) के प्रांगण में विराट होली समागम सप्ताह के दौरान महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया गया है। विराट होली समागम सप्ताह को मुख्य रूप से सफल बनाने में विष्णु चौरसिया ईश्वरी नारायण पांडे मनोज चौरसिया डॉ डब्ल्यू महेश अग्रवाल अशोक चौरसिया सरोज विश्वकर्मा मुकेश भट्ट पंकज सिन्हा बिनोद रजक शैलेंद्र सिन्हा राहुल रजक उत्तम रवानी पिंटू दे सौरभ सिंह तापस दे अप्पू राजगढ़िया राजकुमार ढंगाईच अधिवक्ता विनय सिन्हा अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह अधिवक्ता माता दिल अग्रवाल अधिवक्ता ललन किशोर प्रसाद शिवेश विश्वकर्मा अशोक शर्मा गणेश मोदक उत्तम चौरसिया आदि लोगों का सहयोग रहा।

## होली मिलन समारोह में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो /फुसरो।** बरनवाल युवक संघ फुसरो, बेरमो की ओर से शनिवार को श्री अग्रसेन भवन फुसरो में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ प्रहलाद वरनवाल सहित समाज के पदाधिकारियो ने महाराज अहिबरन के चित्र के समीप दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन नागेंद्र नाथ गुप्ता ने किया। जहां पर सभी ने एक-दुसरे को अबीर लगा कर पर्व की बधाई दी। समारोह में गीत-संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ प्रहलाद वरनवाल ने कहा कि होली अंहकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। होली एक ऐसा पर्व है कि गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते है।

## धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन का होली मिलन समारोह

**धनबाद।** रविवार को धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन का होली मिलन समारोह का आयोजन धैया स्थित टुलिप मैरिज गार्डन हॉल में किया गया। जिसमें धनबाद के लगभग डेढ़ सौ फोटोग्राफर सदस्यों ने हर्षोल्लास से होली मिलन समारोह मनाया।अबीर गुलाल गालों पर लगाकर एक दूसरे को गले लगाकर बधाई देते हुए सौहार्द्रपूर्ण तथा पारंपरिक तरीके से मनाया गया। गिले शिकवे भुलाकर, इस होली मन के सारे मैल धोकर एक दूसरे को गले लगाने तथा साथ कदम से कदम मिलाकर चलने और सभी के जीवन में खुशियों के रंग भरने की बात कही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुबोध महाराज, सुभाष रजक, मनोज राठौर, प्रकाश कुमार, साजिद खान, अभिजीत भट्टाचार्य, दीपू कुमार, रिपु दमन एवं सूरज रवानी साथ ही धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के सारे सदस्य गण उपस्थित थे।

# जगह- जगह होली मिलन समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /फुसरो।** डॉ. रवींद्र ऊषा सिंह फाउंडेशन के संस्थापक डॉ उषा सिंह ने अंगवाली के मैथान टुंगरी स्थित श्री राधे श्याम गौशाला में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया. यहॉ लोगो ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा के बधाईयाँ दिया। इस दौरान फाउंडेशन के संस्थापक डॉ उषा सिंह ने सभी अतिथियो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित की. उन्होंने कहा कि कहा कि होली आपसी भाईचारे का त्योहार है. हमलोगों को आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे को बढ़ाना चाहिए। सभी लोग मिल जुलकर इस त्योहार को मनाएं। मौके पर बेरमो प्रमुख सह भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी, उपाध्यक्ष राधा देवी, भाजपा नेता मधुसुदन प्रसाद सिंह, कृष्ण कुमार, बेरमो प्रखंड बीस सुत्री उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक, वार्ड पार्षद भरत वर्मा, अभय विश्वकर्मा, दिनेश सिंह, निमाय सिंह, छितरमल बंसल, मनोज कुमार, वैभव चौरसिया, पंकज पांडेय, मंचु सिंह, शंकर सिंहा, लक्ष्मण मिश्रा, सुशील अग्रवाल, जवाहर साव, सुशांत राईका, आंनद कुमार, रविंद्र सिंह, विमल सिंह, संतोषी सिंहा, सुनीता सिंह, ललिता राव, सुधा सिंह, अनीता कुमारी आदि लोग मौजुद थे। वही बोकारो जिला डेकोरेटर एसोसिएशन बेरमो




जॉन- 7 का होली मिलन समारोह आराध्या भवन फुसरो में मनाया गया। मौके पर केंद्रीय कमेटी के सदस्य सत्येंद्र शर्मा व एसोसियेशन के संरक्षक लखेश्वर प्रसाद महतो उर्फ मास्टर जी ने कहा कि ऐसे आयोजन से संगठन में मजबूती आने के साथ आपसी प्रेम भी बढ़ता है। कहा कि सामाजिक कार्यो में बढ- चढ़कर भागीदारी निभाने के साथ- साथ संगठन को मजबूत करना प्राथमिकता है।

इस दौरान लोगो ने एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगा के बद्याईयाँ दिया। मौके पर एसोसिएशन बेरमो जॉन- 7 के अध्यक्ष मदन कुमार, सचिव पिंटू कुमार नायक, कोषाध्यक्ष इजहारउल हक, प्रेम रवानी, बेजू मालाकार, संतोष महतो, मनोज गिरी, महेद्र राम, मुकुंद महतो, कैलाश, देविन मलाह, प्रीतम लाल गुप्ता, शुभम, जगदीश, मुकेश, संजय आदि लोग मौजुद थे।

इधर पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित विकलांग कल्याण समीति के कार्यालय में समीति के केंद्रिय महासचिव भूनेश्वर महतो के नेतृत्त्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यहॉ श्री महतो ने कहा कि होली खूबसूरत रंगो का त्योहार है, होली का त्योहार आपसी सदभाव सिखाता है। आपसी भेद भाव को दूर करता है एवं आपसी भाई चारे को बढाता है। लोगो ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा के बद्याईयाँ दिया। मौके पर पूनम सिंह, धनंजय सिंह, निर्मल महतो, चंद्रिका पांडेय, बैजनाथ कुमार, के बर्णवाश, रंजीत ठाकुर, मुन्ना कुमार मंडल, मुकेश रविदास, मीना देवी, वीणा देवी, चांदनी देवी, प्रेमचंद महतो आदि लोग मौजुद थे।

# अश्लील एवं फूहड़ गानों से युवा बनाए दूरी: मायुमो

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने रविवार को गांधी सेवा सदन, धनबाद में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन में धनबाद कोयलांचल से लगभग 30 युवाओं ने मायुमो का दामन थामा। सभी को मायुमो अध्यक्ष पवन महतो, उपाध्यक्ष संदीप कौशल, सचिव राणा चटराज ने युवाओं को माला पहनाकर शामिल किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि हमारे देश त्योहारों का देश है। यहां हर साल में विभिन्न प्रकार के त्योहार मनाए जाते हैं,उन्हीं में से होली हमारे देश का एक प्रमुख और महत्वपूर्ण त्योहार है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। जो हमें रंगों में अपनी खुशियां दिखता है। मायुमो युवाओं को संदेश देना चाहती है कि अश्लील एवं फूहड़ गीतों से दूरी बनाए रखें एवं देश तथा समाज में भाईचारा का माहौल स्थापित करें। मायुमो जिला सचिव राणा चटराज ने कहा कि मायुमो होली मिलन समारोह से संदेश देना चाहती है की अश्लील एवं फूहड़ गानों से युवा दूरी बनाए रखें तथा समाज में भाईचारा का माहौल स्थापित करे एंव द्वेष की भावना को हटाकर देश को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। मायुमो ज़िला उपाध्याय संदीप कौशल ने कहा कि देश में हर त्योहार में जश्न अलग-अलग ढंग से मनाते हैं, लेकिन होली का जश्न रंगों और फूलों का कहर बरसाते हुए मनाया जाता है। होली रंगो और हंसी-खुशी का निराला और अद्भुत त्यौहार है । रंगों का त्योहार आपसी भाईचारा का माहौल स्थापित करती है। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से मासस के नरेश पासवान, कृष्ण कुमार, प्रदीप रवानी, अशोक यादव, प्रिंस सिंह, अमन चौहान, राहुल वाल्मीकि, बादल राम, विवेक राम, अर्जुन बाल्मीकि, सूरज राम, महावीर महतो, राहुल सिंह, सागर साहू, मोहित कुमार, अमित कुमार, रोशन यादव, अनिकेत कुमार आदि लोग शामिल थे ।

## दादी फुलमनी के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए कई गणमान्य

**बेरमो /फुसरो।** नप क्षेत्र के सुभाष नगर में सीसीएल ढोरी के अधिकारी सह समाजसेवी अरूण कुमार के दादी फुलमनी देवी के श्राद्ध कर्म पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कई गणमान्य शामिल हुए. सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। यहॉ अरूण कुमार ने श्रद्धांजलि सभा मे उन्हें याद करते हुए कहा कि वे मृदुभाषी, मिलनसार व समाज के प्रेरक थे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने संगठन सशक्तिकरण को लेकर चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने संगठन सशक्तिकरण को लेकर तोपचॉची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत के खेत खलिहान मे बैठक कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

विभिन्न क्षेत्रों में पंचायत स्तरीय पदयात्रा एवं जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री सिंह ने कहा लोकसभा चुनाव 2024 की चुनौती को गंभीरतापूर्वक लेकर संगठन सशक्तिकरण पर कार्य कर किया जा रहा है। होली पर्व के बाद धनबाद लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर निरसा, सिंदरी, झरिया और धनबाद विधान सभा क्षेत्र मे



विशेष रूप से संगठन सशक्तीकरण पर काम होगा। श्री सिंह ने कहा भाजपा ईवीएम के सहारे चुनाव जितती है हमे अपने कार्यकताओ के बल पर चुनाव जितना है। हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा के क्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी से मिलकर हमीरपुर पंचायत, बिसनपुर पंचायत, कोरकोटा पंचायत, गोमो उत्तर पंचायत, भूईया चितरो पंचायत, खेसमी पंचायत, जीतपुर पंचायत, खरीयो पंचायत, गोमो दक्षिण पंचायत, और तोपचॉची पंचायत के ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल कार्यालय तोपचॉची मे व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कि संबंधित मामले को लेकर उपायुक्त,धनबाद से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी देने के साथ-साथ लोगों के उक्त समस्याओं को अविलंब निराकरण का आश्वासन दिया एवं कहा जनहित मे जनता कि समस्याओ को लेकर आन्दोलन भी करना होगा तो करेंगे। कार्यक्रम मे मुख्य रूप तोपचॉची प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार प्रसाद, प्रखंड कांग्रेस प्रभारी ईरफान खान चौधरी, अशोक लाल, मुखिया गुलाम सर्वर खान, प्रखंड महीला कांग्रेस अध्यक्ष अंजला मुखर्जी, जावेद रजा, वकील बाउरी, बासुदेव ठाकुर, बलराम गोप, मोहम्मद जमाल, विश्वनाथ शर्मा, जमाल खान, गुलजार अहमद, अनवर हुसैन, डाक्टर प्रेम चन्द्र महतो, छोटन सिंह, संजीव कुमार, संतोष ठाकुर, राजू कुरैसी, वंशीधर बाउरी, सुनिल कुमार, मो रुस्तम अंसारी, जसीम अख्तर, कपिलदेव ठाकुर, शहाबुद्दीन, गयास अंसारी, अब्दुल मुरीद, सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकताओ ने भाग लिया। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार संचालन बासुदेव ठाकुर ने किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी का तोपचॉची मे कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया।

एक नजर में

## घनी आबादी के बीच जूता चप्पल के गोदाम में लगी भीषण आग

**कतरास।** कोयलांचल को सचमुच किसी की नजर लग गयी है। जिले में कहीं ना कहीं से अग्निकांड की घटना सामने आ रही है। रविवार को कतरास थाना क्षेत्र के छाता बाद फुटबॉल ग्राउंड के पास एक जूते चप्पल की गोदाम में भीषण आग लग गई। एक घंटे के बाद दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंची और बहुत ही मशक्कत के बाद दमकल विभाग के कर्मियों ने आग पर काबू पाए। जिस जूते चप्पल के गोदाम में आग लगी है उसके मालिक का नाम लिया से देखी है स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत दीवार तोड़कर एक दोगुना हमसे कुछ सामानों को बाहर निकाल पाए। चमड़े का जूता चप्पल रहने के कारण आग काफी तेजी से फैलता गया घनी आबादी के बीच में इस तरह की घटना से आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया था। घटनास्थल पर लोगों की इतनी अधिक भीड़ जमा हो गई थी कि आग बुझाने में दमकल कर्मियों को मशक्कत करनी पड़ रही थी हालांकि कतरास पुलिस ने तुरंत मौके से भीड़ को खाली कराया एवं दमकल कर्मियों का सहयोग कर आग को बुझाने में सहयोग किया।

## सुंदरकांड व हनुमान चालीसा रोज पढ़ें

**गोविंदपुर।** जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर। राम दूत अतुलित बल धामा, अंजनी पुत्र पवनसुत नामा। महावीर विक्रम बजरंगी, कुमति निवार सुमति के संगी आदि दोहो से शनिवार को गोविंदपुर स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर गूंज उठा। मौका था श्री सिद्ध हनुमान के 28 वे वार्षिकोत्सव का। वार्षिकोत्सव में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ कराने मुंबई के प्रसिद्ध कथावाचक प्रेम प्रकाश दुबे पहुंचे थे। उन्होंने विभिन्न स्वरो में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ कर श्रद्धालुओं को खूब आकर्षित किया। प्रेम प्रकाश दुबे ने कहा कि घरों में नित्य हनुमान चालीसा पाठ का अपना महत्व है। इससे सुख, शांति और समृद्धि आती है तथा दुश्मन घरों में प्रवेश नहीं कर पाते हैं। उन्होंने नित्य सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ करने की अपील श्रद्धालुओं से की। ऋषिकेश से आए महंत अमृत प्रकाश महाराज ने श्रद्धालुओं से बच्चों को संस्कारवान बनाने और नैतिक शिक्षा देने की अपील की। आयोजन को सफल बनाने में स्वामी आत्मप्रकाश रामायण, शंभूनाथ अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, किशन अग्रवाल, सीए अनिल अग्रवाल, पवन लोधा, रामप्रसाद अग्रवाल, कृष्ण गोपाल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, कमल अग्रवाल, जवाहर गुप्ता, राजकुमार तायल , सुरेश सरिया, राजेंद्र बंसल, नंदलाल अग्रवाल , सुनील सरिया , शैलेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, ललित केजरीवाल, अरुण अग्रवाल , चंद्रशेखर गुप्ता, ओम प्रकाश बजाज, बलराम अग्रवाल, सतीश सरिया, बजरंग अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अमित मित्तल, अशोक गुप्ता आदि सक्रिय थे।

## शहीद रुपेश की 15वीं पुण्यतिथि मनायी

**लोयाबाद।** लोयाबाद पोस्ट ऑफिस के समीप लोयाबाद मोड़ स्थित शहीद रुपेश सिन्हा की 15वीं पुण्यतिथि रविवार को मनाया गया। आयोजन में मुख्य रूप झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय शहीद रुपेश सिन्हा के चित्र पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता प्रकाश नोनिया व झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दिया गया। अमितेश सहाय ने स्वर्गीय रूपेश सिन्हा के बारे मे बताया कि ये अपने छात्र जीवन से ही काफी उग्र स्वभाव के थे गरीब एवं असहाय के उपर होने बाले अत्याचार को ये सहन नही करते थे, लेकिन अफसोस ये जिनकी लड़ाई लड़ते थे आज वही लोग इन्हे भुला दिए ।आज के इस भावभिनी श्रद्धांजलि सभा मे मानस चटर्जी ,अनवर मुखिया ,द्वारिका चौधरी,एनुल अंसारी, अर्जुन नोनिया सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## दुर्गा सोरेन सेना के कार्यालय में होली मिलन समारोह

**तेतुलमारी।** दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा के विशाल बाल्मीकि द्वारा रविवार को आवासीय कार्यालय तेतुलमारी में होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। मौजूद सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी। मौके पर अभिषेक सिंह,राजकुमार बाल्मीकि, आकाश चौहान, शुभम सिंह आदि मौजूद थे।

## बंगाली समुदाय ने बसंत उत्सव मनाया

**धनबाद।** रविवार को आगामी दोल एवं होली महोत्सव के अवसर पर धनबाद में बंगाली समुदाय के प्रसिद्ध संगठन लिंडसे क्लब और पुस्तकालय ने 5 मार्च रविवार को क्लब परिसर में बसंत उत्सव मनाया।कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर के प्रसिद्ध गीत ओ रे गृहोबासी से हुई।

## पेज एक का शेष

### केंद्र के अन्याय के खिलाफ सामूहिक आंदोलन.....

**केंद्र पर एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप :** उधर सीबीआइ और इडी के एक्शन पर विपक्ष के नौ नेताओं ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखकर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। चिट्ठी में विपक्ष ने सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग करने की बात कहते हुए भाजपा की निंदा की है और इस पर चिंता भी जताई है। हालांकि इन विपक्षी दलों में कांग्रेस शामिल नहीं है। चिट्ठी में आरोप लगाया गया कि जो नेता भाजपा में शामिल हो जाते हैं, उनके खिलाफ जांच धीमी गति से होती है। विपक्षी नेताओं ने लिखा कि राज्यपाल कार्यालय पर चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकारों के काम में दखल में भी दखल दिया जाता है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि राज्यपाल केंद्र और राज्यों के बीच बढ़ती दरार का कारण बन रहे हैं। विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि केंद्रीय एजेंसियों की छवि खराब हो रही है। चिट्ठी में लिखा गया कि पूछताछ के बाद दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया, उन्हें गिरफ्तार करते समय उनके खिलाफ कोई सबूत भी नहीं दिखाये गये। जिन 9 विपक्षी नेताओं ने लिखी चिट्ठी लिखी है, उनमें के. चंद्रशेखर राव, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, फारुख अब्दुल्ला और भगवंत मान प्रमुख हैं।

### अरुण एक्का पर केस दर्ज.....

**पूरे मामले की सीबीआई से जांच हो :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएम की सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों की दो-दो एके-47 प्रेम प्रकाश के घर से मिली थी। अब राजीव अरुण एक्का ईडी के अभियुक्त विशाल चौधरी के कार्यालय में फाइलों का निपटारा करते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में और भी ऐसे अधिकारी हैं, जो भ्रष्टाचार में पूरी तरह से लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि अगर दोषियों को बचाने का काम होगा तो उच्च एजेंसियां जांच करेगी। उन्होंने ी मांग की कि सीएम खुद पूरे मामले की जांच सीबीआई से करायें। श्री मरांडी ने उन्होंने कहा कि एक्का और विशाल अकेले नहीं है। ऐसे कई और दलाल, अफसर एवं सत्ताधारी लोग हैं जो मिल बैठकर टेंडर, ट्रांसफर आदि की फाइल पैसे लेकर अपने घरों से निपटा रहे हैं।

### 60 साल बाद अब अनुकंपा पर राशन......

60 वर्ष के अंदर मृत्यु होने पर विभाग उनके आश्रितों को लाइसेंस देती है। प्रदीप यादव और मथुरा महतो के आग्रह पर बाद में मंत्री ने कहा कि कुछ मामले ऐसे आये हैं, जिनमें 60 वर्ष के बाद तक काम करने वाले डीलर की मृत्यु से आश्रितों को लाइसेंस देने की मांग हुई है।

### पाक के पूर्व पीएम इमरान लापता पुलिस गयी थी...

गौरतलब है कि पाकिस्तान के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने बीते 28 फरवरी को संघीय राजधानी में पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इमरान को 28 फरवरी को चार अलग-अलग मामलों में पेश होना था, लेकिन वो तोशखाना मामले में सुनवाई के दौरान नहीं पहुंचे।

## स्पीड न्यूज

### अब रीछों का भी घर होगा सरिस्का रिजर्व

जयपुर। राजस्थान में स्थित सरिस्का बाघ रिजर्व पिछले डेढ दशकों में बाघों की आबादी को सफलतापूर्वक बढ़ाने के बाद अब अपने वन क्षेत्र में जैवविविधता को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इस दिशा में रिजर्व ने आने वाले दिनों में स्लॉथ बीयर (रीछ, भालू की प्रजाति) को वन क्षेत्र में शामिल करने क निर्णय लिया है। रिजर्व के अधिकारियों ने बताया कि अगले कुछ दिनों में सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान, जालोर जिले के सुंधा माता वन क्षेत्र से लाए गए दो जोड़े रीछों का नया घर होगा।

### भूमि आवंटन मामले में पूर्व आइएएस गिरफ्तार

भुज। गुजरात पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने पूर्व आईएएस अधिकारी प्रदीप शर्मा को कच्छ जिले के जिलाधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान 2004-05 में कम मूल्य पर भूमि आवंटित करके सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक वीके नेई ने कहा कि 1984 बैच के आईएएस अधिकारी शर्मा और दो अन्य के खिलाफ शनिवार को कच्छ जिले के भुज में सीआईडी सीमा क्षेत्र पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि शर्मा को गांधीनगर से हिरासत में लिया गया और रविवार की सुबह गिरफ्तार किया गया।

### स्विस राजदूत को भारत ने किया तलब

नयी दिल्ली। भारत ने रविवार को स्विस राजदूत को तलब किया और जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र इमारत के सामने दुर्भावनापूर्ण भारत विरोधी पोस्टर के मुद्दे पर विरोध दर्ज कराया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। स्विस राजदूत ने विदेश मंत्रालय (एमईए) से कहा कि वह भारत की चिंताओं के बारे में स्विट्जरलैंड को पूरी गंभीरता से अवगत कराएंगे।

### दिल्ली विधानसभा सत्र 17 मार्च से

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 17 मार्च को शुरू होगा, जो 23 मार्च तक चलेगा। दिल्ली का बजट 21 मार्च को पेश किया जाएगा। शराब नीति मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद मंत्री कैलाश गहलोत सदन में बजट पेश करेंगे। 2015 के बाद यह पहली बार है जब पूर्व डिप्टी सीएम सिसोदिया बजट पेश नहीं करेंगे।

### राजौरी में छह हथगोले और गोलियां बरामद

जम्मू। कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार को एक सड़क के निर्माण के दौरान छह हथगोले और मशीन गन की 127 गोलियां बरामद की गईं। पुलिस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हथगोले और गोलियां मंजाकोट तहसील के दूरस्थ नीली गांव में एक सड़क के निर्माण में लगे मजदूरों को जमीन में गड़े हुए मिले। एसडीपीओ जफर राथर ने बताया कि जमीन में गड़े पाए गए हथगोले और कारतूसों में जंग लगे हुए हैं, जो दर्शाता है कि इन्हें बहुत पहले ही वहां गाड़ा गया था।


### ओडिशा में खुलेगा स्वास्थ्य विश्वविद्यालय

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक की 107वीं जयंती के अवसर पर राज्य में एक स्वास्थ्य विश्वविद्यालय स्थापित करने की रविवार को घोषणा की। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की एक अधिसूचना में कहा गया है कि सभी मेडिकल और आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं संस्थान अकादमिक सत्र 2023-24 से स्वास्थ्य आयुर्विज्ञान विवि से संबद्ध माने जाएंगे। दो बार मुख्यमंत्री रहे बीजू पटनायक की जयंती पर यह घोषणा की गई। पटनायक का 1997 में निधन हो जाने के बाद उनके बेटे नवीन पटनायक ने बीजू जनता दल का गठन किया था।

# काशी विश्वनाथ में मिलेगा मोटे अनाज से बना लड्डू श्री अन्न प्रसादम

एजेंसी

- योगी सरकार की पहल पर काशी विश्वनाथ धाम में अब मोटे अनाज का भोग लगा हुआ लड्डू प्रसाद की बिक्री हुआ शुरू
- बाजरा, गुड़, तिल, काजू, बादाम, शुद्ध घी और खोया बन रहा प्रसाद



लखनऊ। मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लक्ष्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें श्री अन्नका नाम दिए जाने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थित काशी विश्वनाथ धाम में मोटे अनाज से बने लड्डुओं का प्रसाद श्री अन्न प्रसादम बेचने का फैसला लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि काशी से निकली बात पूरी दुनिया में पहुंचती है और श्री काशी विश्वनाथ धाम के संदेश को दुनिया भर के सनातनी मानते हैं। इसलिए, योगी आदित्यनाथ नीत सरकार की पहल पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में अब मोटे अनाज का भोग लगा हुआ लड्डू प्रसादम के रूप में बिकने लगा है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र 2023 को मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा कर चुका है। मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का आदि तमाम आवश्यक पोषक तत्वों से युक्त होते हैं और सेहत के लिए बहुत लाभकारी हैं। वाराणसी के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया, ह्यह्यस्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम मोटे अनाज के लड्डू, श्री अन्न प्रसादम बनवाए जा रहे हैं। प्रसाद की बिक्री शुरू हो गयी है। स्व-रोजगार उपायुक्त दिलीप सोनकर ने बताया कि श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के लिए प्रसाद का लड्डू पहले भी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं ही बनाती थीं। उन्हीं को श्री अन्न प्रसादम बनाने का काम सौपा गया है। श्री अन्न प्रसादम बना रही स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सुनीता जायसवाल ने बताया कि बाजरा, गुड़, तिल, काजू, बादाम, शुद्ध घी और दूध के खोया से प्रसाद का लड्डू तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फिलहाल 100 व 200 ग्राम के लड्डू के पैकेट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

# पहली बार विक्रांत पर नौसेना के कमांडरों का सम्मेलन आज

## भारत की समुद्री सुरक्षा चुनौतियों की समीक्षा करेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी

**सम्मेलन में तीनों सेना के प्रमुख हिस्सा लेंगे**



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडर सोमवार को स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर आयोजित एक प्रमुख सम्मेलन में भारत की समुद्री सुरक्षा चुनौतियों की व्यापक समीक्षा करेंगे।

पहली बार कमांडरों का यह द्विवार्षिक सम्मेलन एक विमानवाहक पोत पर हो रहा है। इसे हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती उपस्थिति के बीच समुद्री क्षेत्र में भारत की प्राथमिकता के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में मौजूदा भू-रणनीतिक स्थिति के मद्देनजर सम्मेलन का अपना महत्व और प्रासंगिकता होगी। रक्षा मंत्री सिंह सम्मेलन के पहले चरण के तहत सोमवार को स्वदेशी विमानवाहक पोत पर नौसेना के कमांडरों को संबोधित करेंगे। सम्मेलन नौसेना कमांडरों के लिए सैन्य-रणनीतिक स्तर पर महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने के एक प्लेटफार्म और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए एक संस्थागत मंच के रूप में कार्य करता है।

नौसेना ने कहा कि इस वर्ष कमांडरों के सम्मेलन का पहला चरण समुद्र में आयोजित किया जा रहा है। यह बात इस सम्मेलन की नवीनता है। साथ ही, पहली बार यह सम्मेलन भारत के प्रथम स्वदेशी पोत आईएनएस विक्रांत पर आयोजित होना है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी भी सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

## फर्जी सूचनाएं रोकने को चीनी ऐप पर लगाया गया बैन

नयी दिल्ली। फर्जी सूचनाओं के प्रसार पर रोक के संबंध में विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि भारत में चीनी एप पर प्रतिबंध लगाया गया। विदेश सचिव ने कहा कि एक बड़ी कार्रवाई के तहत भारत सरकार ने इस साल फरवरी की शुरूआत में 'तत्काल' और 'आपातकालीन' आधार पर 138 सट्टेबाजी ऐप और चीनी लिंक वाले 94 लोन ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया और ब्लॉक कर दिया। ऐसा तब किया गया जब पाया गया कि ये ऐप आईटी अधिनियम की धारा 69 के तहत आते हैं। इनके एप्लीकेशन में ऐसी सामग्री मिली जो भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा है। यह कार्रवाई पीड़ितों की शिकायत पर की गयी। पीड़ितों ने उन संस्थाओं और व्यक्तियों द्वारा चलाए जा रहे मोबाइल ऐप के माध्यम से कम मात्रा में ऋण लिया था। जांच में पता चला है कि ये ऐप चीनी नागरिकों के दिमाग की उपज हैं जिन्होंने भारतीयों को काम पर रखा और उन्हें संचालन में निदेशक बनाया। अपने ग्राहकों को भद्दे संदेश भेजे, उनकी छेड़छाड़ की गयी तस्वीरों को जारी करने की धमकी दी गयी।

# चीन ने रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत तक की वृद्धि की

**लगातार आठवीं बढ़ाया बजट 1,550 अरब यूआन किया**

बीजिंग। चीन ने रविवार को अपना रक्षा बजट 7.2 प्रतिशत तक बढ़ाकर 1,550 अरब युआन तक कर दिया जो पिछले साल से अधिक है। यह उसके सैन्य बजट में लगातार आठवीं वृद्धि है। चीन ने पिछले साल 7.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,450 अरब युआन का बजट पेश किया था। इस साल रक्षा खर्च बढ़कर 1,550 अरब युआन हो गया है। हालांकि, युआन के मुकाबले डॉलर की मजबूती को देखते हुए इस साल चीन का रक्षा खर्च करीब 224 अरब डॉलर हो गया है जो पिछले साल के 230 अरब डॉलर के मुकाबले कम है। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के उद्घाटन सत्र में पेश की कार्य रिपोर्ट में निवर्तमान प्रधानमंत्री ली केकियांग ने सशस्त्र बलों से लड़ाकू तैयारियां बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चीन के सशस्त्र बलों को सैन्य अभियान के लिए काम करना चाहिए, लड़ाकू तैयारियां और सैन्य क्षमताएं बढ़ानी चाहिए ताकि सीपीसी (चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी) द्वारा उन्हें सौंपा काम पूरा हो। ली ने कहा कि सशस्त्र बलों को सैन्य प्रशिक्षण तेज करना चाहिए, नया सैन्य सामरिक मार्गदर्शन बनाना चाहिए तथा सभी दिशाओं में सैन्य काम को मजबूत करने के अच्छी तरह से समन्वित प्रयास करने चाहिए। अपने रक्षा बजट पर सबसे अधिक खर्च करने वाले देशों में अमेरिका के बाद चीन का नाम आता है। अमेरिका ने 2023 के लिए 816 अरब डॉलर का रक्षा बजट पेश किया है। भारत के लिहाज से चीन का रक्षा बजट तीन गुना अधिक है। भारत ने 2023-24 के लिए 72.6 अरब डॉलर का बजट पेश किया है।बढ़ते रक्षा बजट और 20 लाख सैनिकों वाली पीपुल्स लिबरेशन आर्मी दुनिया की सबसे बड़ी सेना है और वह अपनी सेना, नौसेना तथा वायु सेना के आधुनिकीकरण पर सबसे अधिक खर्च करने के साथ तेजी से शक्तिशाली बन रही है। चीनी सेना का नेतृत्व राष्ट्रपति शी चिनफिंग करते हैं जो शक्तिशाली केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष हैं। उनके नेतृत्व में चीनी सेना ने अगले कुछ वर्षों में अमेरिकी सशस्त्र बलों के बराबर आधुनिक होने का लक्ष्य तय किया है।

## उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों की सूचना देने वाले को ढाई लाख इनाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रयागराज में 2005 के बसपा विधायक हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या में शामिल पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे असद सहित पांच लोगों के बारे में जानकारी देने वाले को रविवार को ढाई लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां बताया कि गत 24 फरवरी को प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या की घटना में शामिल पांच लोगों की गिरफ्तारी या सूचना देने पर ढाई लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि अरमान, पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे असद, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम और साबिर के लिए यह इनाम घोषित किया गया है। बसपा के विधायक राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल की कुछ दिन पहले प्रयागराज में आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पाल की पत्नी जया पाल की शिकायत के आधार पर धूमनगंज थाने में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, दो बेटों, सहयोगी गुड्डू और गुलाम व नौ अन्य पर मामला दर्ज किया गया है।

# जीवंत लोकतंत्र का मूलभूत आधार है न्यायपालिका : जस्टिस कोहली

**लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने को सेफ्टी वाल्व की तरह काम करता है**



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने कहा है कि न्यायपालिका को संविधान की व्याख्या करने देना चाहिए और इसकी स्वतंत्रता महज एक कानूनी सिद्धांत नहीं, बल्कि एक जीवंत लोकतंत्र का मूलभूत आधार है। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि यह जरूरी है कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूती देने के लिए समानांतर स्तर पर और एक-दूसरे से दूरी रखते हुए काम करें, साथ मिलकर नहीं। उन्होंने कहा कि यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता को संरक्षित करेगा और इसकी स्वायत्तता और निष्पक्षता की रक्षा करेगा। संवैधानिक संवाद में न्यायपालिका की भूमिका स्वीकार करना भी उतना ही आवश्यक है क्योंकि यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए सेफ्टी वाल्व की तरह काम करता है। वह शनिवार को कोलकाता में भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स और इंडियन काउंसिल ऑफ आर्बिट्रेशन के सहयोग से फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में स्वतंत्र न्यायपालिकाः एक जीवंत लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण विषय पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता सिर्फ एक कानूनी सिद्धांत नहीं है, बल्कि एक जीवंत लोकतंत्र का एक बुनियादी स्तंभ है। भारतीय न्यायपालिका ने अपनी स्वतंत्रता और अखंडता को बनाए रखने और अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करने में उल्लेखनीय लचीलापन और दृढ़ संकल्प प्रदर्शित किया है।शीर्ष अदालत की न्यायाधीश ने न्यायिक स्वतंत्रता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और कहा कि न्यायपालिका, कानून के शासन को बनाए रखकर और यह सुनिश्चित करके लोकतांत्रिक संस्थानों की स्थिरता और प्रभावकारिता को बढ़ावा देता है कि सरकार अपने दायरे में काम करे। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को संविधान की व्याख्या करने और पूरी तरह से संविधान और कानूनों के आधार पर निर्णय लेने देना चाहिए। यह व्याख्या ही संविधान के लिए एक जीवंत दस्तावेज बने रहने की गारंटी देता है, जो समय के साथ विकसित होता रहता है, जबकि इसकी जड़ें मौलिक मूल्यों और सिद्धांतों में समाई हुई हैं।

# भारत में पठान सबसे अधिक कमाई वाली फिल्म




मुंबई। अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान भारत में सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने यह जानकारी दी। वाईआरएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि फिल्म भारत में 529 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है।

इसमें से 511.70 करोड़ रुपये फिल्म ने हिंदी में कमाए हैं जबकि दूसरी भारतीय भाषाओं में वह18.26 करोड़ रुपये कमा चुकी है। दुनियाभर में इस फिल्म की कमाई 1,028 करोड़ रुपये रही है। इनमें से उसने 641.50 करोड़ रुपये भारत जबकि 386.50 करोड़ रुपये दूसरे देशों में कमाए हैं। यह फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म ने रिलीज होने के बाद छठे शुक्रवार को भारत में 1.07 करोड़ रुपये कमाई की। इसमें से उसने 1.05 करोड़ रुपये हिंदी जबकि 0.02 करोड़ रुपये दूसरी भाषाओं में कमाए हैं। आनंद ने एक बयान में कहा कि दर्शकों ने पठान फिल्म के प्रति जो प्यार दिखाया है वह ऐतिहासिक है और यह बॉक्स ऑफिस परिणाम में झलकता है।

## मुख्तार अंसारी के सहयोगी की घर पर चला बुलडोजर

गाजीपुर। बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के एक सहयोगी कमलेश सिंह की स्वीकृत मानचित्र से हटकर गोंडा देहाती में बनाई गयी एक इमारत को पुलिस व प्रशासन ने रविवार को बुलडोजर की मदद से गिरा दिया। जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एडीएम अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कमलेश सिंह ने गोंडा देहाती में नक्शा पास कराए बिना मकान बना लिया था। सक्षम प्राधिकारी ने उसे गिराने का आदेश दिया था, जिसकी अपील डीएम के यहां की गई थी। एडीएम ने बताया कि डीएम ने अपील खारिज कर दी, जिसके बाद रविवार को प्रशासन ने मकान गिरा दिया। सिंह ने बताया कि कमलेश सिंह मुख्तार गिरोह का सक्रिय सदस्य रहा है।

## वाणिज्य की खबरें

### मोटे अनाजों के प्रोत्साहन के लिए एसएफएसी ने शुरू किया अभियान

नयी दिल्ली। सरकार-समर्थित लघु कृषक कृषि व्यवसाय गठजोड़ (एसएफएसी) ने मोटे अनाजों की सीधे कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से खरीद को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक विशेष अभियान शुरू किया। एसएफएसी की प्रबंध निदेशक मनिंदर कौर द्विवेदी ने कहा कि ओपन मार्केट डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के माई स्टोर के जरिये मोटे अनाजों की बिक्री करने वाले एफपीओ से सीधे खरीदारी करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मकसद आम लोगों को मोटा अनाज सीधे एफपीओ से खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस तरह खरीदारों को शुद्ध एवं असली अनाज मिलता है जबकि छोटे एवं सीमांत किसानों की आजीविका में मदद मिलती है। भारत सरकार की पहल पर वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है। इस दौरान मोटे अनाजों को प्रोत्साहन देने के लिए कई कार्यक्रम चलाने की भी घोषणा की गई है।

### अरहल दाल पर से सीमा शुल्क खत्म

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने साबुत अरहर (तुअर) दाल पर लगे 10 प्रतिशत सीमा शुल्क को हटा दिया है। सरकार ने यह कदम अरहर दाल की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने के लिए उठाया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने तीन मार्च की एक अधिसूचना में कहा है कि तुअर (साबुत) दाल पर अब कोई सीमा शुल्क नहीं लगेगा। यह आदेश चार मार्च से प्रभावी हो गया है। हालांकि साबुत तुअर दाल से इतर अन्य तुअर उत्पादों के आयात पर 10 प्रतिशत की दर से सीमा शुल्क लगता रहेगा। देशभर में तुअर दाल के कम उत्पादन की आशंका के बीच साबुत तुअर दाल पर से सीमा शुल्क हटाने का फैसला किया गया है। तुअर की दाल खरीफ की फसल है। कृषि मंत्रालय के शुरूआती अनुमानों के मुताबिक, तुअर दाल का उत्पादन जुलाई 2022-जून 2023 सत्र में गिरकर 38.9 लाख टन रह सकता है जबकि पिछले सत्र में यह 43.4 लाख टन रहा था।

### डीबीटी से 27 अरब डॉलर की बचत



हैदराबाद। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में लाभार्थियों तक प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) का इस्तेमाल कर भारत ने लगभग 27 अरब डॉलर की बचत की है। सेठ ने वित्तीय समावेशन के लिए वैश्विक साझेदारी की यहां आयोजित दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लाभार्थियों के खातों में सीधे रकम भेजने का काम डीबीटी के जरिये जल्दी होता है और इससे भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगती है। इस तरह बड़ी राशि बचाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि डीबीटी हस्तांतरण के सीधे और बहुत जल्दी होने से इनमें भ्रष्टाचार होने या फर्जी लाभार्थी होने की आशंका बहुत कम हो जाती है। हमारा अनुभव कहता है कि डीबीटी ने केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में ही 27 अरब डॉलर से अधिक की बचत की है। सेठ ने कहा कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक ढांचा (डीपीआई) स्वाभाविक रूप से मापन-योग्य, परस्पर-संबद्ध, नवाचार के अनुकूल और समावेशी है। इस तरह इसने हर तरह के कारोबारी संपर्कों का खाका पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में डीपीआई से लैस डीबीटी लाखों लोगों को राहत प्रदान करने में एक वरदान के रूप में सामने आया है। सरकार डीपीआई के माध्यम से टीकाकरण और सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर लाखों लोगों की मदद कर सकी।

### अमेरिकन विमान में पेशाब करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

नयी दिल्ली। न्यूयॉर्क से नई दिल्ली आ रहे अमेरिकन एअरलाइंस के विमान में नशे की हालत में एक भारतीय छात्र ने नींद में कपड़ों में ही पेशाब कर दिया जिससे एक पुरुष सह-यात्री भी गीला हो गया। दिल्ली पुलिस ने एअरलाइन से शिकायत मिलने के बाद एक मामला दर्ज किया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एअरलाइन ने इस घटना के बारे में डीजीसीए को एक रिपोर्ट सौंपी है। ऐसा प्रतीत होता है कि एअरलाइन पेशेवर तरीके से इस स्थिति से निपटी और उसने सभी उचित कदम उठाए हैं। यह घटना उड़ान संख्या एए292 में हुई, जिसने शुक्रवार को रात नौ बजकर 16 मिनट पर न्यूयॉर्क से उड़ान भरी थी और शनिवार रात नौ बजकर 50 मिनट पर यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। अमेरिकन एअरलाइंस ने रविवार को कहा कि एक यात्री के दुर्व्यवहार के कारण विमान के दिल्ली पहुंचने पर कानून प्रवर्तन अधिकारी से सम्पर्क करना पड़ा। दिल्ली हवाई अड्डे के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने रविवार को कहा कि अमेरिकन एअरलाइंस से अमेरिका में पढ़ाई कर रहे एक छात्र के खिलाफ सह-यात्री पर पेशाब करने की शिकायत मिली है।

